सुप्रभात
रांची, रविवार
20.08.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 40



06 41 साल में बना हमारा तिरंगा

SURJABASHA

न्यूज डायरी

### सीआरपीएफ जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

**लोहरदगा।** केकरांग पिकेट में तैनात सीआरपीएफ-158 बटालियन के जवान जगदीश प्रसाद मीणा (38) ने अपनी सर्विस इंसास राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वे मूल रूप से राजस्थान के टोंक के निवासी थे।

### टाटानगर-वाराणसी के बीच वंदे भारत ट्रेन शीघ्र

**चक्रधरपुर।** टाटा से वाराणसी के लिए जल्द ही वंदे भारत ट्रेन चलेगी। इसको लेकर दक्षिण पूर्व रेलवे जोन सर्वे भी करा रहा है। चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम ने सोशल साइट पर यह जानकारी दी है। उन्होंने लिखा कि जमशेदपुर और रांची से बनारस के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन की योजना है।

### महेंद्र सिंह धोनी पहुंचे खूंटी, लोगों ने ली सेल्फी

**तोरपा/रनिया।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी शनिवार को खूंटी में घूमते दिखे। वे तोरपा से तपकरा होते रनिया पहुंचे। काले रंग की रेंज रोवर कार में सवार धोनी रनिया चौक में कुछ देर के लिए रुके और लोगों संग सेल्फी ली।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 70,000 रु./प्रति किलो |

## भाजपा नेता सूर्या हांसदा और गवाहों समेत चार को इडी का समन

# 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में जल्द होगी पूछताछ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में इडी के गवाह को प्रभावित करने में भाजपा नेता सूर्या हांसदा की भूमिका संदिग्ध पायी गयी है। इडी ने भाजपा नेता सूर्या हांसदा, अपने ही गवाह विजय हांसदा सहित विष्णु यादव और पवितर यादव को समन जारी कर तलब किया है। सोमवार से लेकर शनिवार तक चारों से पूछताछ होने की संभावना है। साहिबगंज के नींबू पहाड़ी में हुए अवैध खनन मामले में एक तरफ जहां सीबीआई की इंट्री हो चुकी है, वहीं दूसरी तरफ मामले में इडी की जांच भी पूरी रफ्तार में है।

**गवाह पर मुकरने का दवाब डाला था**

जानकारी के मुताबिक इडी को सूचना मिली है कि भाजपा नेता सूर्या केस को प्रभावित कर रहा है। सूर्या हांसदा ने ही केस के अहम गवाह विजय हांसदा को मुकरने के लिए प्रभावित किया था।

(शेष पेज 11 पर)

### केस प्रभावित करने में भाजपा नेता की भूमिका

इडी के पक्ष में गवाही देने के लिए विजय हांसदा ने एक दूसरे गवाह मुंगेरी यादव से भी 90 लाख रुपये की डिमांड की थी। इससे जुड़े डिजिटल साक्ष्य भी इडी को मिले हैं। ऐसे में इडी कोर्ट के समन पर उपस्थित नहीं होने की वजह से विजय हांसदा की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं इस मामले में संदेह के घेरे में विष्णु यादव और पवितर यादव भी हैं। दोनों के यहां जुलाई 2022 में इडी ने छापेमारी की थी। दोनों पर पूर्व में नींबू पहाड़ी में अवैध खनन करने का आरोप भी विजय हांसदा ने ही लगाया था। सूर्या के साथ साथ इडी ने अवैध खनन के केस में गवाह रहे विजय हांसदा, अवैध खनन के केस में पंकज मिश्रा के सहयोगी के तौर पर चिह्नित विष्णु यादव और पवितर यादव को भी समन किया है।

## महाराष्ट्र के पहले उद्योग रत्न पुरस्कार से रतन टाटा को किया गया सम्मानित

एजेंसी



**मुंबई।** प्रख्यात उद्योगपति रतन टाटा को महाराष्ट्र के पहले उद्योग रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शनिवार को ये प्रतिष्ठित पुरस्कार सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार ने प्रदान किया। इस अवसर पर शिंदे ने कहा कि टाटा समूह का मतलब भरोसा है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में टाटा के अहम योगदान पर प्रकाश डाला गया।

रतन टाटा के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कोलाबा स्थित उनके आवास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां उन्हें उद्योग रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह असाधारण सम्मान महाराष्ट्र सरकार द्वारा शुरू सम्मानित पुरस्कारों की श्रृंखला में नया जोड़ा गया है। उद्योग रत्न पुरस्कार की शुरुआत के साथ, राज्य सरकार उन असाधारण व्यक्तियों और समूहों की सराहना करना चाहती है, जिनके अमिट योगदान ने विभिन्न क्षेत्रों पर स्थायी प्रभाव छोड़ा है। ये क्षेत्र व्यवसाय, उद्योग, शिक्षा, रियल एस्टेट, पर्यटन, वित्तीय सेवाएं, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि, बैंकिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, भोजन, स्वास्थ्य सेवा और बहुत कुछ के दायरे में फैले हुए हैं। उद्योगपति रतन टाटा को पुरस्कार देने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि उद्योग रत्न पुरस्कार महाराष्ट्र सरकार द्वारा पहली बार शुरू किया गया। पहला पुरस्कार हमें रतन टाटा जी को देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। रतन टाटा और टाटा ग्रुप का देश के लिए योगदान बहुत बड़ा है। महाराष्ट्र सरकार द्वारा दिये गये इस पुरस्कार को स्वीकार करने के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि टाटा समूह का मतलब भरोसा है। (शेष पेज 11 पर)

### रांची में 28 तक होगी रुक-रुक कर वर्षा

## संथाल में भारी बारिश, वज्रपात की आशंका, येलो अलर्ट जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मानसून सक्रिय होने के बाद कई दिनों से पूरे राज्य में रुक-रुक कर अच्छी बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार रांची में अभी ऐसे ही रुक-रुककर 28 तक बारिश होती रहेगी। 22 को राज्य के उत्तर-पूर्वी हिस्से (गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम) में कहीं-कहीं भारी बारिश का अनुमान है। इस दौरान गर्जन और वज्रपात की भी आशंका है। वहीं संताल परगना के पांच जिलों में मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र ने इसे ले कर येलो अलर्ट जारी किया है। खूंटी जिले में तीन दिनों से लगातार रात में झमाझम बारिश होने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। (शेष पेज 11 पर)

## रांची में दिनदहाड़े दो लाख की लूट

>> घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद अपराधियों की खोज में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची में दिनदहाड़े एक बार फिर अपराधियों ने शनिवार को लूट की घटना को अंजाम दिया है। बाइक पर सवार दो अपराधियों ने मोटरसाइकिल से जा रहे एक युवक से दो लाख रुपये लूट लिये। लूट की यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के लाइन टैंक के पास हुई। बाइक सवार दो अपराधियों ने यूनिफॉर्म हाउस के एक कर्मचारी से पैसों से भरा बैग छीन लिया। रुपयों से भरा बैग लूट कर अपराधी फरार हो गये। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है।

**ऐसे दिया घटना को अंजाम :** पंचवटी प्लाजा स्थित यूनिफॉर्म हाउस का कर्मचारी अरुण कुमार शनिवार की दोपहर बैंक से दो लाख रुपये निकाल कर फिरायालाल चौक के पीछे स्थित लाइन टैंक तालाब रोड से वापस यूनिफॉर्म हाउस लौट रहा था। जैसे ही अरुण तालाब के पास पहुंचे उनके पीछे से दो बाइक सवार अपराधी हेलेमट पहने पहुंचे और पैसों से भरा बैग छीन कर तेजी के साथ फरार हो गये। अपराधियों ने चलती बाइक से रुपयों का थैला छीना। अरुण कुमार बीच सड़क पर गिर पड़े। सीसीटीवी फुटेज में यह दिख रहा है कि किस तरह दोनों बाइक सवार अपराधियों ने दुस्साहस दिखाया है। कोतवाली थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद ने कहा कि हमें सीसीटीवी फुटेज मिला है। गाड़ी का नंबर परिवहन विभाग से पता करवा रहे हैं, उसी के आधार पर कार्रवाई होगी। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है।

## लद्दाख में सेना का वाहन खाई में गिरा, नौ शहीद

एजेंसी

**लेह।** लद्दाख के लेह जिले में शनिवार को सेना का एक वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में एक जेसीओ समेत नौ जवानों की मौत हो गयी। कई अन्य घायल हैं। पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ ने हादसे पर गहारा शोक जताया है।

यह दुर्घटना शनिवार शाम दक्षिणी लद्दाख के न्योमा के केरे में हुई। उस वक्त सेना का वाहन कारू गैरीसन से लेह के पास क्यारी की ओर जा रहा था। घटनास्थल पर बचाव अभियान चल रहा है। घटना की लद्दाख के रक्षा अधिकारी ने पुष्टि की है। सैन्य अधिकारियों के अनुसार हादसे में आठ जवान और एक जेसीओ की मौत हो गयी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय सेना के दस्ते में तीन वाहन शामिल थे। (शेष पेज 11 पर)



# झारखंड सचिवालय के 25 सेवानिवृत्त अधिकारी बैक डेट से किये गये प्रोन्नत

**दिसंबर 2020 में प्रोन्नति पर लगी रोक से अधिकारी हो गये थे प्रमोशन से वंचित**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने सेवानिवृत्ति के बाद भी दो दर्जन से अधिक अधिकारियों को उच्चतर पदों पर प्रोन्नति दी है। झारखंड सचिवालय सेवा से सेवानिवृत्त अवर सचिव स्तर के अधिकारियों को उप सचिव और उप सचिव पद से रिटायर अधिकारियों को संयुक्त सचिव में प्रमोशन दिया गया है।

बताते चलें कि सरकार ने 24 दिसंबर 2020 की तिथ से प्रोन्नति पर रोक लगायी थी। इस दौरान कई योग्य अधिकारी सेवानिवृत्त हो गये थे। इसके बाद सरकार ने जब प्रमोशन पर रोक हटायी तो यह निर्णय हुआ कि 24 दिसंबर 20 से लेकर दिनांक 10 अप्रैल 23 के मध्य झारखंड सचिवालय सेवा सहित अन्य कैडरों से सेवानिवृत्त वैसे पदाधिकारी जो प्रोन्नति के योग्य हैं, उन्हें प्रोन्नति दी जायेगी और बकाया का भुगतान किया जायेगा। इसी आलोक में 17 जुलाई 2023 को सदस्य राजस्व पर्षद की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक हुई, जिसमें सेवानिवृत्त अधिकारियों को भूतलक्षी प्रभाव से प्रमोशन देने का निर्णय हुआ। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### सेवानिवृत्त अधिकारी बने संयुक्त सचिव

संजय कुमार सिन्हा- आइटी विभाग, विपिन कुमार झा- मंत्रिमंडल सचिवालय, हरेंद्र कुमार पांडेय- परिवहन, नवनीत किशोर चंद्र- स्कूली शिक्षा, शंभुनाथ मिश्र- ग्रामीण विकास, संतोष कुमार- महाधिवक्ता कार्यालय, बुद्धु उरांव- गृह विभाग, राजीव कुमार- आइपीआरडी, अमित कुमार सिंह- श्रम नियोजन के अलावा बिदेंश्वर उरांव, सुदर्शन प्रसाद पांडेय, चंदन कुमार को भी प्रोन्नति दी गयी है।

### 12 सेवानिवृत अधिकारी बने उप सचिव

सेवानिवृति के बाद चांद्र हेम्ब्रम, कृषि विभाग, अशोक कुमार, ए.नंदन, कृषि विभाग, प्रदीप कुमार दास, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, अंजनी कुमार, राजस्व, निबंधन, मधुकांत त्रिपाठी, अवधेश कुमार जायसवाल, बृजलाला प्रसाद को अवर सचिव से उप सचिव के पद पर प्रोन्नति दी गयी है।

**गोड्डा विधानसभा क्षेत्र के पथरगामा में विशाल जनसभा आयोजित**

# बाबूलाल मरांडी ने कहा- राज्य की निकम्मी और भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शनिवार को संकल्प यात्रा के तीसरे दिन पथरगामा पहुंचे। गोड्डा विधानसभा क्षेत्र की संकल्प सभा को संबोधित करते हुए मरांडी ने फिर एकबार झारखंड सरकार पर हमला बोला। उन्होंने मुख्यमंत्री को कठघरे में खड़ा किया और कहा कि मोरहाबादी मैदान में सभा आयोजित कर बताना चाहिए कि जालसाजी करके, नाम बदलकर गरीब आदिवासी की जमीन हड़पने वाले कौन लोग हैं? बाबूलाल ने कहा कि गरीबों आदिवासियों की जमीन कैसे बचेगी जब रखवाला ही लूटने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि अब इन्हें दंडित करने का समय आ चुका है। उन्होंने कहा कि ये तो कुछ नमूना है पता नहीं ईडी, सीबीआई जांच में और कितने नाम उजागर होंगे। मरांडी ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री बेदाग हैं तो ईडी की पूछताछ से क्यों भाग रहे हैं। उन्हें तो डटकर मुकाबला करना चाहिए। मरांडी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि राज्य की भ्रष्ट निकम्मी राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें। वर्ष 2024 में तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना हैऔर राज्य में भी भाजपा के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनानी है।

श्री मरांडी ने जनता से भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ खड़ा होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और परिवारवाद ने विकास को रोक रखा है। परिवारवादी पार्टियां अपने परिवार के खजाने को भरने के लिए सत्ता में आती हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस, राजद तीनों परिवारवादी पार्टियां झारखंड को लूट रही हैं। उन्होंने कहा कि ये जबतक सत्ता में रहेंगे राज्य का विकास नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में बालू घाट आम जनता के लिए खोल दिए गए थे लेकिन आज गठबंधन सरकार अवैध तरीके से बड़े बड़े ट्रक में भरकर बालू को बिहार और अन्य प्रदेशों में भेजा जा रहा है।

श्री मरांडी ने कहा कि आज राज्य में अपराधी बेलगाम हैं। रोज हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा जिस दिन सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग पैसा लेना बंद कर देंगे किसी पदाधिकारी में हिम्मत नहीं जो जनता से काम के बदले पैसे मांगे। मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र बरहेट में आदिम जनजाति परिवार के बीच बांटने के लिए केंद्र से मिले चावल को दलालों ने बेच दिया, लेकिन मुख्यमंत्री ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाएं सड़क, पीएम आवास, नल जल योजना का कार्य ठप है। जनसभा में सांसद निशिकांत दुबे, विधायक अनंत ओझा, अमित मंडल, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय जिलाध्यक्ष राजीव मेहता सहित हजारों जनता उपस्थित थी।

# झारखंड में स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल बनेगी

**स्वास्थ्य सेवा से जुड़े संस्थानों पर होगा काउंसिल का नियंत्रण**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में जल्द ही स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल का गठन किया जाएगा। इस काउंसिल का राज्य में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र से जुड़े संस्थानों पर इसका नियंत्रण होगा। स्वास्थ्य संस्थानों के मैनेजमेंट और वहां शिक्षा की गुणवत्ता के सुधारने के उद्देश्य से नेशनल कमीशन फॉर एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशंस एक्ट का गठन 2021 में किया गया था। इसी एक्ट के तहत झारखंड में भी स्टेट काउंसिल का गठन किया जा रहा है। इस काउंसिल में एक अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति होगी, जिनका कार्यकाल दो साल का होगा।

### प्रोफेशनल्स की भी की जायेगी नियुक्ति

स्वास्थ्य विभाग ने काउंसिल में अध्यक्ष और सदस्य पद के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन मांगा है। अध्यक्ष पद के लिए मेडिकल के क्षेत्र में 25 साल के अनुभव, पीजी डिग्रीधारी और 10 साल के लीडरशिप के अनुभव वाले व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं। वहीं पदेन सदस्य पद के लिए सरकार में डायरेक्टर या एडिशनल डायरेक्टर पद पर रहकर हेल्थ साइंस में राज्य को रिप्रजेंट करने वाले व्यक्तियों से आवेदन मांगे गये हैं। हेल्थ सेक्टर के किसी डिपार्टमेंट में डीन या हेड ऑफ डिपार्टमेंट का अनुभव रखने वाले व्यक्ति सदस्य पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा विभिन्न हेल्थ सेक्टर के लिए प्रोफेशनल्स की भी नियुक्ति की जाएगी।

# झारखंड सरकार हाउसिंग बोर्ड के जर्जर आवासों को तोड़कर सभी आवंटियों को देगी नया फ्लैट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** संयुक्त बिहार में बने हाउसिंग बोर्ड के जर्जर भवन को तोड़ने के लिए हेमंत सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में बने आवासों और फ्लैटों को तोड़कर नए सिरे से बनाने का निर्णय लिया गया है। इन फ्लैटों के निर्माण कार्य पूर्ण होने तक आवंटियों को हाउसिंग बोर्ड सरकारी दर पर निर्धारित मकान किराया भी देगा, जिससे उन्हें कोई परेशानी ना हो।

हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष संजय पासवान का मानना है कि ये भवन अब रहने लायक नहीं है। ऐसे में हरवक्त दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। भविष्य में ऐसी कोई घटना ना हो इसको ध्यान में रखकर फ्लैट खाली कराए जा रहे हैं। इन जर्जर भवन को तोड़कर नये सिरे से बिल्डिंग बनाए जायेंगे। तबतक उन्हें सरकार रहने के लिए किराया भी देगी।



### करीब 5200 फ्लैट तोड़े जायेंगे

हाउसिंग बोर्ड ने पुराने एवं जर्जर हो चुके फ्लैट और बिल्डिंग को तोड़ने की दिशा में कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। रांची सहित विभिन्न जिलों में स्थित करीब 5200 फ्लैट तोड़े जाएंगे। इसके लिए इन फ्लैटों में रह रहे आवंटियों को घर खाली करने का नोटिस जारी किया गया है। जिन शहरों में हाउसिंग बोर्ड अपने जर्जर हो चुके फ्लैट को नए सिरे से बनाने की तैयारी में है उसमें रांची, जमशेदपुर, धनबाद, हजारीबाग और पलामू शामिल है।

**जुडको को बिल्डिंग बनाने की मिली जिम्मेदारी :** फ्लैट बनाने का जिम्मा जुडको को दिया गया है। जुडको इसको लेकर डीपीआर तैयार करने में जुट गई है। जल्द ही जुडको के द्वारा प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। इधर इस फ्लैट में लंबे समय से रह रहे लोगों ने भी सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है।

# 108 एंबुलेंस सेवा को मिला अवधि विस्तार

**सीएस ने सदर अस्पताल से 13 एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की लाइफ लाइन सेवा 108 एंबुलेंस का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों किया गया था। राज्य भर में 206 नयी व पूर्व की 337 एंबुलेंस के संचालन की जिम्मेवारी सिकंदराबाद की कंपनी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के हाथों में है। रांची जिले को कुल 30 एंबुलेंस का आवंटन किया गया है। इनमें से करीब 22 एंबुलेंस जिले को सौंप दी गयी है। बची हुई एंबुलेंस भी जल्द सौंप दी जायेंगी। वहीं प्रथम चरण में 13 एंबुलेंस को रांची सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने हरी झंडी दिखाकर प्रखंडों के लिए रवाना किया।

### मरीजों के लिए वरदान साबित होगी 108 एंबुलेंस सेवा

मौके पर सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि यह सभी एंबुलेंस रांची जिले के मरीजों के लिए वरदान साबित होगी। समाज का एक बड़ा तबका आर्थिक रूप से कमजोर है। प्राइवेट एंबुलेंस का किराया चुका पाने में सक्षम नहीं है। राज्य सरकार द्वारा संचालित इन एंबुलेंस से मरीज अस्पताल तक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि एडवांस लाइफ सपोर्ट युक्त एक एंबुलेंस सदर अस्पताल परिसर में भी रहेगी, जो शहरी क्षेत्र के मरीजों को अस्पताल लाने का काम करेगी।

# झारखंड में माओवादियों का जल्द होगा खात्मा : सीआरपीएफ डीजी

**नक्सल अभियान का जायजा लेने पहुंचे चाईबासा जवानों का बढ़ाया हौसला**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नक्सल अभियान का जायजा लेने सीआरपीएफ डीजी डॉ सुजय लाल थाउसेन ने चाईबासा में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रहे केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स व स्थानीय पुलिस अधिकारियों से कहा कि नक्सलियों का जल्द खात्मा होगा। इसके बाद डीजी ने अधिकारियों के साथ चाईबासा स्थित सुदूर एफओबी गये, जहां उन्होंने जवानों और अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सीआरपीएफ के एडीजी वितुल कुमार, आईजी, महेश चंद्र लड्डा, आईजी विधि कुमार बिरदी, आईजी अभियान अमोल वी होमकर, डीआईजी सतीश कुमार लिंडा, डीआईजी पूरन सिंह और एसपी आशुतोष शेखर उपस्थित थे।

सीआरपीएफ डीजी ने झारखंड में माओवादियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि झारखंड में माओवादी अपने अंतिम पड़ाव पर है और कुछ सीमित क्षेत्रों में ही गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। उनकी गतिविधियों पर शीघ्र ही अंकुश लगाया जायेगा और निर्णायक जीत हासिल की जायेगी।

### डीजीपी से की मुलाकात

डीजी सीआरपीएफ ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ झारखंड डीजीपी अजय कुमार सिंह से भी मुलाकात का राज्य में नक्सल विरोधी अभियान की रूपरेखा और वर्तमान नक्सल परिदृष्य पर चर्चा की।

## खतियानी पार्टी के नेता अमित महतो को मिली जमानत

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद पूर्व विधायक और खातियानी पार्टी के नेता अमित महतो को रांची सिविल कोर्ट से जमानत मिल गई है। शुक्रवार को दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शनिवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए अमित महतो की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायुक्त मो. शहजाद की अदालत में अमित महतो की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। उनकी ओर से अधिवक्ता सुनील महतो ने बहस की। अदालत ने उन्हें निजी मुचलके की शर्त पर बेल दी है। मालूम हो कि पूर्व विधायक अमित महतो ने 27 जून को सरेंडर किया था। इसके बाद से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। अमित के खिलाफ वर्ष 2022 में विधानसभा घेराव कार्यक्रम के बाद रांची के धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सरकारी काम में बाधा डालने और बिना अनुमति के सड़क जाम करने समेत कई आरोप लगाए गए हैं।

# हाइकोर्ट में होने वाले खर्च का फिर से हुआ निर्धारण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधि विभाग ने झारखंड उच्च न्यायालय में राज्य सरकार की ओर से दायर किए जाने वाले वाद, शपथ पत्र, प्रतिशपथ पत्र, पूरक-प्रतिशपत्र, कारण-पृच्छा इत्यादि में होने वाले व्यय का निर्धारण किया है। पिछली बार यह निर्धारण 10 जुलाई 2006 की तिथि से किया था। ऐसे में काफी लंबे समय के बाद नये सिरे से निर्धारण किया गया है। नयी दर निर्धारण संबंधी जानकारी विधि विभाग के प्रधान सचिव सह विधि परामर्शी नलिन कुमार ने पत्र लिखकर सभी विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव इत्यादि को दिया है। यह स्पष्ट किया गया कि सरकार के भी विभाग, कार्यालय निदेशालय, क्षेत्रीय कार्यालय इत्यादि झारखंड उच्च न्यायालय में व्यय होने वाले राशि की विवरणी विधि विभाग के स्टेट लिटिगेशन पॉलिसी संबंधी होने वाली हर बुधवार की बैठक में जानकारी देगें। इसमें वाद संख्या, ओथ संख्या, वादी-प्रतिवादी का नाम, व्यय राशि की पूरी जानकारी देनी होगी।

### स्वीकृत दर

डिस्टेशन शुल्क 20.00 रुपये (कंप्यूटर से एक प्रति ही निकालने के लिए अन्य प्रतियों की छायाप्रति होगी)। याचिका के लिए स्टांप संबंधित अधिनियम, नियम द्वारा निर्धारित होगा। शपथ पत्र के लिए स्टांप संबंधित अधिनियम, नियम द्वारा निर्धारित होगा। आईडेंटिफिकेशन- 50.00 रुपये। कोर्ट फीस, आई.ए इत्यादि में संबंधित अधिनियम, नियम द्वारा निर्धारित होगा। शपथ, ओथ- 40.00 रुपये। मिशलेनियस- 250.00 रुपये। फोटो स्टेट कॉफी, प्रति पृष्ठ - 2.00 रुपये निर्धरित किया गया है।

## केंद्रीय एजेंसी के माध्यम से सीएम को परेशान कर रही है बीजेपी : डॉ एम तौसीफ



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. एम तौसीफ ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा बेवजह केंद्रीय एजेंसी के माध्यम से झारखंड के मुख्यमंत्री को परेशान कर रही है। रघुवर दास की सरकार को राजनीतिक शिकस्त देकर एक आदिवासी राज्य का मुख्यमंत्री कैसे बना हुआ है और राज्य की जनता के लिए बेहतर काम कैसे कर रहा है? ये बात भाजपा पचा नहीं पा रही है। प्रदेश प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ ने कहा कि ईडी से बार बार सम्मन भेजवा कर एक आदिवासी मुख्यमंत्री को अपमानित किया जा रहा है, जिसे जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। जब से गठबंधन की सरकार बनी है उस समय से सरकार को गिराने के लिए षड्यंत्र रचा जा रहा है लेकिन भाजपा को कामयाबी नहीं मिली। भाजपा को आभास हो चुका है कि 2024 में दोबारा केंद्र एवं राज्य की सत्ता में वह वापस आने वाली नहीं है।

# सभी राजनीतिक पार्टियां आदिवासियों का अधिकार खत्म करने पर तुले : प्रेम शाही



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आदिवासी समन्वय समिति/ सर्व आदिवासी समाज के तत्वावधान में राष्ट्रीय आदिवासी सेमिनार का आयोजन शनिवार को किया गया। सेमिनार का विषय समान नागरिक संहिता, मणिपुर में आदिवासियों पर हमले एवं आदिवासी वर्ग पर बढ़ रहे अत्याचार पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा की देश में आदिवासियों का संवैधानिक अधिकार समाप्त करने के लिए सभी राजनीतिक पार्टी तुली हुई है। उन्होंने कहा कि वनाधिकार कानून को भी संशोधन किया जा रहा है,समान नागरिक संहिता लाया जा रहा है। यह आदिवासियों के लिए काला कानून है। देश के आदिवासी जब तक एक नहीं होते हैं, तब तक हम आदिवासियों के चौतरफा का हमले होता रहेगा।

इस मौके पर पूर्व मंत्री देव कुमार धान ने भी अपने विचार रखे। इस सेमिनार भुवन कोराम, विश्वनाथ वाकडे अखिल भारतीय आदिवासी धर्म परिषद के सुबोध हांसदा, रेलवाल राष्ट्रीय अध्यक्ष आदिवासी एकता परिषद राय मनी उड़ाओ सविता साइन सर्व आदिवासी समाज रमेश चंद्रश्याम छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गोंड महासभा धन सिंह भलावी, अभय भुट कुंवर, सिदाम सिंह मुंडा,सावन सिंह मुंडा, लखी चरण सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे। सेमिनार का संचालन बीपी रावते ने किया।

**प्रतिमा स्थापित करने में पार्टी के तीन निलंबित नेताओं की भूमिका बना चर्चा का विषय**

# स्व राजीव गांधी की प्रतिमा का अनावरण आज

खबर मन्त्र संवाददाता



निलंबित तीनों नेता आलोक दुबे, राजेश गुप्ता छोटू और लाल किशोर नाथ शाहदेव।

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के तीन निलंबित नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव व राजेश गुप्ता छोटू आज भारत के पूर्व प्रधानमंत्री सह कांग्रेस नेता स्व राजीव गांधी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उनका यह कार्यक्रम पार्टी में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस राज्य में स्व गांधी की यह पहली प्रतिमा होगी, जो एचईसी स्थित वरिष्ठ नागरिक उद्यान में स्थापित की गयी है। तीनों नेताओं के इस कार्य की संगठन में खूब चर्चा हो रही है। साथ ही पार्टी के अंदर अब यह भी मांग उठनी शुरु हो गयी है कि जब सरकार गिराने के साजिशकर्ता विधायकों को माफीनामा देकर, उन्हें निलंबनमुक्त किया जा सकता है, तो फिर इन तीन नेताओं को ससम्मान क्यों नहीं वापस बुलाया जा रहा है।

कांग्रेस पार्टी अपने अजीबो-गरीब फैसलों से हमेशा विवादों में रही है। पिछले दिनों राज्य की हेमंत सरकार गिराने की साजिश रचनेवाले पार्टी के ही तीन विधायकों को निलंबित कर दिया गया था, लेकिन विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और पार्टी विधायक दल के नेता व झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम तीनों विधायकों को माफीनामा देते हुए उनके निलंबन वापसी की घोषणा कर दी। जबकि इनके इस कृत्य को लेकर राजेश ठाकुर ने अपने ही दल के विधायक द्वारा जीरो एफआइआर दर्ज कर कहा था कि ये पार्टी तोड़ना चाहते हैं और सरकार गिराना चाहते हैं। आज वही राजेश ठाकुर व विधायक दल के नेता विधानसभाध्यक्ष से तीनों विधायकों का निलंबन वापस करने का आग्रह कर उनके सारे कारनामों पर खुद ही पर्दा डाल दिया।

दूसरी ओर पार्टी के तीन निलंबित नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की कार्यशैली पर सवाल उठाया था और आरोप लगाया था कि जिलाध्यक्षों के चयन में जातीय समीकरणों की अनदेखी की जा रही है। कार्य के आधार पर ही किसी को संगठन में स्थान मिले। बोर्ड व निगमों में कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ताओं को स्थान मिले। इनकी इन मांगों को पार्टी ने अनुशासनहीनता माना और तीनों नेताओं को पार्टी से निलंबित कर दिया गया। अपने निलंबन के बाद भी तीनों नेता चुप नहीं बैठे और अपने स्तर से संगठन के कार्यों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आगे बढ़ाते रहे। इसी कड़ी में स्व राजीव गांधी की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर तीनों नेता एक बार फिर से सुर्खियों मे आ गये हैं। इस प्रतिमा का अनावरण झारखंड सरकार के वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव करेंगे। इस अवसर पर पदमश्री मुकुंद नायक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

**रास सदस्य महुआ माजी ने किया उद्घाटन**

# चैंबर ऑफ कॉमर्स की वेबसाइट लॉन्च एक क्लिक पर सूचनाएं होंगी उपलब्ध

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सांसद महुआ माजी ने चैंबर भवन में शनिवार को फेड्रेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की वेबसाइट लॉन्च की। चैंबर की सूचनाएं अब नई वेबसाइट पर मिलेंगी। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि नई वेबसाइट यूजर्स की सुविधाओं को ध्यान में रखकर डिजाइन की गई है। यह नेविगेट करने में आसान और उपयोग में सहज है। वेबसाइट पर ऑनलाइन मेम्बरशीप, ऑनलाइन कंप्लेंट मैनेजमेंट, सब कमिटी कॉर्नर, हेल्पडेस्क एंड ट्रैकिंग सिस्टम, ऑनलाइन एडवर्टाइजमेंट मैनेजमेंट, ऑनलाइन डायरेक्टरी और ऑनलाइन सर्टिफिकेट डाउनलोड की व्यवस्था है।

आईटी कमेटी के चेयरमेन मनोज मिश्रा और अल्तमस आलम ने संयुक्त रूप से कहा कि चैंबर की सदस्यता लेनी हो अथवा चैंबर भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल की बुकिंग करनी हो, सभी कार्य इस वेबसाइट के माध्यम से किये जा सकते हैं। वेबसाइट पर पेज खुलते ही अपकमिंग इवेंट्स, चैंबर की गतिविधियों की जानकारी के साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की महत्वपूर्ण वेबसाइट का लिंक दिया गया है। चैंबर के सदस्य अथवा कोई भी व्यापारी व्यापार संबंधित अपनी कोई भी शिकायत या क्वेरी भी इस वेबसाइट के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं। शिकायतों के समाधान के लिए विशेष मॉनिटरिंग तकनीक भी विकसित की गई है। जिससे चैंबर के कार्यों में आसानी होगी। वेबसाइट पर चैंबर की सभी उप समितियों की सेक्टर वाइज गतिविधियों की जानकारी भी उपलब्ध हैं।

मौके पर सांसद महुआ माजी ने कहा कि व्यापार और व्यापारी को इस प्लेटफॉर्म से बहुत फायदे होंगे और हम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोगों से जुडे सकेंगे। मौके पर चैंबर चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

स्पीड न्यूज

## डॉ गौतम को द इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन फाऊंडरीमैन ने किया सम्मानित



**जमशेदपुर।** द इंस्टिट्यूट ऑफ इंडियन फाऊंडरीमैन (आई आई एफ) द्वारा कोलकाता में गुरुवार को आयोजित 74 वें नेशनल फाउंड्री दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर के निदेशक डॉ गौतम सूत्रधार को आईआईएफ एवं फाउंड्री (पूर्वी क्षेत्र) में उनके लंबे योगदान के लिए एवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। विदित है कि डॉ. सूत्रधार फाउंड्री टेक्नोलॉजी में देश के अग्रणी विशेषज्ञों में शामिल हैं एवं इन्होंने ऑक्सफोर्ड और आईवीएफ द्वारा प्रकाशित 'डिजाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग और इंटीग्रेटेड अप्रोच' नाम से पुस्तक के साथ साथ न्यू एज पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित फाउंड्री प्रोसेस डिजाइन नाम से भी एक पुस्तक लिखी है, जो फाउंड्री टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक मानक पुस्तक के रूप में जानी जाती है। डॉ सूत्रधर ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के पत्रिकाओं में 125 से अधिक तकनीकी पत्र प्रकाशित किए हैं और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 50 से अधिक तकनीकी पत्र प्रस्तुत किया है। डॉ. सूत्रधार एआईसीटी नई दिल्ली, सीएसआईआर नई दिल्ली, यूजीसी नई दिल्ली और जीएसटी नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित कई शोध परियोजनाओं का पर्यवेक्षण कर चुके हैं और कई पेशेवर निकायों के सदस्य भी हैं। वे इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ कंट्रीमैन के पूर्वी क्षेत्र के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। डॉ. सूत्रधर 1986 में आईआई टी खरगपुर से फाउंड्री टेक्नोलॉजी में विशेषज्ञ के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री हासिल हासिल की है और बिरला इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी बीआईटी मेसरा, रांची से इंजीनियरिंग में पीएचडी की है।

## जयेश कुमार ने डेंगू मरीज की जान बचाने को किया एसडीपी दान



जमशेदपुर। जमशेदपुर ब्लड बैंक में ब्लड बैंक के आवश्यकता पर आनंद मार्ग के सुनील आनंद के सुपुत्र जयेश कुमार ने अपने जीवन का दूसरा सिंगल डोनर प्लेटलेट्स एवं 12 वां रक्तदान डेंगू पीड़ित मरीज की जान बचाने के लिए किया। इस अवसर पर जयेश ने युवाओं को रक्तदान में आगे बढ़कर हिस्सा लेने की अपील भी किया। आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के प्रयास से सिंगल डोनर प्लेटलेट्स जरूरत की खबर व्हाट्सएप के माध्यम से आनंद मार्ग संस्था से जुड़े रक्त वीरों के बीच एसडीपी देने की अपील की गई थी,एसडीपी देने के पहले एसडीपी दाता को अपना पूरा चेकअप करवाना पड़ता है एवं कम से कम डेढ़ लाख से ज्यादा प्लेटलेट्स काउंट होना चाहिए।

# लोक गायिका देवी के गीतों पर झूमे लोग



बिहार की खांटी भोजपुरी लोक गायिका सुश्री देवी ने आज बोधि मंदिर मैदान, साकची में अपनी टीम के साथ प्रस्तुति दी। लोगों ने देर शाम तक इस कार्यक्रम का आनंद लिया। यह कार्यक्रम भाजपा नेता विकास सिंह के पुत्र सम्राट के जन्मदिन पर आयोजित किया गया था।

# गोपाल मैदान में 11 लाख पार्थिव महादेव का पूजोत्सव कल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मिथिला समाज के द्वारा स्थानीय बिष्टुपुर गोपाल मैदान में ग्यारह लाख पार्थिव महादेव पुजा उत्सव का आयोजन 21 अगस्त को किया जा रहा है। इस अवसर पर एक महादेव उत्सव रथ को शनिवार को गोपाल मैदान से पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी तथा सीसीआर आरक्षी उपाधीक्षक अनिमेष गुप्ता ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रवाना किया। जमशेदपुर कोल्हान प्रमंडल मिथिला समाज के ग्यारह लाख पार्थिव महादेव पुजा के संयोजक लक्ष्मण झा ने बताया कि भारत में पहली बार एक दिन में ग्यारह लाख पार्थिव महादेव का पूजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पूरे कोल्हान के मिथिला समाज के लोग जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि सवेरे 8:00 बजे से लेकर रात 8:00 बजे तक पूजन,भोग एवं भजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दूसरी ओर कुणाल षाडंगी ने बताया कि सावन के पवित्र महीने में सोमवार 21 अगस्त को मिथिला समाज द्वारा 11 लाख पार्थिव महादेव उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। ईश्वर सबको सुख संपत्ति समृद्धि स्वास्थ्य प्रदान करें। यह बड़े हर्ष की बात है इस तरह का कार्यक्रम इतने बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। पार्थिव महादेव की तैयारी बड़ी जोर शोर से हो रही है। घर-घर में पार्थिव महादेव बनाया जा रहा है, जो 21 अगस्त को गोपाल मैदान पहुंचेगा। जहां उसका पूजन होगा। इस पार्थिव महादेव उत्सव रथ रवाना के दौरान अमलेश झा,शिव चन्द्र झा, निवास झा, संतोष कुमार ठाकुर, शंकर कुमार पाठक, पं विपिन झा, विपिन झा, रंजीत झा,शिशिर कुमार झा, सुजीत कुमार झा, श्रवण कुमार झा उर्फ भगवान जी झा, डॉ अशोक कुमार झा उर्फ अशोक अविचल, मोहन ठाकुर, प्रमोद कुमार झा,सुरंजन राय, रंजीत मिश्रा आदि अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। दूसरी ओर, मिथिला समाज के द्वारा ग्यारह लाख पार्थिव महादेव पुजा सह भजन संध्या की तैयारी पर डॉ अशोक कुमार झा ने बताया कि भावी पीढ़ी को सनातन धर्म की संस्कृति, सरलता, सजगता से अवगत कराना है सनातनी धर्म को सावन के महीने में मैथिल महिलाओं से पार्थिव महादेव का निर्माण कराना बहुत बड़ा उद्देश्य है।



**रथ रवाना करते पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी और डीएसपी अनिमेष गुप्ता।**

# ग्रामीण क्षेत्रों में शाखाओं का विस्तार करें बैंक : सांसद

## डीसी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक

समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के लिए संवेदनशील होकर कार्य करें बैंक : डीसी

### शाखा योजना में बैंको द्वारा 50.85% की लक्ष्य प्राप्ति से सांसद और डीसी गदगद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति एवं रूडसेटी सलाहकार समिति की बैठक जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो इस बैठक में शामिल हुए। वित्तीय वर्ष 2023- 2024 की प्रथम तिमाही का वित्तीय लेखा जोखा अग्रणी जिला प्रबंधक ने प्रस्तुत किया। गतवर्ष की समतुल्य अवधि से बैंको की 30 नई शाखाएं, 43 नए एटीएम और 300 नए बैंक कॉरेस्पोन्डेंट की नियुक्ति की गई है। वार्षिक शाख योजना में बैंको द्वारा साल दर साल 36.75% के विरुद्ध 50.85% की लक्ष्य प्राप्ति की। समीक्षा में पाया गया कि सरकार केंद्रित योजनाओं के अनुपालन में भी जिले के बैंको ने अच्छा काम किया है। प्रधानमंत्री जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना एवम अटल पेंशन योजना में जिले का अनुपात बेहतर हुआ है। मुद्रा योजना में 47% की वृद्धि दर्ज की गई। पीएमइजीपी एवम पीएमएफएमई योजनाओं में भी समतुल्य अवधि में अच्छी प्रगति हुई है। जिला दण्डाधकारी-सह-उपायुक्त ने बैंक अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हालांकि बैंको का कार्य संतोषजनक हैं, लेकिन गरीब और पिछड़े वर्गो के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। उन्होंने ऋण सुविधा उपलब्ध कराने तथा सरकारी योजनाओं के आवेदन का यथाशीघ्र निष्पादन करने की बात कही। उन्होंने बैंको को संवेदनशील होकर समाज के अंतिम छोर पर बैठे लोगों के लिए काम करने का संदेश दिया। अग्रणी जिला प्रबंधक को अनुमंडल स्तर पर सरकार केंद्रित योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए जागरूकता सह ऋण वितरण कैंप आयोजित करने का सुझाव दिया हैं। साथ ही शहरी निकाय अधिकारियों के सहयोग से फुटपाथ विक्रेताओं के लिए 15 सितंबर को ऋण वितरण कैंप करने का भी निर्देश दिया। साथ ही आरसेटी के प्रतिनिधि को दिव्यांगजनों के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करते हुए स्वरोजगार के मौके उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। सांसद, जमशेदपुर विद्युतवरण महतो ने बैंको के कामकाज को सराहा, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजकार से जुड़े लोगों को आर्थिक मदद पहुंचाने की जरूरत बताई। उन्होने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक शाखा का विस्तार करें। मानुषमुड़िया में सर्वे कराते हुए बैंक शाखा स्थापित कराने की बात कही। सांसद ने कहा कि गांव के विकास से ही समाज और जिला का विकास संभव होगा। उन्होंने सरकार केंद्रित योजनाओं के ऋण आवेदन में रिजेक्शन के प्रतिशत पर अप्रसन्नता जाहिर की और बैंको से कहा की ऐसे आवेदक जो की योजना की बारिकी नहीं समझते है उनका समुचित ट्रेनिंग आरसेटी द्वारा करवाना सुनिश्चित करें।

बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, भारतीय रिजर्व बैंक के पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड, एलडीएम, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिले में कार्यरत बैंक, स्माल फाइनेंस बैंक और पेमेंट बैंक के प्रतिनिधि, शहरी निकायों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



**बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक में उपस्थित सांसद विद्युतवरण महतो, डीसी, डीडीसी व अन्य।**

## 25 अगस्त को एक्सएलआरआइ आयेंगी यूएस कांसुल जनरल मेलिंडा

जमशेदपुर। अमेरिका की महा वाणिज्यदूत मेलिंडा पावेक 25 अगस्त 2023 को एक्सएलआरआई जमशेदपुर का दौरा करेंगी। इस दौरान वह एक्सएलआरआइ के इ-सेल के विद्यार्थियों को सप्लाई चेन मैनेजमेंट की चुनौतियों के साथ इस क्षेत्र में क्या कुछ संभावनाएं हैं, इस पर चर्चा करेंगी। इसके साथ ही खास तौर पर जनजातीय उद्यमिता को लेकर भी वह देश के भावी मैनेजरों के साथ अपनी विजन प्रस्तुत करेंगी।

# टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन : कमेटी मीटिंग में 20 % बोनस के साथ गिफ्ट की मांग



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शनिवार को गोलमुरी टिन प्लेट वर्कर्स यूनियन के सभा हॉल में यूनियन के कार्यकारिणी के सदस्यों की बैठक यूनियन के अध्यक्ष राकेशश्वर पांडे की अध्यक्षता में हुई जिसमें मुख्य मुद्दा आने वाले ग्रेड रिवीजन में चार्टर ऑफ डिमांड को बनाना था इसके लिए सभी कमेटी मेंबरों से आग्रह किया गया कि वे जल्द से जल्द अपने कंपनी के कर्मचारियों के साथ मिलकर उनके सुझावों को लेकर आएं। टिन प्लेट कंपनी में ग्रेड रिवीजन पुराने कर्मचारियों के लिए एक अप्रैल 2024 से एवं एन एस ग्रेड के कर्मचारियों का 1 अप्रैल 2025 से देय होगा। बैठक में एक स्वर से 20 प्रतिशत बोनस के साथ गिफ्ट और पुराने ग्रेड और नये ग्रेड को मर्ज करने की मांग समेत अन्य मांगे कमेटी मेंबरों ने उठायी। इस सभा में सर्वप्रथम अपने से बिछड़े हुए साथियों की याद में 2 मिनट का मौन धारण उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक के अंत में राकेश्वर पांडे जी ने टिनप्लेट यूनियन के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्यों को अपनी बातें बड़े ही अनुशासित ढंग से रखने एवं कार्य करने के लिए सबको धन्यवाद एवं बधाई दी। इस अवसर पर गोलमुरी टिन प्लेट वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय, महामंत्री मनोज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह सोहल, सतनाम सिंह, गौतम डे,मुन्ना खान,ए रमेश राव, वकील खान, साईं बाबू राजू, जगजीत सिंह, भूपेंद्र कुमार सिंह, राज कुमार सिंह, संजीव प्रसाद, जयशंकर सिंह, राकेश कुमार दिलबागी, बलदेव सिंह,अमृत कुमार झा, सुजीत कुमार दास, निरंजन महापात्रा, फतेह चंद्र माझी, सुकेश कुमार मिश्रा, एम शेखर राव, गजराज सिंह, विनय कुमार साहू, कुंदन कुमार, नवल किशोर सिंह, नवजोत सिंह सोहल, अनिल कुमार, सूर्य भूषण शर्मा शामिल थे।

# चांडिल डैम का जलस्तर पहुंचा 181.65 मीटर

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**चांडिल।** चांडिल डैम का जलस्तर घटना शुरू हो गया है।शनिवार शाम तक डैम का जलस्तर घटकर 181.65 मीटर पर पहुंच गया था। जबकि शुक्रवार को डैम का जलस्तर 181.75 मीटर तक पहुंच गया था। जिसके बाद करीब आधा दर्जन विस्थापित गांव में डैम का पानी घुस गया था। जिससे लोगों को परेशानी हो रही थी। शनिवार को भी डैम के पांच फाटक एक- एक मीटर तक खुले हुए थे और 589.66 क्यूमेक पानी स्वर्णरेखा नदी में छोड़े जा रहे थे। सहायक अभियंता राजीव गाड़ी ने बताया कि डैम के जलस्तर पर विभाग नजर रखे हुए है। डैम का जलस्तर घटने के बाद डुब क्षेत्र के गांवों में रहने वाले विस्थापित परिवारों ने राहत की सांस ली है। शनिवार शाम तक डैम का पांचों रेडियल गेट खुले थे।



**डैम के पांच फाटक खुलने के बाद का दृश्य।**




## अर्का जैन विवि में 'तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या निवारण' पर कार्यशाला



जमशेदपुर। 'जीवन' आत्महत्या निवारण केंद्र ने अर्का जैन विश्वविद्यालय में बीबीए प्रथम वर्ष के लगभग 85 छात्रों के लिए 'तनाव प्रबंधन और आत्महत्या निवारण' पर दो घंटे की कार्यशाला आयोजित की। अरका जैन के प्रबंधन ने छात्रों के बीच मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए जीवन को इस कार्यशाला का संचालन करने के लिए आमंत्रित किया। राष्ट्रीय सचिव, बेफ्रेंडर्स इंडिया और उप निदेशक, आउटरीच, जीवन गुरप्रीत कौर भाटिया ने 'तनाव को समझना और संभालना' पर पहला सत्र लिया। उन्होंने तनाव के कारकों, तनाव और अवसाद के कारण व्यक्ति में शारीरिक और व्यवहारिक परिवर्तनों की पहचान के बारे में बात की।

## विधायक ने दिलवायी कुंकडू व नीमडीह में दो सड़कों की स्वीकृति



चांडिल। विधायक सविता महतो के अथक प्रयास से ईचागढ़ के जनता का बहुप्रतिक्षित मांग को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड के पीडब्ल्यूडी रोड बांदु निर्मल महतो चौक से बागड़ी लाकड़ी होते हुए डूंगरीपार तक सात किमी पथ निर्माण कार्य एवं कुकड़ू प्रखंड के पीडब्ल्यूडी पथ से माहलीडीह तक 1.87 किमी पथ निर्माण कार्य का प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। विधायक ने सीएम हेमंत सोरेन को आभार एवं धन्यवाद जताया है।



## स्पीड न्यूज

### पांकी विधायक डॉ शशिभूषण का फेसबुक एकाउंट हैक



मेदिनीनगर। पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डा शशिभूषण मेहता का फेसबुक एकाउंट हैक कर लिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक डा मेहता ने बताया कि मेरा फेस बुक 00000000 को किसी के द्वारा हैक कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि अभी मेरे फेस बुक एकाउंट पेज को भारत के बाहर किसी दूसरे देश से नियंत्रित किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि हो सकता है आनेवाले दिनों में हमारे फेस बुक पर कुछ आपत्तिजनक पोस्ट देखने को मिल सकता है। विधायक डा मेहता ने अपने फेसबुक से जुड़े सभी लोगों से आग्रह किया कि इस तरह की किसी भी पोस्ट को देखते ही उक्त पोस्ट को फेसबुक पर रिपोर्ट करें। विधायक ने बताया कि पेज को वापस लाने की कार्यवाही जारी है।

### लिलिपुट स्कूल में महिलाओं ने मनाई सावन की हरियाली तीज



मेदिनीनगर। लिलिपुट स्कूल में महिलाओं ने हरियाली तीज के दिन सिंधारा पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया। जिसमें सभी महिलाएं हरे रंग की साड़ियों में सज धज कर आई। उन लोगों ने झूला और अन्य तरह के खेल का आनंद उठाया और सभी के द्वारा लाए हुए तरह-तरह के व्यंजन का जायका लिया। इसका आयोजन रेनू गोयल ने अपने स्कूल के प्रांगण में किया। सभी महिलाओं ने सावन के गीतों पर डांस भी किया और एक दूसरे को तीज की बधाई भी दी। इस उत्सव में पिंकी जैन, रश्मि हिम्मतरामका, मधु गर्ग, ज्योति गर्ग, पम्मी जैन, मनु नामधारी, काकू नामधारी, सन्गीता लाठ,सुधा लाट, सारिका जैन, अलका जैन, अन्जू सोनी, प्रियंका, सीमा खेतान, प्राची जैन, मिनी, सुनीता जैन, ॠतु जैन, रजनी जैन, अन्शू लाट आदि ने योगदान दिया।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया मंत्री आलमगीर आलम से मुलाकात



मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने शनिवार को ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से रांची आवास पर मुलाकात कर कांग्रेसी कार्यकर्ता बिहारी यादव के दोनों हाथ को लाठी से मारकर तोड़ देने के आरोपित सतबरवा बीडीओ राजकिशोर प्रसाद को निलंबित करने की मांग की। उन्होंने ग्रामीण विकास मंत्री को बताया कि सतबरवा बीडीओ राजकिशोर प्रसाद ने बीते 13 अगस्त की सुबह 8 : 30 बजे के करीब ट्रैक्टर से बालू उठाव का झूठा आरोप लगाते हुए बिहारी यादव से पचास हजार देने की मांग की। राशि नहीं देने पर उन्होंने खुद लाठी से बिहारी यादव की अंधाधुंध पिटाई कर दी। जिसमें बिहारी यादव के दोनों हाथ टूट गए। अगर बिहारी यादव कुछ गलत किया था तो प्रखंड विकास पदाधिकारी को थाना में सूचित करना चाहिए था ना कि खुद अपने सरकारी वाहन से लाठी निकालकर पीटना चाहिए था ऐसे ही पदाधिकारी महागठबंधन सरकार को बदनाम करने की साजिश रच रही है इसे लेकर बिहारी यादव ने सतबरवा थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिला प्रशासन के द्वारा मामले की जांच के लिए उप विकास आयुक्त के नेतृत्व में एक कमिटी गठित की गई। अगर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो इससे कमिटी की मामले की निष्पक्ष जांच पर प्रश्नचिह्न लग गया है। अगर कमिटी अपने जांच रिपोर्ट में बीडीओ को निर्दोष व बिहारी यादव को दोषी ठहरा दें तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। दूसरी ओर इस घटना में आरोपित बीडीओ पर कार्रवाई नहीं किए जाने से सरकार की साख घटी है। उन्होंने मंत्री से आरोपित बीडीओ को निलंबित करने की मांग की। इस पर मंत्री ने दो दिनों में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके पर सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद यादव, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, उमेश यादव, नीरज कुमार पासवान, प्रेमचंद्र उरांव, जुगल राम, सच्चीदा बैठा, पिंटू आलम ,पीड़ित बिहारी यादव मौजूद थे।

### सीएचसी के पुराने भवन को शहरी स्वास्थ्य केंद्र बनाने के लिए 25 से होगा सड़क जाम



हरिहरगंज पलामू। शहरी क्षेत्र में एन एच 98 किनारे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पुराने भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित करने की मांग को आगामी 25 सितम्बर से एनएच जाम कर प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए समाजसेवी सह राजद के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार यादव ने बताया कि सीएचसी को नया भवन में शिफ्ट होने के बाद पुराना भवन खाली है।उक्त भवन में स्वास्थ्य केंद्र रहने से आस पास के लोगों तथा सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को आपदा की परिस्थिति में स्वास्थ्य लाभ आसानी से मिल पाएगा। जबकि नया स्वास्थ्य केंद्र मुख्य सड़क से करीब एक किलोमीटर दूर है। ऐसे में दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को तत्काल चिकित्सा मिलना कठिन है। जनता की मांग पर पुराना भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित कराने का विधायक द्वारा आश्वासन भी दिया गया था। परंतु इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई। वहीं एक सप्ताह पहले सीएस पलामू से मिलकर शहरी स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना के लिए आवेदन दिया गया था। लेकिन इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं होने पर 25 सितम्बर से एनएच 98 को जाम करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसकी सारी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की होगी। इस अवसर पर कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना रोकने के लिए स्पीड ब्रेकर निर्माण कराये प्रशासन : विश्वनाथ

मेदिनीनगर। राजद के झारखंड प्रदेश महासचिव विश्वनाथ राम घुरा ने उपायुक्त को ज्ञापन देकर मेदिनीनगर के नगर निगम के सभी प्रमुख चौक-चौराहों के साथ व्यस्त मार्गों में जगह जगह पर स्पीड ब्रेकर निर्माण कराने की मांग की है। इन दिनों वाहन चालक, बाइक चालक व्यस्त मार्गों सहित प्रमुख पथों में काफी तेज गति से वाहन चलाते है। इस कारण सड़क पर चलने वाले राहगीरों के साथ बच्चे भी चपेट में आ जाते हैं। व्यस्त मार्ग में स्पीड ब्रेकर नहीं होने से युवा चालक अनियंत्रित हो गये हैं। उन्होंने कहा कि रोड में स्पीड ब्रेकर निर्माण हो जाने से लोग वाहन नियंत्रित गति से चलायेंगे। इससे सड़क दुर्घटना में कमी आयेगी।

### दो एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार



पाटन पलामू। प्रखंड के नावा थाना प्रभारी संजय रजक ने एनबीडब्ल्यू वारंटी विफल भुईयां स्वर्गीय कन्हाई भुईयां एवं सुरज भुईयां पिता बालकेश भुईयां दोनों ग्राम नावा निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नावा थाना प्रभारी संजय रजक ने बताया कि दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। दोनों के उपर कोर्ट के द्वारा वारंट निकला हुआ था। उसी आलोक में दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## उपायुक्त ने की पीएम आवास योजना ग्रामीण और भीमराव अंबेडकर योजना की समीक्षा

### सभी बीडीओ को नियमित कार्यों का निरीक्षण कर समय पर कार्य पूर्ण कराने का दिया निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने शनिवार को जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत निमार्णाधीन आवासों व अपूर्ण आवासों की समीक्षा की। एनआईसी के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा के क्रम में उपायुक्त रंजन ने सभी बीडीओ को नियमित रूप से कार्यों का निरीक्षण कर समय पर कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। प्रखंडवार समीक्षा के दौरान पाया गया कि पाटन में सबसे अधिक आवास लंबित है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उनके प्रखंडों में आवास योजनाओं के लंबित लक्ष्य के अनुरूप समय का आकलन करते हुए योजना बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कार्यों में तेजी लाने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी तरह के लंबित आवासों को सितंबर माह के अंतिम सप्ताह तक पूर्ण करने की बात कही। उपायुक्त रंजन ने सभी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को सक्रिय होकर सभी आवास को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कार्य में शिथिलता बरतने वाले प्रखंड समन्वयकों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। मौके पर डीडीसी रवि आंनद, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत आवास के सभी प्रखंड समन्वयक उपस्थित थे।

## क्षेत्र के विकास को लेकर हैं संकल्पित : डॉ मेहता

### पांकी विधायक ने किया तरहसी के गोइंदी में सत्यनदिया व मनातू में पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास



जिजोई नदी पर पुल निर्माण और सत्यनदिया नदी पर पुल निर्माण का शिलान्यास करते डॉ शशिभूषण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**तरहसी/मनातू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने विधानसभा क्षेत्र के तरहसी व मनातू प्रखंड में दो महत्वपूर्ण योजनाओं के निर्माण की आधारशिला रखी। विधायक डॉ मेहता ने तरहसी प्रखंड के ग्राम गोईदीं में धनकी मनाही के पास सतनदिया नदी पर पुल निर्माण और मनातू प्रखंड के करैला से मधेया के बीच जिजोई नदी पर पुल निर्माण और कार्य का विधिवत शिलान्यास नारियल फोड़कर एवं पूजा अर्चना कर किया। मौके पर विधायक डॉ शशिभूषण ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण एवं चहुंमुखी विकास के लिए संकल्पित हैं। इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। पांकी विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं पर विशेष रूप से काम हो रहा है। विधायक डा मेहता ने कहा कि पुल पुलिया के निर्माण से आवागमन और यातायात के साथ साथ व्यापार व्यवसाय आदि कार्यों में बहुत सहूलियत होगी। तरहसी व मनातू प्रखंड का प्रस्तावित उक्त दोनों पुल निर्माण का कार्य जनहित में आवश्यक था। इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र में विकास के प्रति अग्रसर हैं। विधानसभा क्षेत्र में रेलवेज लाइन बने इसके लिए आवाज उठाए हैं।

कई मुद्दों को मजबूती के साथ विधानसभा में रखने का काम किया है। मौके पर प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, लाला प्रसाद, मुखिया बिगन महतो समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## कार्यशाला के आयोजन से कार्य क्षमता में होती है वृद्धि : रो अनुग्रह नारायण

शिक्षक -शिक्षिकाओं को अद्यतन बनाने के लिए प्रशिक्षण अनिवार्य : प्राचार्य अश्लेष

विकास और परिवार की सुरक्षा के लिए बीमा है वरदान : प्रशिक्षक अनुप



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रोटरी स्कूल चैनपुर के प्रशाल में सीबीएसइ द्वारा शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सीबीएसई, पटना प्रक्षेत्र के प्रशिक्षक अनुप कुमार, विद्यालय के प्राचार्य अक्षेष कुमार पांडेय, उप प्राचार्या रितुल मुस्कान, एस.आर.के ठाकुर, एन के शुक्ल एवं वरीय शिक्षक गौरी शंकर मिश्र द्वारा उच्चारित वेद मंत्रों के बीच दीप प्रज्वलित कर एक दिवसीय ऑफ लाइन ट्रेनिंग प्रोग्राम सह अभिगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षक अनूप कुमार को विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा पुष्प गुच्छ तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर रिसोर्स पर्सन अनुप कुमार ने फाइनेंसियल लिटरेसी एन्ड यूज ऑफ डिजिटल टूल्स टॉपिक पर बहुत ही सरल और बोधगम्य शब्दों में प्रशिक्षण देने का कार्य किया जिसका भरपूर लाभ प्रशिक्षुओं को मिला। उन्होंने बताया कि आज विकास के क्रम में हमारे जीवन में आर्थिक असंतुलन आ गया है जिसका संतुलन बहुत जरुरी है। इस प्रशिक्षण में रोटरी स्कूल, संत मरियम तथा जवाहर नवोदय विद्यालय डालटनगंज के लगभग 150 प्रशिक्षु उपस्थित थे। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन रो अनुग्रह नारायण शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यशाला का आयोजन समय - समय पर किया जाना बहुत ही लाभकारी है इससे कार्य क्षमता में वृद्धि होती है। विद्यालय के प्राचार्य अक्षेष कुमार पांडेय ने कहा कि विगत कई वर्षों से सीबीएसई शिक्षक /शिक्षिकाओं को अद्यतन बनाने के लिए,उनकी कार्य कुशलता को बढ़ाने के लिए ऑन लाइन तथा ऑफ लाइन प्रशिक्षण को अनिवार्य कर दिया है। प्रशिक्षण का विषय ज्ञानवर्धक और जीवनोपयोगी है, लेकिन इसका लाभ हमे तब ही मिलेगा जब इसका क्रियान्वयन अपने व्यवहारिक जीवन में किया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि आप इसे सिर्फ सैद्धांतिक ज्ञान न समझ इसे क्रियान्वित करें। रिसोर्सपर्सन अनुप कुमार ने बहुत ही सरल शब्दों में सारगर्भित बातों को सबके सामने रखा जिसका लाभ निश्चित रुप से सबको मिलेगा। धन्यवाद ज्ञापन उप प्राचार्या रितुल मुस्कान तथा मंच संचालन विद्यालय की समन्वयक स्मिता सिंह ने किया।

## डीलरों की मांगों पर पहल करे सरकार : डॉ शशिभूषण



जन वितरण दुकानदारों की बैठक में शामिल हुए विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** नीलाम्बर पीताम्बरपुर मैरेज हॉल में पांकी विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड के जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ बैठक हुई। बैठक में पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता ब्रजकिशोर तिवारी ने की। समारोह में फेयर प्राइस प्रदेश कमिटी के कार्यकारिणी सदस्य युगल किशोर तिवारी, उपाध्यक्ष रविंद्र पांडेय, लेस्लीगंज के मो असलम अंसारी, अवधेश विद्यार्थी शामिल थे। मौके पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीलरों की समस्या व मांगों को पांकी विधायक के समक्ष रखा। एसोसिएशन ने कहा कि पांकी विधायक द्वारा डीलरों की मांगों को विधानसभा में उठाया गया है। विधायक डीलरों के समस्या समाधान के लिए आगे भी पहल करें। डीलरों ने कमीशन के बदले मानदेय दिलाने की मांग की। इस पर पांकी विधायक ने कहा कि डीलरों की मांगें जायज है। इनकी मांगों पर हर हाल में झारखंड सरकार को पहल करना चाहिए।

### नीरज कुमार श्रीवास्तव बने प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश

**मेदिनीनगर।** धनबाद लेबर कोर्ट के परजाइडिंग ऑफिसर नीरज कुमार श्रीवास्तव का स्थानांतरण पलामू जिला व्यवहार न्यायालय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में किया गया है। उक्त आशय का अधिसूचना झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जेनरल मो शाकिर ने जारी की है। विदित हो कि पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के 30 जुलाई को सेवानिवृत्त होने के बाद पलामू में प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश का पद रिक्त था। प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश के प्रभार में प्रथम अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार थे। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा बहुत जल्द ही प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश के रूप में नीरज नीरज कुमार श्रीवास्तव का पोस्टिंग होने से अधिवक्ताओं में हर्ष का माहौल है।

## सभी पंचायत सचिव आवास लंबित रखने वाले लाभुकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे : बीडीओ



खबर मन्त्र संवाददाता

**पड़वा पलामू।** बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने प्रखण्ड के सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहें आवास निर्माण की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान यह बात उभर कर सामने आया कि अभी तक प्रखण्ड क्षेत्र में 161 आवास निर्माण का कार्य लंबित हैं। बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद ने सभी पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सेवक को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रखंड क्षेत्र में लंबित 161 लाभुकों से संपर्क करते हुए जल्द से जल्द प्रधानमंत्री आवास पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। वैसे लाभुकों को भी चिन्हित करते हुए कानूनी कार्रवाई करने को कहा गया है कि जो राशि लेने के बाद भी अब तक काम शुरू नही किए हैं। दूसरे किश्त के लिए लंबित आवास की संख्या 46 है जो डोर लेवल तक कार्य नहीं कर पाए हैं। बाबा साहेब आवास जो अब तक 12 आवास लंबित है इसे 2 सप्ताह में पूर्ण करने का आदेश दिया गया है साथ ही 20 से अधिक आवास लंबित रखने वाले पंचायत सचिव का वेतन अगले आदेश तक स्थगित रखने का भी प्रधान सहायक को निर्देश दिया गया है। समन्वयक को यह निर्देश दिया गया है कि सभी स्वयं सेवक का लंबित प्रोत्साहन राशि गणना करते हुए अविलंब रिपोर्ट करें। बैठक में बीपीओ स्वीटी सिन्हा, पंचायत सचिव मनोज कुमार मिश्रा, नरेंद्र पांडेय, रोजगार सेवक असगर हुसैन, गीरेन्द्र मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।

### वी.पी.एम. न्यू विजन पब्लिक स्कूल गढ़ रहा है नया इतिहास : प्रियरंजन



मेदिनीनगर। आज की वर्तमान परिस्थिति में शिक्षा और शिक्षण संस्थान की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। कहीं शिक्षा केवल व्यापार है तो कहीं व्यापार के साथ सेवा भाव तथा राष्ट्र के नए निर्माण में कई शिक्षण संस्थान कार्य कर रही है। वीपीएम न्यू विजन पब्लिक स्कूल अघोर आश्रम, सुदना में अवस्थित है। यह विद्यालय अर्थोपार्जन को विशेष माध्यम न बनाकर सेवा भाव रखकर राष्ट्र निर्माण हेतु कार्य कर रही है। उक्त बातें राष्ट्रीय सेवा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष प्रियरंजन पाठक ने अपने संबोधन में कही। उक्त विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य अमित कुमार सिंह, उप प्राचार्य शोभित स्नेहिल सहित सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाओं ने प्रियरंजन का स्वागत किया। पाठक ने कहा कि कार्यकम स्थल पर शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जो मुझे भावविभोर कर गया। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक नृत्य, गीत, भाषण, झांकी प्रस्तुत किया। नृत्य में प्रथम स्थान रिया, पलक तथा रानी, भाषण में प्रथम प्रीति तथा गीत में प्रथम ककशा तथा अलीशा रही। इन सभी को प्रशस्ति पत्र तथा मैडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य अमित कुमार सिंह, उप प्राचार्य शोभित स्नेहल सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र छात्राएं उपस्थित थे। संचालन शिक्षिका स्वर्णिमा तथा धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक हर्षित शौर्या ने किया।

### पलामू जिला प्राइवेट स्कूल डाइरेक्टर्स एसोसिएशन का कार्यक्रम आज

**मेदिनीनगर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पलामू जिला प्राइवेट स्कूल डाइरेक्टर्स एसोसिएशन ने रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया है। कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में आयोजित की गयी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेदिनीनगर नगर निगम के प्रथम मेयर अरूणा शंकर व डिप्टी मेयर राकेश सिंह उर्फ मंगल सिंह भाग लेंगे। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा। यह जानकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा ने दी।

### पत्नी के आत्महत्या मामले में आरोपी पति को पुलिस ने भेजा जेल

रामगढ़ पलामू। रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह पंचायत के तुरिया टोला गांव में महिला की मौत के मामले में पुलिस ने उसके पति को घर से गिरफ्तार कर लिया है। नावाडीह पंचायत के तुरिया टोला गांव में बीते 29 जुलाई को सुबह 6 बजे अचानक महिला की आत्महत्या की सूचना उसके भाई को दी गई। जब सुबह में मृतक के माता-पिता गांव पहुंचे तो मृतक महिला का शव पेड़ के फंदे से लटका पाया लेकिन उसे अपनी बेटी की मौत को लेकर हत्या का शक था। इसके चलते मृतक के माता पिता ने अपने दामाद के खिलाफ थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी। उसने मृतक की मौत के लिए उसके पति को जिम्मेदार ठहराया और बेटी को दहेज प्रताड़ित करने के आरोप भी लगाए। पुलिस ने मृतिका के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर महिला के पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय ने बताया कि इसके उपरांत उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## आदिवासी जन कल्याण समिति का कार्यक्रम संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** सतबरवा पंचायत सचिवालय में शनिवार को आदिवासी जनकल्याण समिति के द्वारा कार्यक्रम कर महिला मित्रों के बीच एक माह का मानदेय का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, प्रमुख रीमा देवी, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा के साथ मुखिया संघ अध्यक्ष गिरवर राम, धावाड़ीह मुखिया रिंकी देवी, बारी मुखिया निरोतमा कुमारी तथा बकोरिया मुखिया संतोष उरांव और बीडीसी लक्ष्मी देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्षता जिला प्रभारी हसमत अंसारी तथा संचालन अशोक यादव ने किया। मौके पर जन कल्याण समिति की ओर से बताया गया की 12 से 47 वर्ष के महिलाओं का स्वास्थ्य कार्ड बनाया जाएगा। प्रखंड के 10 पंचायत में महिला मित्रों को नियुक्त किया गया है। इन महिलाओं का काम है कि जिनके अंदर विभिन्न तरह की बीमारियां है, उनका इलाज करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। वहीं पुरुष और असहाय बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति को 5000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। प्रसव के दौरान बच्चों की मृत्यु होने पर माता को 5000 तथा माता की मृत्यु होने पर बच्चों के नाम से 11 हजार रुपए फिक्स किए जाएंगे। हसमत अंसारी ने बताया कि सात नियुक्त महिला मित्रों को एक माह का 6500 सौ रुपए मानदेय दी गई है। मौके पर समाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, अजय उरांव, जुगल राम समेत कई लोग मौजूद थे।

### मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य का उपायुक्त ने किया समीक्षा



मेदिनीनगर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने शनिवार को फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा की। पुनरीक्षण संबंधी सभी कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु जिला स्तर पर गठित जांच टीम, बीएलओ, पर्यवेक्षक, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ उपायुक्त ने एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग सभागार में वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उपायुक्त शशि रंजन ने बैठक में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के तहत हो रहे घर-घर सत्यापन का कार्य, बीएलओ रजिस्टर, करेक्शन स्लिप एवं डेथ केस, पुअर इमेज, ब्लैक एंड व्हाइट फोटो, रजिस्टर के माध्यम से वोटरों की विवरणी को शुद्धिकरण, पन्ना वेरिफिकेशन आदि कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त ने फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यों में निम्न प्रगति करने वाले बीएलओ, ईआरओ, एईआरओ पर नाराजगी व्यक्त की और जिम्मेवारीपूर्वक एवं तत्परता के साथ काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाइजर बीएलओ को 5 दिनों के अंदर सभी कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया।

## जिला पार्षद अरबिंद सिंह बने उंटारी रोड के किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष

### किसानों के विकास के लिये हर संभव करेंगे प्रयास : अरबिंद



बीएफएसी के बैठक में शामिल अभिरुचि समुह के सदस्य व प्रगतिशील किसान।

खबर मन्त्र संवाददाता

**उंटारी रोड।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में किसान सलाहकार समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अल्का कुमारी ने की। बैठक में सभी पंचायतों के अभिरुचि समूह के सदस्य, प्रगतिशील किसान व अन्य किसानों ने भाग लिया। बैठक में किसानों के दक्षता संवर्धन व उनके सामूहिक विकास पर विशेष चर्चा हुई। बैठक के उपरांत प्रखंड स्तरीय किसान अभिरुचि समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसहमति से जिला पार्षद अरबिंद सिंह को समिति का अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष सिंह ने कहा कि किसानों के सामूहिक विकास हेतु हर संभव प्रयास करेंगे। बैठक में प्रभारी बीटीएम अभिमन्यु प्रसाद, रामबचन राम, अशोक सिंह, विजय रविदास, अंजू देवी, नीरा देवी, महेंद्र दुबे, असरेश पाल, दशरथ साह सहित कई किसान मौजूद थे।

### पूर्व जिला परिषद ने सड़क पर धान रोप कर जर्जर पथ का किया विरोध



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड के नेउरा की मुख्य सड़क इस समय जर्जर हो चुका है। चैनपुर थाना के आगे से लेकर नेउरा मोड़ तक जगह जगह रोड पर बड़ा-बड़ा गड्ढा हो चुका है। देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि सड़क पर गड्ढा नहीं गड्ढे में सड़क है। यह सड़क छत्तीसगढ़ राज्य को भी जोड़ता है। प्रतिदिन इस सड़क से होकर हजारों हजार छोटी एवं बड़ी गाड़ियां होकर गुजरती है। सड़क खराब होने के कारण कई बार सड़क दुर्घटना हो चुका है जबकि प्रखंड कार्यालय भी लोग इसी सड़क से होकर जाते हैं। बरसात में यह पर्थ काफी जर्जर हो चुका है। जिला परिषद सदस्य शैलेंद्र कुमार शैलू ने ग्रामीणों के साथ नेउरा में धान रोपाई कर जर्जर पथ का विरोध किया। जिप सदस्य ने कहा कि प्रखंड की दूरी0 .5 कि.मी से भी कम है। खराब सड़क का मुख्य कारण हाइवा ट्रक में क्षमता से अधिक माल ढुलाई है प्रतिदिन 1000 से अधिक हाईवे का परिचालन किया जाता है जिस सड़क की क्षमता 15 टन की है वहां 40 से 50 टन माल भरकर हाईवा ट्रक में माल ढुलाई किया जाता है। शैलेंद्र कुमार ने खराब सड़क का विरोध जताते हुए कहा कि सांसद एवं विधायक हमेशा इसी सड़क से होकर क्षेत्र भ्रमण के लिए आते एवं जाते हैं लेकिन उनका ध्यान इस पर कभी नहीं गया। प्रशासन कार्रवाई करने की जगह संरक्षण देता है जबकि सभी हाईवे ट्रक चैनपुर थाना, चैनपुर प्रखंड कार्यालय एवं वन विभाग के चेक पोस्ट से होकर गुजरती है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग किया है कि अविलंब सड़क का मरम्मत किया जाए।

## वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने जीएलए कॉलेज में लगाया हेल्पडेस्क



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने जिला अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में जीएलए कॉलेज में चल रहे सत्र 2023-27 सेमेस्टर 1 में नामांकन को देखते हुए हेल्पडेस्क लगा कर विद्यार्थियों की सहायता की। विकास यादव ने कहा कि जीएलए कॉलेज में नए विद्यार्थियों का नामांकन चल रहा है और उन छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन करने के लिए हमारे संगठन के द्वारा हेल्पडेस्क लगाया गया है। विपिन यादव ने कहा कि हमारे संगठन द्वारा कॉलेज में नामांकन के समय को देखते हुए हेल्पडेस्क लगाया गया ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो ने। जिला सचिव मोहित साहू ने कहा कि वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन छात्र हित में सदैव तत्पर रहा है और आगे भी इसी तरह तत्पर रहेगा। जिला उपाध्यक्ष कृष्णा यादव ने कहा कि हमारे संगठन की प्राथमिकता छात्र हित है। नामांकन को देखते हुए यह हेल्पडेस्क लगाया गया है ताकि विद्यार्थी की सहायता की जा सके, यह आगे भी लगाया जाएगा। विकास मेहता ने कहा कि संगठन के हेल्पडेस्क से कई छात्र लाभान्वित हुए और विद्यार्थियों की भरपूर सहायता की गई। इस मौके पर अजीत, मनोज, आलोक आदि मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## राधागांव में गति-शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल का शुभारंभ

**बोकारो।** बोकारो जिलान्तर्गत राधागांव में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने गति-शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल का शुभारंभ किया। एसई रेलवे, आद्रा मंडल के राधागांव में स्थापित इस मल्टी मॉडल टर्मिनल के इनवर्ड रैक में 50 बीटीपीएन वैगनों से पेट्रोलियम की अनलोडिंग की गई। मौके पर आद्रा मंडल रेलवे प्रबंधक सुमित नरूला ने कहा कि यह साइडिंग न केवल रेलवे की आय को बढ़ावा देगी, बल्कि समुचित मात्रा में परिवहन की सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ स्टाक धारकों को परेशानी मुक्त परिवहन की सुविधा प्राप्त करने में भी मदद करेगी। साथ ही पेट्रोलियम वितरण की प्रक्रिया में और भी अधिक सुविधा होगी। मौके पर रेलवे के अधिकारी एवं भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के अधिकारी मौजद थे।

## डालमिया सीमेंट ने 76 दिग्गज सैनिकों को किया सम्मानित

**बोकारो।** डालमिया भारत सीमेंट लिमिटेड द्वारा पूर्वी क्षेत्र के चार राज्यों से देश के 76 सेवानिवृत्त सैनिकों का सम्मान करते हुए सेल्यूटिंग 76 थीम के तहत झारखंडए ओडिशाए बिहार और पश्चिम बंगाल में एक साथ आयोजित समारोहों में देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के अमूल्य योगदान को मान्यता देते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। डालमिया भारत सीमेंट लिमिटेड टीमए उसके सहयोगियों और प्रमुख प्रभावशाली हस्तियों की मौजूदगी में उन्हें एक फलकए स्मृति चिह्नए शालए भारतीय राष्ट्रीय ध्वज और 76 वीरों पर प्रकाश डालने वाली एक पुस्तिका भेंट की गई। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि हमें अपने देश के नायकों की अदम्य भावना और अपनी मातृभूमि की सेवा करने की उनकी कर्तव्य भावना की सदैव सराहना करना चाहिए।

## बीएसएल का मोबाइल मेडिकल यूनिट देवघर रवाना

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट की ओर से कांवरियों की सुविधा हेतु बैद्यनाथ धाम के समीप प्राथमिक चिकित्सा शिविर के लिए सीएसआर के तहत मेडिकल मोबाइल यूनिट, इस्पात संजीवनी के साथ चिकित्साकर्मियों और स्वयंसेवियों के दल को रवाना किया गया। ईडी वर्क्स बीके तिवारी ने इस्पात भवन परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर ईडी एमएम अमिताभ श्रीवास्तव, ईडी पी एंड ए राजन प्रसाद, बीजीएच के सीएमओ डॉ बीबी करुणामय, अन्य वरीय अधिकारी, सीएसआर व अन्य विभागों के कर्मी सहित बैद्यनाथ सेवा ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित थे। श्री तिवारी ने उपस्थित अधिकारियों से शिविर के लिए की गई व्यवस्था की जानकारी ली।बीजीएच की ओर से प्राथमिक चिकित्सा के लिए दवा, मरहम-पट्टी की व्यवस्था की है।

### पूर्वी टुंडी में सड़क निर्माण के नाम पर 23 करोड़ का घोटाला, जांच की मांग

# 20 दिन में ही टूटने लगी 23 करोड़ की सड़क

सड़क घोटाला

**बिनोद रजक**

**धनबाद/पूर्वी टुंडी।** धनबाद जिले में सरकारी पैसे की बबार्दी किस कदर होती है यह पता तब चला जब हिंदी दैनिक खबर मंत्र की टीम धनबाद जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र पूर्वी टुंडी पहुंची। बताते चलें कि रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट धनबाद डिवीजन के अंतर्गत धनबाद जिले के टुंडी विधानसभा क्षेत्र में 23 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से 12. 625 किलोमीटर की सड़क का निर्माण एबीएल कंपनी के द्वारा किया गया है। लगभग 13 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए वर्ष 2022- 23 में टेंडर किया गया था, लेकिन ए बी एल कंपनी के संवेदक के द्वारा सड़क निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया गया है। जिसके कारण लगभग 1 महीने के अंदर ही सड़क टूट कर बाहर गिट्टी नजर आने लगी है।



धनबाद के पूर्वी टुंडी में बनी नई सड़क का जर्जर हाल।

### मुख्य सचिव और धनबाद उपायुक्त से जांच की मांग

23 करोड़ 23 लाख रुपए घोटाले को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा यू धनबाद महानगर अध्यक्ष के द्वारा मुख्य सचिव और धनबाद उपायुक्त को लिखित शिकायत देते हुए जांच कमेटी बनाकर इस महा घोटाले की जांच करने की मांग की है। वही उपरोक्त मामले की जानकारी लेने के लिए टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो को फोन की गई लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### 13 किमी हुआ है सड़क निर्माण

पूर्वी टुंडी क्षेत्र के शंकरडीह से करमाडीह तक लगभग 13 किलोमीटर रोड का निर्माण एबीएल कंपनी द्वारा किया गया है। लेकिन निर्माण कार्य पूरा होने के मात्र 20 से 25 दिन के अंदर ही रोड की अंदर की गिट्टी बाहर नजर आने लगी। जिसके कारण स्थानीय ग्रामीणों में भी भारी आक्रोश है। बताते चलें कि इस 23 करोड़ 23 लाख के घोटाले में धनबाद रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट के अधिकारी ,जूनियर इंजीनियर एबीएल कंपनी के संवेदक एवं जनप्रतिनिधि शामिल है।

## टीबीएस विभाग में ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम का उद्घाटन



**बोकारो।** बोकारो प्लांट के टर्बो ब्लोअर स्टेशन विभाग में ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम का उद्घाटन ईडी वर्क्स बीके तिवारी द्वारा सीजीएम अनुरक्षण पीके बैसाखिया, सीजीएम विद्युत देबाशीष सरकारए अन्य वरीय अधिकारी तथा कर्मचारीगण की उपस्थिति में किया गया। टीबीएस में चार अलग-अलग नियंत्रण कक्ष हैंए जहां से ब्लोअर और कंप्रेसर के परिचालन मापदंडों की निगरानी की जाती है। कम्प्यूटरीकरण और सी एंड ए टीम ने एक एकीकृत रियल टाइम ऑनलाइन इंटरफेस बनाया है, जिससे इन चारों नियंत्रण कक्ष के डाटा को देखा जा सकता है और परिचालन मापदंडों को प्रभावी तरीके से मॉनिटर किया जा सकता है। यह इनोवेटिव समाधान 15 दिनों में कम्प्यूटरीकरण और सी एंड ए विभाग के जीएम विजय कुमार, अनिल कुमार बरनवाल, प्रबंधक अविनाश कुमार सिन्हा, गौरव कुमार तथा सी एंड आईटी व आई एंड ए के टीम द्वारा विकसित किया गया है।

## निर्मला कुष्ठ अस्पताल में वर्ल्ड फोटोग्राफी डे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** फोटोग्राफर्स यूथ क्लब , धनबाद के सदस्यों ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए निर्मला जेनरल एवं कुष्ठ अस्पताल व हॉस्टल , गोविंदपुर में वहां रहने वाले हॉस्टल के छात्राएं, बुजुर्ग एवं कुष्ठ रोगियों के बीच में विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर किया गया , तत्पश्चात निर्मला विद्यालय परिसर में फोटोग्राफरो के साथ फादर अजय तिरु एवं छात्राओं द्वारा फुजी फिल्म कैमरा का केक काटकर फोटोग्राफी डे मनाया गया। वहां रहने वाले सभी बुजुर्ग, छात्राओं एवं कुष्ठ रोगियों को दोपहर का भरपेट भोजन करवाया गया। निर्मला कुष्ठ अस्पताल एवम विद्यालय प्रबंधन के तरफ से फादर अजय तिरु ने फोटोग्राफर यूथ क्लब का धन्यवाद ज्ञापन किया कि आज का दिन उनके प्रांगण में फोटोग्राफी डे मनाया गया।



निर्मला कुष्ठ अस्पताल में फोटोग्राफी डे में शामिल फोटोग्रार व अन्य।

### कार्यक्रम में थे शामिल

कार्यक्रम को सफल बनाने में फोटोग्राफर्स यूथ क्लब के तरफ से भरत चावड़ा ,अनिल साव, रतन दे, बुला चंद्रा, चंदन पाल, मुन्ना सिंह , श्याम भाई , मंटू भाई , सोनू , कुमार शुभम,उपेन , राहुल ,अजय ,राकेश , बृजेंद्र, श्याम , रुपेश,समर, अशोक , राकेश, मुन्ना, रोहित , सुभाष व अन्य उपस्थित थे।

## दिव्यांग बच्चों को मिला रोजमर्रा के कार्यों का प्रशिक्षण

**धनबाद।** शनिवार को नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में 18 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को प्रीवोकेशनल ट्रेनिंग के क्रम में रोजमर्रा के काम की ट्रेनिंग के अंतर्गत किचन गार्डन, कपड़े आयरन करना और शिक्षकों की निगरानी में खाना बनाने की ट्रेनिंग दी गई। ये बच्चे भी रोजमर्रा के सब कार्य कर सकते है जो सामान्य बच्चे कर सकते है। इन बच्चो में हर कार्य करने की क्षमता होती है, बस आत्मविश्वास होना चाहिए। दिव्यांग बच्चे किसी से कम साबित न हो यही सचिव अनिता अग्रवाल का सपना है।

## डीएफओ रजनीश कुमार ने विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

**बोकारो।** इंडियन बर्ड्स फोटोग्राफी सोसाइटी के तत्वावधान में जीजीपीएस चास में पक्षियों के छायांकन व संरक्षण विषयक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोकारो के डीएफओ रजनीश कुमार ने कहा कि अपनी सुख-सुविधा के लिए पृथ्वी के संसाधनों के अत्यधिक दोहन से धरती माता पर भारी दबाव पड़ रहा है। विद्यार्थियों को जीव-जंतुओं की महत्ता और उनके संरक्षण की जानकारी देना भी आवश्यक है। आईबीपीएस संस्थापक व उत्कृष्ट पक्षी फोटोग्राफर एके सहाय के साथ चर्चा करते हुए उन्होंने इस प्रकार की गतिविधियां सभी विद्यालयों में आयोजित करने पर बल दिया व इसमें वन विभाग की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया। इस क्रम में पक्षियों की स्लाइड पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित किया गया। विजेताओं को डीएफओ ने पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया। आईबीपीएस में नेशनल ज्योग्राफी फोटोग्राफर धृतिमान मुखर्जी सहित 20 शीर्ष पक्षी फोटोग्राफर सदस्य रखे गए हैं एवं पक्षियों के विशेषज्ञ कैरोल इंस्किप को वैश्विक सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है।

## डीपीएस चास में शत प्रतिशत उपस्थिति वाले 136 विद्यार्थी पुरस्कृत

**बोकारो।** डीपीएस चास में आयोजित एक समारोह में 136 विद्यार्थियों को सत्र 2022.23 में शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए बतौर मुख्य अतिथि डीएस मेमोरियल सोसाइटी के सचिव सुरेश अग्रवाल एवं डीन जॉस थॉमस ने मेडल प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। कार्यवाहक प्राचार्य दीपाली भुस्कुटे ने विद्यार्थियों को सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं अपितु व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने पर बल दिया और कहा कि बच्चे जो पढ़ें उस पर चिंतन.मनन करें और फिर आगे बढ़ें। चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने अपने संदेश में शत.प्रतिशत उपस्थिति के महत्व के बारे में बताया।

## कलश की मिट्टी से होगा अमृत वाटिका का निर्माण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोमो।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत शनिवार को तोपचांची प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में 28 पंचायतों से पहुंचे कलश की मिट्टी को धनबाद जिला भेजा गया। इस अवसर पर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानी एवं वीर शहीदों को याद किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कलश यात्रा निकाली गई है। शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया। उन्होंने कहा कि यह मिट्टी विभिन्न पंचायतों के किसानों की जमीन से ली गई है। इस मिट्टी से सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से अमृत वाटिका का निर्माण होगा। मेरी माटी मेरा देश अभियान में पंचायत के मुखियाओ ने कलश में मिट्टी रख कर प्रखंड कार्यालय को कुछ दिन पहले ही सुपुर्द कर दिया। परंतु तोपचांची प्रखंड कार्यालय से शनिवार को जिला मुख्यालय भेजा गया। अमृत कलश यात्रा के दौरान प्रखंड के गिने चुने मुखिया पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के बारे में गिरीडीह सांसद, टुंडी विधायक, प्रमुख, अध्यक्ष व उपाध्यक्ष 20 सूत्री, जिप सदस्य, पंचायत समिति सदस्य व मुखिया को पत्रांक 1353 के माध्यम सूचना दी गई थी, परंतु सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित नहीं रहे।



मेरी माटी मेरा देश अभियान में शामिल लोग।

## बंद घर से महिला की सड़ी-गली लाश बरामद

### अवध सिनेमा फुसरों के निकट है आवास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत अवध सिनेमा हॉल के समीप एक आवास में एक महिला का सड़ा गला शव पुलिस ने आज बरामद किया। शव लगभग 3 से 4 दिन पुराना प्रतीत होता है। शव की पहचान रेखा देवी 42 वर्ष के रूप में हुई। घटना के सूचना मिलते ही बेरमो थाना प्रभारी सुभाष पासवान, महिला थाना प्रभारी ज्योति कुमारी सहित पुलिस के जवान घटना स्थल पर पहुंचे। घटना के संबंध में मृतका के ससुर रामेश्वर भुइयां और सास शांति देवी ने पुलिस को बताया कि रेखा देवी परिवार से अलग रहती थी। स्वयं कमाती खाती थी। वह हम लोगों के साथ नहीं रहती थी। कहां की वह अधिक मात्रा में शराब का सेवन भी किया करती थी। उसके तीन बच्चे हैं वह भी उसके साथ नहीं रहते थे। सब स्वयं कमाते और खाते हुए अलग रहती थी। वहीं उनके पति कोलकाता में रहकर काम करते हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद मृतका की बड़ी बेटी रोशनी कुमारी अपने ससुराल जारंगडीह से यहां पहुंची। उन्होंने बताया कि लगभग एक-डेढ़ सप्ताह पहले वह मां से मिलकर गई थी। तब वह ठीक थी। उन्होंने घटना को लेकर कोई शक नहीं जताया है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सीटू ने सीसीएल स्वांग वाशरी के पीओ को सौंपा मांग पत्र

**बेरमो।** एनसीओई सीटू स्वांग वाशरी शाखा का प्रतिनिधिमंडल ने सीसीएल के कथारा क्षेत्र अंतर्गत स्वांग वाशरी के नवनियुक्त परियोजना पदाधिकारी एके श्रीवास्तव से मिलकर 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यूनियन के कथारा क्षेत्रीय सचिव सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्य प्रदीप कुमार विश्वास ने किया।



जन समस्याओं के समाधान के लिए बैठक करते धनबाद उपायुक्त।

## जन समस्याओं का होगा समाधान : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री वरुण रंजन ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले को स्वच्छ रखने, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने, पेयजल, बिजली सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर धनबाद नगर निगम, ट्रैफिक डीएसपी, रोड कंस्ट्रक्शन डिविजन सहित अन्य विभागों के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि यातायात की ज्वलंत समस्या को सुदृढ़ करने, जिलेवासियों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने व वैसी समस्याएं जो बारंबार सामने आ रही है, उसका चरणबद्ध तरीके से समाधान करने के लिए जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। विगत कुछ दिनों से शहर में कचरा उठाओ बंद को लेकर उपायुक्त ने धनबाद नगर निगम और रैमकी के प्रोजेक्ट हेड से बात कर कचरा उठाने में आने वाली परेशानियों पर विस्तार से चर्चा की और इस समाधान करने की बात कही।

# गौपालन से स्वास्थ्य रक्षा के साथ होता है आर्थिक लाभ

### बीएचपी झारखंड प्रांत गौ रक्षा विभाग की बैठक शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** विश्व हिंदू परिषद झारखंड गौ रक्षा विभाग का दो दिवसीय प्रांत कार्यसमिति की बैठक श्री श्री गंगा गौशाला कतरास में दिनांक 19 अगस्त को दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि गौ रक्षा प्रमुख त्रिलोकी नाथ बागी एवं भारतीय गौवंश संरक्षण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरु प्रसाद जी नकुल चंद्र कमलेश सिंह द्वारिका प्रसाद तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रजनन कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में त्रिलोकीनाथ बागी ने कहा कि गाय के माध्यम से 15 से 20 तरह का व्यापार खड़ा किया जा सकता है। हमारी स्वास्थ्य की रक्षा भी गाय पर निर्भर है । विश्व हिंदू परिषद का गौ रक्षा विभाग पिछले 27 वर्ष से इसी योजना पर कार्य कर रही है। भारतीय गोवंश संरक्षण संवर्धन परिषद का प्रयास है कि कृषि शास्त्र, अर्थशास्त्र ,आयुर्वेद का गोवंश के माध्यम से लोग ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सके। हमारी स्वास्थ्य की रक्षा भी गाय पर निर्भर है। वही कार्यक्रम में पहुंचे बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने प्रांत से आए सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा की कार्यसमिति की बैठक में जो भी निर्णय होगा मैं इसमें साथ दूंगा। गो हत्या प्रतिबंध होने के बावजूद भी तरह-तरह का हथकंडा अपनाकर गौ हत्या की जा रही है। इसके लिए कठोर से कठोर निर्णय लेने की आवश्यकता है।




विहिप की बैठक में शामिल गौरक्षा विभाग के सदस्य।

### बैठक में थे मौजूद

कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रांत प्रमुख कमलेश सिंह सुजीत साहू नकुल चंद्र दास चंदन चक्रवर्ती द्वारिका प्रसाद तिवारी राजकुमार तिवारी शंकर जयसवाल रंजीत कुमार भोला कुमार यादव विकेश सिंह आदि मौजूद रहे।


**Govt. of Jharkhand**
**Office Of the Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa**

**Notice Inviting Tender**

**e-Tender Reference No. : GNP-01/2023-24 Dated : 18.08.2023**

The under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Department and only UDHD of Jharkhand.. The bid shall be submitted online in the Website http:// jharkhand tender.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| S.No. | Name of the Work | Estimated Cost(in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of tender paper (Rs.) | Time of completion | Name of the Concerned Office |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction Of PCC Road from (i) alahuddin house to alinagar main road -708' (ii)alinagar main road to anunla hose-492' (iii) Immudin ansari to yadutulah ansari house-1074' (iv) yale rasul khan to raju khalifa house-510'(v) aurang house to sakil khan-606' (vi) laddu khalifa to inteyaj ansari-560' (vii) sakina bibi house to alahuddin hasmi-295'(viii) Natar khan house to naimuddin ansari-140' under ward no. 1 | 9677084.00 | 193600.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 2 | Construction Of PCC Road from (i) Lallu ram house to israil khan hosue-1000' (ii) suresh agrawal house to Prabha devi house- 460' (iii)monafa ansari house to imdad khanhouse-215'(iv) yasin khan house to samim ansari house -426'(v) saroj khan house to sabir khalifa house-770' (vi)shambhu ram house to jasmuddin ansari house-770'(vii) Manjhiaon main road (uchari) to jobraiya siwan -1400'under ward no. 1 | 9893782.00 | 198000.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 3 | Construction Of PCC Road from (i) basant sharma house to tree of khajur-1312' (ii) tree of khajur to firoj abbasi house-688' (iii) late salim house to nausad khan house-590'(iv) imamudin chawal to bazar samiti hata near ojibul house-200' under ward no. 2 | 6138430.00 | 122800.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 4 | Construction Of PCC Road from (i) Kishan Kumar Houses to Abhay Singh Houses vaya Bihari Bhagat Houses at sonpurwa-2250' under ward no. 3 | 4946929.00 | 99000.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 5 | Construction Of PCC Road from (i)chandu guruji house to relway crosing and anil pandey house to uday paswan house 1607' (w-4)(ii) dhyanand aayurvedic school to dyaprasad jaiswal house- 130'(w-5)(iii) sarjan khan house to ayodhya prasad -305(w-6) | 4549746.00 | 91000.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 6 | Construction Of PCC Road from (i)karuna nidhi house to arun diwedi house-590' (ii)surendra dubey house to vinay tiwari house-540'(iii)ramnarayan pandey house to vinay chaubey house-395'(iv) kamlesh chandravanshi house to aatma shukla house-610' (v)viru pal to kondu pal-196' (vi) rampal mahto to ramji mahto-445 under ward no. 13.(i)Rameshwer gaud house toshivnath singh hous eunder ward no 04 | 6716232.00 | 134500.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 7 | Construction Of PCC Road from (i)arjun tiwari house to satyendra tiwari (danro nadi pull)-322' (ii) naval tiwari house to satyanarayan yadav house-260' (iii)ajay keshri to baban pandey-495' under ward no 15.(i) vijyatik house to sideshwer prasad house- 80'under ward no. 16 (i)gopal soni to brahm kunwa-180'(ii)tajendra mehta to umesh soni house-180'(iii) chapanal to jagdish prasad at dabgar muhlla-95' (iv) pradip das to kashinath keshar-210' (v) sarju ram to raju ram -150' under ward no. 18. (i) nandu mahto house to ketar mahto-165' (ii) guput mahto to abhaki mahto-196' (iii) bhagwan mahto house to ganesh mahtohouse-65' (iv) sonu soni to santosh soni house-160'(v) kamash paswan house to ramesh paswan house-165' (vi) s kumar saw to khakhan mahto house-132' (vii)midile school to chhotan mahto farm-196' under ward no.-19 | 6752349.00 | 135100.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 8 | Construction Of PCC Road from (i)Unchri masjid to Haji Farid Houses -1000' (ii) Firoj Abbasi Houses to Belal Ansari Houses vaya Israil Ansari Houses | 4441359.00 | 89000.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 9 | Construction Of PCC Road from (i)Basant Sharma Houses Vaya Khalil Ansari, , Basir Ansari ,Kousar Abbasi to Israil Ansari Houses -1600' (ii) Mansur Ansari Houses And Azad Ali Houses to Pidi -600' | 4874801.00 | 97500.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 10 | Construction Of PCC Road from (i) Bechan Shop to Noushad Khan Houses-900' (ii) Mohibutullah khan Houses and Near Imammudin Ansari Housesand Akhtar Ansari Houses vaya Aobitullah Khan and Sipahi ji Houses to Moullana Soud Houses-1000' | 4224766.00 | 84500.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 11 | Construction Of PCC Road from (i) Kundan Paswan HousesVaya Sunil Kamlapuri Houses to Pintu Tiwari Houses -1000' | 4224766.00 | 84500.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 12 | Construction Of PCC Road from NH-75 to shivpuri colony Dr. Vernwal Hoses to Smt. Veena Pathak House to Amrendra singh houses vaya Shashi art to anil chaubey houses vaya munna singh houses - 2600' | 5521094.00 | 110500.00 | 10000.00 | 06 ekg | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |

**Note :** Updated estimated cost should be considered for earnest Money.
2. Period of availability of tenders online\date & time bidding on-line\last date of seeking clarification/of opening of tender papers are as give below:

| Sl. No. | Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender on line for bidding | | Document Submission Date | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G |
| | | | From | To | | |
| 1. | Executive officer ,Nagar Parishad, Garhwa | Place of the Executive officer ,Nagar Parishad, Garhwa | Date-**24.08.2023** Time 10:00 A.M | Date- 11.09.2023 Time 5:00 P.M. | 12.09.2023 Time 01:00 P.M. | N.P.G , Garhwa **Date 15.09.2023** Time 11:00 A.M |

**Note : 1.** Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
4. पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146(S) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार 10 (दश) प्रतिशत से न्यून निविदाताओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से
(i) 10 से 20% Below की राशि का 20% तथा (ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू रहेगा।
5. उक्त निविदा https://udhd.jharkhand.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
6. Helpline Number of E-Procurement cell- 8409053313, 9431141644

Sd/-
EXECUTIVE OFFICER
NAGAR PARISHAD GARHWA

PR.NO.305047 Urban Development(23-24):D

समय **संवाद**

तीन रंगों की पट्टियों वाले राष्ट्रीय ध्वज की सबसे ऊपर की केसरिया रंग की पट्टी त्याग, बल और पौरूष की प्रतीक है, जबकि बीच वाली सफेद पट्टी शांति और सत्य की प्रतीक है और सबसे नीचे की हरे रंग की पट्टी हरियाली, समृद्धि एवं सम्पन्नता की प्रतीक है। झंडे के बीचों-बीच सफेद पट्टी में स्थित गहरे नीले रंग का अशोक चक्र आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। 24 तीलियों वाला अशोक चक्र देश की प्रगति, राष्ट्र के कानून और धर्म के पहिये का प्रतीक है। हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा अन्य देशों के ध्वजों के मुकाबले अनेक विशेषताएं धारण किए हुए है। हमारा राष्ट्रीय ध्वज न केवल राष्ट्र की एकता, अखंडता, गरिमा, गौरव, शक्ति, आदर्श और आकांक्षाओं का प्रतीक है।

# 41 साल में बना हमारा तिरंगा

**योगेश कुमार गोयल**



**विश्व** में प्रत्येक राष्ट्र का अपना राष्ट्रीय ध्वज है। राष्ट्र कोकिला सरोजिनी नायडू ने भी राष्ट्र ध्वज की महत्ता का उल्लेख करते हुए संविधान सभा में 22 जुलाई 1947 को कहा था कि नये भारत के सभी नागरिकों को इस राष्ट्र ध्वज को प्रणाम करना होगा और इसके नीचे कोई छोटा-बड़ा नहीं होगा।

**1906 :** राष्ट्र ध्वज का सफर 7 अगस्त 1906 को आरंभ हुआ था। हरे, पीले और लाल रंग की तीन पट्टियों से बना यह ध्वज कलकत्ता के पारसी बागान में फहराया गया था। उस ध्वज पर ऊपर की हरी पट्टी पर एक ही पंक्ति में सफेद रंग के आठ कमल अंकित थे, जबकि बीच वाली पीली पट्टी पर देवनागरी में गहरे नीले रंग से वंदेमातरम्‌ लिखा था और नीचे की लाल पट्टी पर बायीं ओर एक सफेद सूर्य और दायीं ओर एक-एक सफेद चन्द्रमा और तारा अंकित थे।

**1917 :** डॉ. एनी बेसेंट और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक द्वारा 1917 में ह्यहोमरूल आंदोलनह्न चलाया गया था। उस समय एक नया राष्ट्रीय ध्वज तैयार किया गया, जिसमें लाल और हरे रंग की एक के बाद एक कुल 9 समानान्तर और तिरछी पट्टियां थी। उस ध्वज के बीचों-बीच 7 तारे थे और एक कोने में चांद व तारा अंकित थे, जबकि उसके ऊपरी बायें कोने में यूनियन जैक का चित्र (झंडे का चौथाई भाग) बनाया गया था। झंडे में यूनियन जैक के इस चित्र को सम्मिलित किए जाने के कारण ही यह अधिकांश लोगों द्वारा नापसंद कर दिया गया, क्योंकि इस चित्र को राष्ट्रीय ध्वज में स्थान देने का अर्थ यही माना गया कि भारतीय समाज की ब्रिटिश सम्प्रभुत्ता के प्रति स्वीकृति है। तब एक ऐसे ध्वज की आवश्यकता महसूस की गई, जो प्रत्येक धर्म, संप्रदाय और विचारधाराओं के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के साथ देशवासियों के लिए जीवन-मरण का प्रतीक भी बन सके।

**1921 :** विजयवाड़ा में कांग्रेस के अधिवेशन में पिंग्ले वेक अथ्या नामक एक क्रांतिकारी युवक ने महात्मा गांधी को एक ऐसा ध्वज भेंट किया, जिसमें लाल व हरे रंग की केवल दो पट्टियां थी, लेकिन पंजाब के एक बुजुर्ग नेता रायजादा पंडित हंसराज ने गांधी जी को सुझाव दिया कि इस ध्वज में चरखे को भी अंकित किया जाए और तब गांधी जी ने यह सुझाव स्वीकारते हुए हिन्दुओं के लिए केसरिया रंग, मुस्लिमों के लिए हरा रंग तथा अन्य सम्प्रदायों के लिए ध्वज में सफेद रंग को भी शामिल किया। 31 दिसंबर 1929 को रावी नदी के तट पर इसी तिरंगे को फहराते हुए पूर्ण स्वतंत्रता की मांग की गई थी।

**1931 :** बहुत से लोगों को राष्ट्रीय ध्वज को जातियों व धर्म-सम्प्रदाय से जोड़ना उचित नहीं लगा, अतः 1931 में राष्ट्रीय ध्वज के स्वरूप के निर्धारण के लिए कराची कांग्रेस ने 7 व्यक्तियों की एक समिति बनाई और समिति ने एक ही रंग (केसरिया) के ध्वज में नीचे बायीं ओर लाल रंग के चरखे का चिन्ह अंकित करने का सुझाव दिया, जिसे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने अस्वीकार कर दिया। तत्पश्चात' पं. जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक हुई और तिरंगे ध्वज को ही बीच की सफेद पट्टी में चरखे सहित मान्यता प्रदान की गई। उस निर्णय को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया, इस ध्वज का आकार लम्बाई और चौड़ाई में 3:2 रखा गया।

**1947 :** स्वतंत्रता प्राप्ति के चंद दिनों पहले जब भारत के सम्मान और स्वाभिमान के प्रतीक स्वरूप स्वतंत्र भारत के लिए राष्ट्रीय ध्वज की चर्चा चली तो 1931 में सर्वसम्मति से स्वीकार किए गए ध्वज को ही पुनः राष्ट्र ध्वज के रूप में स्वीकार किया गया, लेकिन 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा की एक बैठक में पं. नेहरू ने चरखे के स्थान पर इसमें देश की प्रगति, राष्ट्र के कानून और धर्म के पहिये के प्रतीक 24 तीलियों वाले अशोक चक्र को रखने का सुझाव दिया।

# गुरु चेतन है और चेतन का ही महत्व है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**सभी** धर्मों, पंथ और संप्रदाय का मार्ग एक ही है और इस कारण भक्ति की उंची स्थिति में पहुंचना ही भक्त का उद्‌देश्य होना चाहिए। सनातन हिन्दू, इस्लाम, ईसाई सहित सभी धर्मों के गुरु का कार्य जीव का उद्धार कराना ही है। आज यह बड़ी बात है कि सगुण के रूप में सदगुरु के दर्शन और श्रवण का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि एक भक्त पटना आश्रम में आते थे। वृद्ध थे और रामायण की अच्छी जानकारी थी। लगभग चार-पांच साल तक आने के बाद भी वे मंत्र दीक्षा नहीं ले रहे थे।

उन्हें शिकायत भी थी कि उनके मित्र और सहयोगी उन्हें दीक्षा लेने पर जोर दे रहे हैं। लगभग पांच साल ब्रह्म विद्यालय और आश्रम के पटना और मुख्य स्थान तक जाने के बाद उन्होंने अपनी शंका जाहिर की कि गुरुदेव हमने देवराहा बाबा से दीक्षा ली है तब क्या ब्रह्म विद्यालय की दीक्षा ली जा सकती है। लोग कहते हैं एक ही गुरु किया जाना चाहिए। यह सच है कि एक गुरु होना चाहिए। लेकिन गुरु तत्व पूरे संसार में एक ही है।

आवश्यकता है आप जीवन में इसे अपना लें। उन्होंने मंत्र दीक्षा भी ली और सन्यासी भी बन गये। गुरु पद है उसे स्वीकार्य किया जाना चाहिए। वे अति विनम्र और मधुर बोलने वाले थे। गुरु के प्रति आपका प्रेम और समर्पण आपको बड़े ही शानदार ढंग से लौटता है। इस का साक्षात उदाहरण हमारे दरबार में एक नहीं अनेकों हैं। जीव के उद्धार के लिए परम पूज्यनीय स्वामी शिवधर्मानंद जी ने जो वाणी और व्यवहार अपनाया वर्तमान समय में वह ज्ञान और भक्ति की संपूर्ण उंचाई का सर्वोच्च उदाहरण है।

जब गढ़वा घाट काशी बनारस के स्वामी जी ने स्वामी शिवधर्मानंद जी को गंगा पार राजपुर भेजा तो एक भी व्यक्ति सहयोग के लिए नहीं था। उन्हें एक गांव में भेज दिया। आज वही गांव पूरे देश में तत्व ज्ञान के प्रचार प्रसार का केन्द्र बना। यह पूरे देश में तत्व ज्ञान को फैला रहा है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि काली मां के प्रति उनका जो प्रेम था उनका भाव था जिसमें रात-दिन डूबे रहते थे। स्वामी तोतेपूरे ने उन्हें ज्ञान का अहसास करा दिया। स्वामी रामकृष्ण उस परमतत्व को प्राप्त कर गुरु पद को सुशोभित किया। गुरु ग्रंथ का अर्थ मनुष्य को ग्रंथियों से मुक्त कराने वाले से है। जड़ और चेतन के इस संसार में जड़ के बंधन काटने वाले तत्व ज्ञानियों, सदगुरु नानक देव, कबीर, धरनीदास, दरियादास, रैदास गुरु ग्रंथ हीं हैं। गुरु ग्रंथ में इनकी ही वाणी सुरक्षित है। गुरुग्रंथ को जानिए प्रकट गुरु की देह। वर्तमान समय में जीव ग्रंथियों में उलझकर अपने मूल कर्त्तव्य से विमुख हो रहा है। साहित्यकार जयशंकर प्रसाद की रचना कामायनी की पंक्तियां- एक तत्व की है प्रधानता उपर ही जल है, नीचे एक तरल है एक सघन। कहां जड़ या कहां चेतन। मनुष्य का शरीर या गुरु दरबार जड़ है। गुरु चेतन है और चेतन का ही महत्व है। जीवन में व्यक्ति और स्थान का बड़ा महत्व है। परमहंस दयाल जी ने छपरा से अपनी भक्ति यात्रा आंरभ की, लेकिन टेरी जो अब पाकिस्तान में है वहां जाकर ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम स्थापित किया। इस कार्य में उन्हें 20 वर्षों का समय लगा। संत आनंदपुर से मिले तब दरबार बना। प्रकृति नहीं मिलती तब तक पुरुष निद्रा में होता है। उन्होंने जो भक्ति की चेतना जगाई वह आज भी गढ़वा घाट काशी और राजपुर होते फिर से छपरा पहुंचा। 1846 में इनका जन्म छपरा में हुआ था।

**(मुख्य स्थान : ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर, बिहार)**

# संविधान के अधिकार और हमारे वैवाहिक मूल्य



**सोनाली भट्टाचार्य**



**कितना** अच्छा होता कि विभिन्न धर्मों के कानूनों में उचित सुधार करके समान रूप से संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों के लाभ दिलाने की दिशा में प्रयास होते। तलाक के लिये समान आधार का मुद्दा भी अप्रत्यक्ष रूप से समान नागरिक संहिता की आवश्यकता को आगे बढ़ाने वाला लगता है क्योंकि इसमें संविधान के अनुच्छेद 14, 15, और 21 के साथ ही 44 को शामिल किया गया है।

अनुच्छेद 44 समान नागरिक संहिता के बारे में ही है। अनुच्छेद 44 अनुसार, शासन भारत के समस्त राज्य क्षेत्र में नागरिकों के लिये एक समान सिविल संहिता प्राप्त करने का प्रयास करेगा। लेकिन यह अनुच्छेद आज तक संविधान की पुस्तक तक सिमटा हुआ है जबकि इस दिशा में कदम उठाने के बारे में कई बार उच्चतम न्यायालय अपनी राय व्यक्त कर चुका है।

न्यायालय में पहुंचे इस प्रकरण के अनुसार हिन्दू, बौद्ध, सिख और जैन समुदाय के सदस्यों को हिन्दू विवाह कानून, 1955 के तहत विवाह विच्छेद की प्रक्रिया अपनानी होती है जबकि मुस्लिम, ईसाई और पारसी समुदाय में विवाह विच्छेद के लिये उनके अपने पर्सनल कानून हैं। इसके अलावा, अंतर-आस्था वाले वैवाहिक जोड़ों को विशेष विवाह कानून, 1956 के तहत विवाह विच्छेद की प्रक्रिया का पालन करना होता है। तलाक के समान आधार के पक्ष में दलील दी जा रही है कि हिन्दू, ईसाई और पारसी समुदाय में व्यभिचार विवाह विच्छेद का आधार है जबकि मुस्लिम समुदाय के लिये ऐसा नहीं है। हिन्दू और ईसाई समुदाय में असाध्य कुष्ठ रोग तलाक का आधार है लेकिन पारसी समुदाय में ऐसा नहीं है जबकि हिन्दू और मुस्लिम समुदाय में नपुंसकता तलाक का आधार है परंतु ईसाई और पारसी समुदाय में ऐसा नहीं है।

यह भी दलील दी गयी है कि हिन्दुओं में नाबालिग से विवाह तलाक का आधार है जबकि ईसाई, पारसी और मुस्लिम समुदाय में इस आधार पर तलाक का प्रावधान नहीं है। इसी से जुड़ा एक और सवाल है और वह है परस्पर सहमति से तलाक। परस्पर सहमति से तलाक का मसला ईसाई समुदाय के तलाक कानून के संदर्भ में न्यायालय में आया था।

ईसाई समुदाय के डेढ़ सदी से ज्यादा पुराने भारतीय तलाक कानून की धारा 10-क (1) के तहत कम से कम दो साल अलग रहने के बाद ही इस समुदाय का कोई जोड़ा परस्पर सहमति से विवाह विच्छेद के लिये आवेदन कर सकता है। इसके विपरीत, विशेष विवाह कानून, 1954 की धारा 28, हिन्दू विवाह कानून, 1955 की धारा 13-बी और पारसी विवाह एवं तलाक कानून, 1936 के तहत परस्पर सहमति से तलाक के लिये पति-पत्नी को कम से कम एक साल अलग रहना होता है। इसी तरह, समान नागरिक संहिता की अप्रत्यक्ष रूप से हिमायत करते हुए न्यायालय में एक अन्य याचिका दायर की गयी थी। इस याचिका में भरण पोषण और गुजारा भत्ता के संबंध में भी समान आधारों वाली ऐसी व्यवस्था बनाने का अनुरोध किया गया था जो लैंगिक और धार्मिक रूप में तटस्थ हो तथा अंतर्राष्ट्रीय संधियों के अनुरूप हो। संविधान के प्रावधानों का हवाला देते हुए कुछ समुदायों के व्यक्तिगत कानूनों में प्रचलित प्रथाओं पर सवाल उठाये जा रहे हैं। इसमें बहुविवाह से लेकर तलाक होने की स्थिति में गुजारा भत्ता और भरण पोषण तथा बच्चों के उत्तराधिकार जैसे सवाल उठाये जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में सवाल उठता है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 के प्रावधानों के अनुरूप विभिन्न समुदायों से संबंधित व्यक्तिगत कानूनों में उचित सुधार करने का समय आ गया है तो इसके लिये संबंधित समुदायों या धर्म गुरुओं और प्रतिनिधियों को पहल करनी होगी। हालांकि, एक तबका इन सुधारों की हिमायत करते हुए उच्चतम न्यायालय द्वारा तीन तलाक की प्रथा को असंवैधानिक घोषित करने की व्यवस्था का हवाला देता है। इसी के आधार पर अब हिन्दू समाज में पहली पत्नी के रहते दूसरा विवाह अमान्य होने लेकिन मुस्लिम समुदाय में पहली पत्नी के बावजूद दूसरी शादी को मान्यता जैसी प्रथा पर भी न्यायालय में ही सवाल उठाया गया है। वैसे न्यायालय ने कहा है कि वह यह विषय विधि आयोग के पास विचारार्थ भेज सकता है जिसे तीन महीने में अपने सुझाव देने होंगे लेकिन अभी तो देश में नया विधि आयोग गठित ही नहीं हुआ है। विधि आयोग का मत है कि विभिन्न समुदायों और धर्मों से संबंधित पर्सनल लॉ के साथ ही विशेष विवाह कानून और अभिभावक तथा आश्रित कानून आदि की खामियों को चरणबद्ध तरीके से दूर करके इन्हें संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों के अनुरूप बनाना अधिक बेहतर होगा।

**(अधिवक्ता झारखंड हाई कोर्ट रांची)**

# स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम



**स्वच्छ** सर्वेक्षण 2023 के संबंध में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सांस्कृतिक अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करवाने वाली देश की सर्वश्रेष्ठ संस्था चाणक्य आईएएस एकेडमी में किया गया जिसका उद्घाटन संस्थान के डायरेक्टर डॉ कृष्णा सिन्हा, बिजनेस हेड ऋषभ सिन्हा तथा पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने किया। निदेशक डॉ कृष्णा सिन्हा ने कहा कि देश की चहुमुखी प्रगति के लिए हम सभी को स्वच्छता संबंधी आदतों को बेहतर बनाना होगा। स्वच्छता पर आधारित जीवन शैली अपनाना कठिन नहीं है। अपनी आदतों में परिवर्तन करके हम अपने गली-मोहल्ले, शहर और पूरे देश को साफ रख सकते हैं। स्वच्छता के संबंध में पिछले कुछ वर्षों में व्यापक बदलाव आया है। पटना नगर की स्वच्छता भी बेहतरीन हुई है। लेकिन इस संबंध में जितना प्रयास अभी तक किया गया है उससे कहीं और ज्यादा प्रयास करने की आवश्यकता है । यह प्रयास सिर्फ सरकारी एजेंसियों को नहीं करना है बल्कि हम नागरिकों को भी करना है।

पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि शहर की स्वच्छता हम सब की जवाबदेही है। पटना हमारा शहर है और इसे हम सबको ही मिलकर साफ रखना है। चाणक्य आई ए एस एकेडमी में छात्रों की गुणवत्ता व साफ सफाई के प्रति जागरूकता से मैं काफी प्रभावित हूं । उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में सभी को भाग लेने के लिए कहा। स्वच्छता पर आधारित लोकगीत गाकर भी उन्होंने लोगों को जागरूक करने का काम किया।

# गफलत में मारे जाते लाखों निरीह गोह

**प्रियंका चन्द्रा**



**गोहेरा,** घ्योरा, गोह, विषखोपड़ी आदि नामों से जाना जाने वाला यह प्राणी बेहद शमीर्ला सरीसृप है। यह एक बड़ी छिपकली के परिवार से आता है जिसे मोनिटर लिजर्ड कहते हैं। इन छिपकलियों की उत्पत्ति लगभग साढ़े छः करोड़ साल पहले एशियाई महाद्वीप और आस्ट्रेलिया में हुई थी। इनके पूर्वज मेगालेनिया करीब 16-20 फुट लंबे थे। आज इनकी करीब 70 प्रजातियां हैं जो अफ्रीका, दक्षिण एशिया और आस्ट्रेलिया तक फैली हैं। भारत में गोह की चार प्रजातियां मिलती हैं बंगाल गोह, पीली गोह, जल गोह और रेगिस्तानी गोह। पीली गोह पूर्वी राज्यों और पश्चिम बंगाल में पाई जाती है। यह पानी के पास दिखाई देती है व पेड़ पर नहीं चढ़ सकती। जल गोह विश्व की दूसरी सबसे बड़ी छिपकली है जो आसाम, पश्चिम बंगाल एवं अंडमान के जलीय इलाकों में होती है और पेड़ों पर चढ़ने में माहिर है। रेगिस्तानी गोह राजस्थान के रेतीले इलाकों में रहती है।

**जहरीली नहीं है कोई भी प्रजाति**

अधिकतर नजर आने वाली नस्ल बंगाल गोह है जो लगभग समस्त भारत में मिलती है। गोह के छोटे बच्चों को गोहेरा कहते हैं। यह विष रहित सरीसृप है। दरअसल भारत में कोई भी छिपकली की प्रजाति विषैली नहीं है। गोह के मुंह में तो विषदंत भी नहीं होते। वयस्क गोह का वजन पांच से सात किलो, लम्बाई डेढ़ से दो मीटर और उम्र 20-22 वर्ष तक होती है। गोह तकरीबन हर तरह के वातावरण में रह सकती है। आप इसे रेगिस्तान, पहाड़, नदी नालों व जंगलों में देख सकते हैं। गोह की त्वचा सख्त है जो इसे शिकारियों, चट्टानों और कंटीले इलाकों में नुकसान से बचाती है। गोह के बारे में अंधविश्वास ऐसे-ऐसे भी हैं कि इसके मांस और पूंछ के तेल के सेवन से शक्ति और पौरुष मिलता है।



**जन्मते ही शिकार करने वाले गोहिरे**

मादा एक साल में एक बार सितंबर-अक्तूबर में 20-24 अंडे देती है और तीन से सात महीने तक सेती है। करीब 80 फीसदी अंडों से 12-15 सेंटीमीटर के बच्चे निकलते हैं। छोटे नवजात, गोहिरे रंगीन और चित्तीदार होते हैं। मां-बाप बच्चों को खाना नहीं खिलाते और पहले दिन से ही गोहिरे छोटे-छोटे जानवरों जैसे बिच्छू, कीड़ों, मेंढक, मछली और छोटे सांपों का शिकार शुरू कर देते हैं। गोहिरे चींटियों की बांबी और पेड़ों में रहते हैं। वे अपने पहले वर्ष तेजी से बढ़ते हैं और तिगुने से अधिक बड़े हो जाते हैं। यह आकार ही इन्हें शिकारियों से बचाता है। लगभग तीन वर्षों में ये संपूर्ण गोह में परिवर्तित हो जाते हैं।

**इंसानों को नहीं काटते**

गोह घात लगाकर हमला करने के बजाय पीछा करके शिकार करते हैं। गोह बहुत तेज दौड़ते हैं। गोह रात में सोते हैं और दिन में शिकार करते हैं। ये भोजन की उपलब्धता के अनुसार अपनी सीमा बदल लेते हैं। गोह आंखें नहीं झपकती और उनकी दृष्टि बहुत तेज होती है। गोह कभी इन्सानों को नहीं काटते। काटने के मामले तभी होते हैं जब लोग इसे पकड़ने या मारने का प्रयास करते हैं। मनुष्य का लालच, अंधविश्वास, और कुदरती निवास का हनन। खाल से बहुमूल्य चमड़ा, मांस से बीमारियों का इलाज एवं खून और हड्डियों से कामोत्तेजक औषधि। पर सबसे अधिक बिकता है इस अभागे प्राणी के नर जननांग। अंधविश्वास है कि नर गोह के जननांग को सुखा कर चांदी के डिब्बे में रखने से घर में लक्ष्मी आती है।

# उपस्थिति कम हुई तो 2024 सीबीएसइ एक्जाम से बाहर

***अटेंडेंस कम हुई तो नहीं दे पायेंगे बोर्ड एग्जाम, विषय भी नहीं बदल सकते, सीबीएसई ने जारी की गाइडलाइन***

सीबीएसई ने बोर्ड एग्जाम्स को लेकर एक गाइडलाइन जारी की है। इसमें कई ऐसी बातें बताई गई हैं, जिन्हे बोर्ड की परीक्षा देने वाले हर छात्र को जरूर देखना चाहिए। इसमें अटेंडेंस और सबजेक्ट से जुड़ी कई अहम बाते कही गई हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 2024 में होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए गाइडलाइंस जारी की हैं। स्टूडेंट्स को ये गाइडलाइन बहुत अच्छे से समझ लेनी चाहिए, क्योंकि इसमें अटेंडेंस, स्टूडेंट्स की डिटेल और सबजेक्ट से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें कही गई हैं। ध्यान हो कि कल ही (18 अगस्त) सीबीएसई ने छडउ फॉर्म भी जारी किया था। आइए जानते हैं इस गाइडलाइन में क्या जरूरी बातें कही गई हैं।

**12वीं में नहीं बदले जा सकेंगे सबजेक्ट**

उइरए ने गाइडलाइन में कहा है कि 12वीं में छात्रों का सबजेक्ट चेंज नहीं किया जाएगा, यानी जो भी सब्जेक्ट वो 11वीं में पढ़ेंगे, उन्हे वही विषय 12वीं में भी पढ़ने होंगे। गाइडलाइन में सभी स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वो स्टूडेंट्स की फोटों और डिटेल्स सावधानीपूर्वक भरें। सीबीएसई के अनुसार, 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा फरवरी के दूसरे सप्ताह से शुरू होनी हैं। स्कूलों को इस बात की सूचना पहले ही दे दी गई है। पहले उन विषयों की परीक्षा होगी, जिनमें छात्रों की संख्या कम रहेगी। मेन सूबजेक्ट्स के एग्जाम 20 फरवरी से शुरू होकर अप्रैल के पहले सप्ताह तक होंगे।

**10वीं और 12वीं में नहीं मिलेगा एडिशनल सबजेक्ट**

इसके अलावा यह भी कहा गया है कि अगर कोई स्टूडेंट एडिशनल और एक्स्ट्रा विषय लेना चाहता है तो उसे 9वीं या 11वीं कक्षा में रजिशट्रेशन के समय लेना होगा। कक्षा 12 और 11 में छात्र को एडिशनल सबजेक्ट नहीं दिया जाएगा।

**75 फीसदी उपस्थिति जरूरी**

बोर्ड की ओर से जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार, अब 1 जनवरी 2024 तक स्कूल में छात्रों की 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य है। बोर्ड से कहा है कि क्षेत्रीय कार्यालय के पास छात्रों की सूची आने के बाद इसका निर्णय लिया जाएगा कि कम उपस्थिति वाले छात्रों को परीक्षा देने की अनुमति मिलनी चाहिए या नहीं। हालांकि, अंतिम निर्णय बोर्ड का होगा, बोर्ड की अनुमति के बाद ही ऐसे स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हो पायेंगे।

**28 सितंबर तक भरें एलओसी**

इसके अलावा, बीते 18 अगस्त को बोर्ड ने 'लिस्ट ऑफ कंडिडेट फॉर्म भी जारी किया था। स्कूलों से इसके जरिए सभी स्टूडेंट्स का डेटा मांगा गया था। बोर्ड ने स्कूलों, छात्रों और छात्रों के अभिभावकों को भी यह निर्देश दिया था कि एलओसी वे यह सुनिश्चित करें कि फॉर्म में जो भी जानकारी भरी जा रही है, वह बिल्कुल सही और सत्य है। एसओसी फॉर्म भरने के लिए स्कूलों को 18 सितंबर, 2023 तक का समय दिया गया है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सिविल जज नियुक्ति परीक्षा कट ऑफ डेट का विरोध

**मृत्युंजय प्रसाद**



**अखिल** झारखंड अधिवक्ता संघ की एक बैठक आज न्यू बार भवन के प्रथम तल्ला पर संघ के प्रधान महासचिव भरत चन्द्र महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल जज जूनियर डिवीजन के लिए प्रकाशित विज्ञापन में आयु सीमा के लिए कट अप डेट 31 जनवरी 2023 रखे जाने का विरोध किया गया । बैठक में कहा गया कि वर्ष 2016 के बाद वर्ष 2023 में सिविल जज जूनियर डिवीजन के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। करीब सात साल के बाद विज्ञापन आने से बहुत अभ्यर्थियों की उम्र सीमा समाप्त हो गयी है, जिससे वे फार्म भरने से वंचित हो जा रहे हैं और न्यायिक पदाधिकारी बनने का सपना चकनाचूर हो जा रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि संघ का एक प्रतिनिधिमंडल उम्र सीमा में पांच बर्ष की छूट देने की मांग को लेकर राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं विरोधी दल के नेता समेत सभी पार्टियों के विधायकों से मिलकर ज्ञापन सौंपनें का कार्य करेंगे।

बैठक में डुमरी विधानसभा उपचुनाव पर भी चर्चा की गयी एवं राजग प्रत्याशी श्रीमती यशोदा देवी की जीत सुनिश्चित करने के लिए डुमरी विधानसभा क्षेत्र में जाकर राजग प्रत्याशी श्रीमती यशोदा देवी के पक्ष में प्रचार प्रसार करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक डा प्रकाश झा, रेखा वर्मा, सचिव गोपेश्वर सिंह, निरंजन राम, सतेन्द्र सिंह, एन के मुरलीधर, रांची जिला अध्यक्ष अंजित कुमार, बिपिन बिहारी देवरत्न, एहसान अंसारी, मीडिया प्रभारी मृत्युंजय प्रसाद समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

इस संबंध में अगर सरकार मांग नहीं मानती है तो यह अधिवक्ताओं के साथ अन्याय होगा और हजारो युवाओं के करियर से भी खिलवाड़ा होगा जो परीक्षा नहीं होने के कारण तैयारी करते हुए उम्र पार कर गये।

# चिन्हित होंगे अपराधियों के अड्डे

## कहां से मिल रहा पैसा और हथियार, इस पर है पुलिस की नजर : एसपी

### अपराधियों के कब्जे में पड़े क्वार्टर जल्द होंगे खाली

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़ ।** अपराधिक गिरोह के सदस्यों को कहां से हथियार सप्लाई हो रहा है और कहां से उन्हें पैसे उपलब्ध कराए जा रहे हैं इस पर उनकी पैनी निगाह है। यह बातें शनिवार को अपराध समीक्षा बैठक के दौरान एसपी पीयूष पांडे ने कही।

उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले का कुछ इलाका आपराधिक गिरोह से काफी अधिक प्रभावित है। लेकिन पुलिस की चप्पे चप्पे पर नजर है। उन्होंने बताया कि पांडे गिरोह, श्रीवास्तव गिरोह, अमन साहू के साथ-साथ संगठित अपराध में शामिल अन्य गिरोह पर भी नकेल कसने की तैयारी चल रही है। पुलिस ने छापेमारी भी शुरू कर दी है। एसपी ने बताया कि पतरातू, बरकाकाना, भदानी नगर और भुरकुंडा पुलिस अपने क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चलाएंगे। पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अपराधियों के अड्डे को जल्द से जल्द चिन्हित किया जाए। किस प्रखंड क्षेत्र में कौन से गांव और किस घर में अपराधियों का जमावड़ा लगता है? किस स्थान पर बैठकर वे अक्सर अपराधिक योजनाओं को तैयार करते हैं ? उन सभी जगह को पुलिस तलाश रही है। एसपी ने बताया कि पूरी टीम इस बात पर लगी है कि संगठित अपराध पर अंकुश लगाया जाए।

**पतरातू, बरकाकाना, भदानी नगर और भुरकुंडा पुलिस अपने क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चलायें**

जिले में सरकारी और निजी कई कंपनियां वर्षों से अपना काम कर रही है। इसमें सीसीएल, टाटा स्टील, पीटीपीएस , जिंदल स्टील, रेलवे के द्वारा क्वार्टर का निर्माण किया गया है। हालांकि यह क्वार्टर उनके कर्मचारियों के लिए अलॉट किया जाता था। अब अपराधियों ने उनके खाली पड़े क्वार्टर को अपना अड्डा बना लिया है। उन अड्डों को भी खाली करना बेहद आवश्यक है। सभी थानों की पुलिस को यह निर्देश दिया गया है कि वह जल्द से जल्द अपने क्षेत्र में सरकारी क्वार्टर में अवैध कब्जा कर रहा रहे लोगों का सत्यापन करे। साथ ही आपराधिक गिरोह से तालुकात रखने वाले लोगों पर तत्काल कार्रवाई करने का आदेश भी दिया गया है। अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति किसी क्वार्टर में मिलता है तो उसे भी तत्काल उस जगह से निकालने का निर्देश दिया गया है।

**महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के प्रति रहे संवेदनशील :** एसपी पीयूष पांडे ने सभी थाना प्रभारी को यह निर्देश दिया है कि वह महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील रहे। जिले में अलग-अलग स्थान पर अक्सर जांच अभियान चलाया जाता है। उनमें कई बार महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी फंस जाते हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें काफी कठिनाई होती है। रामगढ़ पुलिस आम जनता के सहयोग के लिए मुस्तैद है, ना कि उन्हें परेशान करने के लिए। इसलिए सभी प्रभारी को यह निर्देश दिया गया है कि वह संवेदनशील होकर अपना जांच करें।

**नियमित रूप से करें पेट्रोलिंग**

एसपी ने अपराध समीक्षा बैठक के दौरान सभी थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र में नियमित रूप से पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा जिन स्थानों पर पुलिस को संदेह है वहां पेट्रोलियम टीम सुबह और रात में पेट्रोलिंग करेगी।

### राजेश का दिव्यांग क्रिकेट में चयन

विष्णुगढ़। आठमील मोड़ निवासी राजेश कुमार का चयन झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम के लिए हुआ है। वे 26 व 27 अगस्त को तमिलनाडु के कोयंबटूर में होने वाले गैलेक्सी प्रिमियर लीग के तहत त्रिकोणीय सीरीज में झारखंड टीम की ओर से खेलेंगे। इस त्रिकोणीय सीरीज में झारखंड के अलावा केरल एवं तमिलनाडु की टीमें भी खिताब को नाम करने के लिए उतरेगी।

## स्पीड न्यूज

### भुरकुंडा में भव्य जागरण 23 को



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार खोपडिया बाजार प्राचीन हनुमान मंदिर सह धर्मशाला परिसर में शुक्रवार की शाम बैठक हुई। जवाहरनगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी ने कहा कि चंद्रयान 3 के चंद्रमा पर सफल लैंडिंग की कामना को लेकर 23 अगस्त को भव्य जागरण होगा। जागरण के साथ भंडारा भी आयोजन होगा। जागरण में झारखंड बिहार के नामी गायक भजनो की प्रस्तुति करेंगें। बैठक में जागरण की सफलता को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच दायित्व और कार्यभार सौंपा गया। बैठक में बजरंग दल के दीपक मिश्रा, राजू पांडेय, विनय सिंह चौहान, विनय मिश्रा, जगतार सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, रोबिन मुखर्जी, अजय गुप्ता, मुकेश गुप्ता, रवि कुमार, राजेश वर्मा, अजय मिश्रा, विनोद शर्मा, अशोक सोनी, सीताराम, कृष्णा मिश्रा, नरेश साव, रघुनंदन प्रसाद, विक्की रजक, बुधन गोस्वामी, नंदकिशोर मिश्रा, बृजनंदन दास, अमीत शर्मा, शंकर यादव, कुल्लू पांडेय, अभिषेक मिश्रा, रूपेश दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।

### एमइसीएल कॉलोनी में भंडारा आयोजित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मनसा पूजा के पावन अवसर पर शुक्रवार की शाम सयाल मोड़ भुरकुंडा स्थित एमईसीएल कॉलोनी में मनसा पूजा के अवसर पर भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। भंडारा का शुभारंभ समाजसेवी निशि पांडेय ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। मौके पर निशि पांडेय ने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। साथ ही श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबगी लगाने का भी अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रसाद का अर्थ प्रभु का साक्षात दर्शन करना होता है, इसलिए सबों को प्रसाद ग्रहण करना ही चाहिए। वहीं मनसा पूजा से पूर्व गुरुवार को तीन दिवसीय यज्ञ का पुर्णाहुति के पश्चात समापन हुआ था। यज्ञ नवनिर्मित मंदिर में मां मनसा की प्रतिमा स्थापित होने पर आयोजित हुआ था। मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात बलि दी गई। इस दौरान नवनिर्मित मां मनसा मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी थी। इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नवनिर्मित मां मनसा के मंदिर में समाजसेवी निशि पांडेय व आजसू के केंद्रीय महासचिव रौशनलाल चौधरी ने भी प्रसाद बांट कर लोगों को मां मनसा की पूजा की बधाई दी। साथ मंदिर में मत्था टेक कर क्षेत्र के सुख-समृद्धि की कामना की। देर शाम तक चले भंडारा में सैकड़ों लोगों ने मंदिर में मत्था टेक कर प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में मुखिया रामनारायण, प्रमोद राय, जगल विश्वकर्मा, महेंद्र पासवान, अशोक करमाली, सूरज करमाली, सरकार विश्वकर्मा, अभिषेक पटेल, विक्की करमाली, विवेक पासवान, अमन करमाली, विक्रम पासवान, अजय मंडल, आशिष भुईयां आदि का विशेष योगदान रहा।

### गोलीकांड के दोषियों को मिले सजा



**कुजू।** अखिल भारतीय यादव महासभा के सदस्य शनिवार को गत दिनों गोलीकांड की घटना के बाद मृतक पोचरा निवासी जानकी यादव के आवास पहुंचे। यहां महासभा के सदस्यों ने आश्रित परिवार से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। तत्पश्चात महासभा के सदस्यों ने कहा कि जिला में अपराध की घटनाएं काफी बढ़ गयी है। अपराधी सरेआम घटना को अंजाम दे रहे हैं। हाल के दिनों में जानकी यादव की भी गोली मारकर निर्मम हत्या की गई जो समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। सदस्यों ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मामले में चुप नही रहने की हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि वे जल्द रामगढ़ एसपी से मुलाकात कर दोषियों के खिलाफ न्याय संगत कार्रवाई की मांग करेंगे। मौके पर बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव, यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमेश यादव, जिला अध्यक्ष हीरा गोप, सचिव अनिल कुमार सिंह, अशोक यादव, ब्रह्मदेव प्रसाद, संतोष यादव, महेश यादव, अर्जुन यादव, दामोदर यादव, रमन यादव, नकुल यादव, कमल यादव, नेमन यादव, धनराज यादव, जयनाथ यादव, संजय यादव, सुरेश यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### तोपा में धूमधाम से मना मनसा पूजा



**कुजू।** सीसीएल तोपा हॉस्पिटल स्थित मनसा मंडप व शिव मंदिर के मां मनसा मंदिर में मनसा पूजा धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान तोपा हॉस्पिटल मंडप में पंडित दिलीप बनर्जी ने यजमान बने अमित कर्मकार सपत्नीक को विधिवत पूजा अर्चना कराया। इसके बाद मन्नत को लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं ने मंडप में बत्तख, बकरे की बलि दिया। शिव मंदिर स्थित मंदिर में भी कर्मा मुंडा के सौजन्य से पंडित विकास पांडेय ने मनसा का पूजा किया। मौके पर राजू गंझू, उमेश करमाली, कृष्णा राम, उमेश मिस्त्री, रमेश राम, मुकेश नायक, तपन कुमार, जितेन मुंडा, सूरज नाथ करमाली, अजय करमाली, मनोज करमाली, सविता देवी, अंजू कुमारी, सोनी देवी, अकाश करमाली ,रेखा देवी ,सविता देवी, आशा देवी ,आदि कई लोग पूजा में सहयोग किया।

# पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा सुरूंगिया बाबा मंदिर : डीसी

खबर

**कुजू।** डीसी चंदन कुमार ने शनिवार को मांडू प्रखंड के कर्मा उत्तरी क्षेत्र में सुरूंगिया बाबा मंदिर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंदिर को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने को लेकर डीसी ने उपस्थित आम जनों से मंदिर में प्रतिदिन आने वाले श्रद्धालुओं आदि की जानकारी ली। इसके उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी सुधीर कुमार को सुरूंगिया बाबा मंदिर को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने एवं इसके माध्यम से होने वाले रोजगार के सृजन व आम जनों को विभिन्न फायदों से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बता दें कि वर्ष 2016-17 में भी इस स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए चिन्हित किया गया था, लेकिन इस दिशा में उनके द्वारा कोई पहल नहीं की गई, पर जिले के नवनियुक्त उपायुक्त ने पुनः निरीक्षण कर लोगों में आस जगा दी है। मौके पर मांडू बीडीओ सुधीर प्रकाश जिला परिषद सदस्य तपेश्वर महतो मुखिया सरोज कुमारी पूर्व मुखिया शक्ति कुमार महतो कामेश्वर प्रसाद उर्फ गुड्डू वर्मा दुबराज पल प्रदीप महतो सुजीत महतो समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



सुरूंगिया पहाड़ का निरीक्षण करते रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार।

### डीसी ने मांडू हेल्थ सेंटर के चिकित्सकों का वेतन रोका

रामगढ़, । डीसी चंदन कुमार ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के उपस्थिति पंजी की जांच करते हुए अनुपस्थित आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ भूप नारायण दुबे एवं चिकित्सा पदाधिकारी आरबीएसके डॉ रिप्पी कुमारी को तत्काल शो कॉज करते हुए वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मांडू के माध्यम से आम जनों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लेने के क्रम में उपस्थित चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं, डीसी ने पूरे परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कर्मियों को 247 स्टैंडबाई मोड पर रह कर कार्य करने का निर्देश दिया।

### सौंदा डी में दुर्गा व काली पूजा को लेकर बैठक

# अध्यक्ष बने पीओ मनोज पाठक, सचिव संजय यादव



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री दुर्गा पूजा एवं काली पूजा मनाने को लेकर शनिवार सौंदा डी पंचायत भवन में स्थानीय लोगों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सौंदा डी मैनेजर आरके प्रसाद व संचालन संजय यादव ने किया।

बैठक में कोषाध्यक्ष द्वारा 2022 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। दुर्गा व काली पूजा की सफलता को ले साफ-सफाई, लाईटिंग, तोरणद्वार, कोष संग्रह आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। कहा गया कि सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में भव्य तरीके से पूजा का आयोजन होगा। पूजा की सफलता को ले सर्वसम्मति से निर्णय हुआ की पुरानी कमेटी ही बनी रहेगी। जिसमें अध्यक्ष सौंदा डी पीओ मनोज कुमार पाठक, सचिव संजय यादव, कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद खरवार चुने गये। वहीं संरक्षक में आरके प्रसाद, अशोक शर्मा, दशरथ कुर्मी, अनिल सिंह, मुखिया उपेंद्र शर्मा, डब्लू पांडेय शामिल हैं। वहीं उपाध्यक्ष में सौंदा डी ट्रेड यूनियन के सभी अध्यक्ष एवं सह सचिव में ट्रेड यूनियन के सभी सचिव शामिल हैं।

बैठक में सर्वसम्मति से पूजा में सहयोग राशि 1500 रूपया रखने का निर्णय लिया गया। मौके पर उपमुखिया सुशील सिंह, संजय भारती, जयदेव गुप्ता, प्रवीर चटर्जी, अरविंद साव, रूश्दल कुमार, राजगिरी चौधरी राकेश सिन्हा, राजेन्द्र प्रसाद राजा आदि मौजूद थे।

### चाणक्य आइएएस का नया बैच 25 अगस्त से : विनय मिश्रा



**रामगढ़।** झारखंड के विद्यार्थियों में पोटेंशियल के साथ हर वह क्षमता मौजूद है, जो उन्हें सफल इंसान बना सकता है। जरूरत सही दिशा, मार्गदर्शन और लगातार मेहनत की होती है। साथ ही जो सबसे महत्वपूर्ण पहलू है, वह है जागरूकता। सिविल सेवा के क्षेत्र में जाने का कई अभ्यर्थियों का ख्वाब होता है । लेकिन इस ओर जागरूकता की कमी के कारण कई अभ्यर्थी सही वक्त पर तैयारी नहीं कर पाते हैं। सिविल सेवा के ख्वाब रखने वाले अभ्यर्थियों को सही समय पर तैयारी करना भी अहम है। उक्त बातें चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने रामगढ़ में शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। हजारीबाग सेंटर हेड मोहन कुमार ने चाणक्य आईएएस एकेडमी में अभ्यर्थी को प्रदान किये जाने वाले सुविधाओं का जिक्र करते हुए कहा कि बड़े बड़े शहरों को छोड़कर हजारीबाग जैसे शहर में अभ्यर्थी नामांकन ले रहें हैं। उन्होंने बताया कि नया बैच आगामी 25 अगस्त से शुरू हो रहा है, जिसके लिए फिलहाल नामांकन जारी है। मौके पर चाणक्य आईएएस एकेडमी के राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# बच्चों को इच्छा अनुसार शिक्षा दें अभिभावक : कोमल

### दोतल्ला पंचायत में मना सावन महोत्सव

भुरकुंडा (रामगढ़)। बुध बाजार दोतल्ला में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंचायत सचिवालय में सावन महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया सत्यवंती देवी व संचालन पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव महतो, सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब की अध्यक्ष शेरोफेना एक्का ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष रीता देवी, झामुमो की वरिष्ठ नेत्री सह समाजसेवी गौरी देवी, मुखिया सत्यवंती देवी, मिसेज झारखंड कोमल सिंह, शिक्षिका सह समाजसेवी अनीता तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत ग्रामीण महिलाओं ने आरती उतारकर की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की शिवनगर निवासी कोमल सिंह के मिस झारखंड बनने उन्हें व उनकी माता किरण सिंह को अतिथियों एवं ग्रामीणों द्वारा संयुक्त रूप से कई उपहार भेंट कर पंचायत की ओर से सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष रीता देवी व मिसेज झारखंड कोमल सिंह ने कहा कि किसी भी लक्ष्य को पाना कोई बड़ी बात नहीं है बस हौसला और कार्य की निरंतरता बनी रहनी चाहिए। पंचायत में कोमल सिंह सहित कई लड़कियां दरोगा, पंचायत सचिव रेलवे आदि नौकरियों में सफलता पाई है।



मिस झारखड कोमल सिंह व उनकी मां किरण सिंह को किया गया सम्मानित।

## एक नजर में

### दारू : बक्शीडीह से निकली कांवरियों की टोली

**दारू।** प्रखंड क्षेत्र से लगातार कावरियों की टोली बाबा धाम के लिए प्रत्येक दिन निकल रही है । शनिवार को दारू बक्शीडीह के कांवरियों की टोली बाबा भोलेनाथ को जलार्पण के लिए रवाना हुई । बाबा के भक्त सर्वप्रथम पुराना दुर्गा मंडप में सभी कांवरियों ने मत्था टेककर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त कर बाबा नगरी रवाना हुए । इस मौके पर राजकुमार सिन्हा ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से लगातार बाबा के दर्शन के लिए जा रहा हूँ। प्रभाकर सिन्हा ने बताया कि 22 वर्षो से प्रत्येक वर्ष बाबा के दर्शन और जल चढ़ाने के लिये सुल्तानगंज से जल उठा कर बाबा बासुकीनाथ और बैजनाथ धाम पहुँचता हूँ । बाबा के दर्शन करने से बहुत ही सकून प्राप्त होता है । इस बीच कई बार कई बार सावन महीने में मुसीबते भी आई लेकिन बाबा का दर्शन करना नही छोड़ा । इस मौके पर कांवरिया राजकुमार सिन्हा,सुमन कुमार सिन्हा सचिन कुमार गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, भैया नीतीश कुमार सिन्हा, अभिषेक शर्मा, प्रभाकर सिन्हा शामिल है ।

### स्वास्थ्य उप केंद्र कजरी में लगा नेत्र शिविर

चरही। चुरचू प्रखंड के पंचायत बहेरा के ग्राम कजरी में डॉ.अशोक राम के निर्देश पर नेत्र चिकित्सा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।इसकी पहल बहेरा मुखिया देवकी महतो ने किया।इस कैंप में नेत्र रोगों से ग्रसित 60 मरीजों को मुफ्त में इलाज किया गया।साथ ही दवाइयां दी गई।तथा मरीजों को आंख बचाव के बारे में कई दिशा निर्देश दिया गया।इस कैंप में डॉ. एशियन जोज,डॉ.आकाश कुमार,डॉ.राजु कुमार,एमपीडब्लू इंद्रजीत कुमार, एएनएम रेखा कुमारी,सहिया मैनो किस्कु, किरण कुमारी, राजकुमारी, स्वास्थ सहिया, वार्ड सदस्य,आंगनबाड़ी सेविका सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विष्णुगढ़ प्रखंड में फसल बुआई में आयी तेजी

**विष्णुगढ़ ।** विष्णुगढ़ प्रखंड में मौसम के बेईमान होने के बावजूद 20 प्रतिशत किसानों के लिए वरदान साबित हुआ है। ताजा आंकड़े के अनुसार वर्षा के अनुपात में वृद्धि के साथ-साथ खेती किसानी के कार्यों मे भी प्रगति देखने को मिली है। पिछले माह मे हुई में धान के फसल की बुआई और वर्षा के अनुपात नग्न अवस्था में था लेकिन जुलाई और अगस्त माह के अंतिम सप्ताह के बारिश 127 .6 मिलीलीटर वर्षा का अनुमान लगाया गया है। उपरोक्त वारिस के अनुपात के बाबत खेती किसानी पर एक नजर डाला जाए तो 20 प्रतिशत के खेत मे धानरोपनी की गई है 70 प्रतिशत के बारी मे मकई, 50 प्रतिशत के भूमि मे दलहन का फसल

**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,चतरा**

**(आवेदन-पत्र आमंत्रण सूचना)**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड रांची के राज्यादेश सं0 12 रा0 (वि0) दिनांक 06.07.2023 के द्वारा प्राप्त लक्ष्य के आलोक में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत विभिन्न योजनाओं हेतु प्राप्त लक्ष्य के आलोक में सुयोग्य आवेदकों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किया जाता है, जो निम्न है :-

| क्र0 स0 | योजना का नाम | भौतिक लक्ष्य (संख्या/लाख में) | ईकाई लागत (रू0) में | अनुदान की राशि प्रति ईकाई (रू0) में | लाभुक का अंशदान (रू0) में | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों एवं उनके सदस्यों के लिए नाव | 05 | 33000.00 | 30000.00 | 3000.00 | 1. यह योजना केवल जलाशय स्तरीय म0जी0 स0स0/सदस्यों को दी जायेगी। 2. आवेदन के साथ समिति के कार्यकारिणी बैठक की छायाप्रति लगाना होगा एवं आवेदन पर समिति के सचिव का अनुशंसा अनिवार्य है। 3. लाभुक चयन हेतु विभाग स्वतंत्र रहेगा तथा विभाग द्वारा लिये निर्णय को किसी भी न्यायलय में चुनौती नहीं दी जायेगी। |
| 2 | जलाशय मत्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों/विस्थापितों/कोविड-19 के प्रवासी मजदूरों को जलाशय में शिकारमाही हेतु गिल नेट | 05 | 3190.00 | 2871.00 | 319.00 | 1. एक लाभुक को अधिकतम 05 कि0ग्रा0 गिल नेट का लाभ दिया जा सकता है। 2. लाभुक को अपना अंशदान लगाने की लिखित सहमति एवं विगत 02 वर्षो का मछली शिकारमाही का आकड़ा लिखित रूप से आवेदन के साथ लिया जायेगा। |
| 3 | पुराने रिवराईन फिश फार्मिंग | 10 | 25000 | 25000 | - | - |
| 4 | वर्ष 2021-22 तक पुराने केजों/विभागीय अनुदान से अधिष्ठापित RFF/बॉयोफ्लॉक तालाब/बायोफ्लॉक टैंक में पंगेशियस/Gift तेलापिया/अन्य उपयुक्त बीज का संचयन | 14 | 1.50 | 1.50 | - | |

नोट :-
1. उपरोक्त योजनाओं के लिए इच्छुक लाभुक कार्यालय में आवेदन पत्र दिनांक : 31.08.2023 तक कार्यालय अवधि में आमंत्रित किये जाते है। आवेदन कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।
2. क्र0सं0 03 एवं 04 में अंकित योजनाओं के लिए लाभुक को अनुदान की राशि संबंधित बैंक में Escrow Account में DBT के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी।
3. अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को अपना अंशदान Escrow Account में एक माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा।
4. लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही लाभुकों को योजना का लाभ प्राप्त करने की अर्हत्ता प्राप्त होगी।
5. कार्य के अभिश्रव के आधार पर जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि कार्य एजेन्सियाँ/आपूर्त्तिकर्त्ताओं के बैंक खाता में एकमुश्त हस्तांतरित की जाएगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा

PR 305024Fish(23-24)#D

**झारखण्ड सरकार**
**वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग**
**न्यायालय- समाहर्त्ता-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गिरिडीह पूर्वी वन प्रमण्डल।**

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारतीय वन (बिहार संशोधन) अधिनियम 1989 की धारा 66A में प्रदत्त शक्तियों के तहत बिहार लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 के अन्तर्गत समाहर्त्ता के शक्तियों का उपयोग करते हुए सरकारी वन भूमि अतिक्रमण की बेदखली हेतु इस न्यायालय द्वारा प्रारम्भ की गई निम्नवत BPLE वादों में अनेको नोटिस के बावजूद विपक्षी अबतक सुनवाई में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। इस समाचार पत्र के माध्यम से मुकदमे से संबंधित सभी प्रतिपक्षों को सूचित किया जाता है कि निम्नवत निर्धारित तिथि को पूर्वाह्न 11.30 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। समाचार पत्र में सूचना प्रकाशन के बाद भी यदि आप उपस्थित नहीं होते है तो अभिलेख में उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर एक-पक्षीय उचित आदेश पारित कर दिया जायगा।

मुकदमे की विवरणी निम्नवत है :-

| क0 | मुकदमा सं0 एवं वर्ष | प्रतिवादी का नाम एवं पता | अतिक्रमित वन भूमि स्थल का नाम, थाना न0, प्लौट न0 एवं रकबा | सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 14/22 | 1.अनील राय उर्फ विजय राय, पिता- चतुर राय 2. सावित्री देवी, पति- अनील राय उर्फ विजय राय दोनो सा0-सेवाढ़ाव, थाना-तिसरी, गिरिडीह | मौजा-सेवाढ़ाव, थाना-तिसरी, थाना न0-159, प्लौट न0-01 रकबा- 0.08 ए0 | 25.08.2023 |
| 2 | 15/22 | 1.मो0 नबी मियां, पिता- स्व0 कासिम मियां 2.मो0 करीम मियां, पिता- स्व0 कासिम मियां 3.मो0 मुस्लिम मियां, पिता- स्व0 कासिम मियां 4.मो0 नसीम, पिता- स्व0 वसारत सभी सा0- पीहरा, थाना-गावां, गिरिडीह | मौजा-पीहरा पी0एफ0, थाना-गावां थाना न0-371 प्लौट न0-8089 रकबा- 0.06 ए0 | 25.08.2023 |
| 3 | 16/22 | सुधीर यादव, पिता- स्व0 छकन यादव सा0-सांख, थाना- गावां, गिरिडीह | मौजा-सांख पी0एफ0, थाना-गावां थाना न0-229 प्लौट न0-841 रकबा- 0.04 ए0 | 25.08.2023 |
| 4 | 17/22 | मनोज यादव, पिता- राघो यादव सा0-गावां,टोला-लछमिनियां, थाना-गावां, गिरिडीह | मौजा-गावां पी0एफ0, थाना-गावां थाना न0-189 प्लौट न0-2484 रकबा- 0.17 ए0 | 25.08.2023 |
| 5 | 18/22 | अर्जुन साव, पिता-स्व0 कारू साव सा0-सांख, थाना- गावां, गिरिडीह | मौजा-सांख पी0एफ0, थाना-गावां थाना न0-229 प्लौट न0-851 रकबा- 0.04 ए0 | 25.08.2023 |
| 6 | 19/22 | सहदेव यादव उर्फ लुटन यादव, पिता-स्व0 सूरज यादव सा0-सांख, थाना- गावां, गिरिडीह | मौजा-सांख पी0एफ0, थाना-गावां थाना न0-229 प्लौट न0-851 रकबा- 0.04 ए0 | 25.08.2023 |
| 7 | 20/22 | 1.मो0 इलियास, पिता- मो0 लियाकत 2.मो0 मुमताज, पिता- मो0 लियाकत 3.मो0 इल्ताफ, पिता- मो0 लियाकत सभी सा0- पीहरा, थाना-गावां,जिला- गिरिडीह | मौजा-पीहरा पी0एफ0, थाना-गावां थाना न0-371 प्लौट न0-8089 रकबा- 0.05 ए0 | 25.08.2023 |
| 8 | 21/22 | 1.मो0 उस्समान, पिता- मो0 गुलजार 2.मो0 जाकिर, पिता- मो0 गुलजार 3.मो0 इस्लाम, पिता- मो0 गुलजार सभी सा0- पीहरा, थाना- गावा, जिला-गिरिडीह | मौजा-पहीरा पी0एफ0, थाना-गावां थाना न0-371 प्लौट न0-8089 रकबा- 0.05 ए0 | 25.08.2023 |

समाहर्त्ता,
-सह-
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गिरिडीह पूर्वी वन प्रमण्डल।

PR 305032 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24 (D)

## स्पीड न्यूज

### बंशी बने प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ के अध्यक्ष



**रायडीह।** प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ रायडीह की बैठक शनिवार को हुई। बैठक में प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ का पुनर्गठन कर नये पदाधिकारी चुने गये। जिसमें सर्वसम्मति से बंशी मल्लाह को अध्यक्ष, पप्पू सिंह और लालकु महतो को सचिव, राजेश लाल और अमित प्रसाद को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में संघ के जिलाध्यक्ष बलमोहन साहू, विकास खाखा, रवि प्रसाद, बिजेंद्र साहू, संगीता मिंज, लक्ष्मण सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### धान की फसल को जंगली हाथी ने रौंदा



**जारी।** जारी प्रखंड के सीसी करमटोली पंचायत के श्रीनगर गांव के खेत में लगी रोपा धान को जंगली हाथी ने बीते रात खा कर एवं रौंद कर के नष्ट कर दिया है। हाथी ने किसान कलेश्वर बैठा के रोपा धान को बर्बाद किया। हाथी के द्वारा फसल को रौंदे जाने से किसान काफी चिंतित है।

### दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग सेमिनार संपन्न

**गुमला।** सीबीएसइ के द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में आयोजित दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग सेमिनार शनिवार को संपन्न हुआ। इस सेमिनार का टॉपिक स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस था। जिसमें झारखंड के विविध विद्यालयों के लगभग 36 शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। रिसोर्स परसन के रूप में आरयू मिशन स्कूल अररिया बिहार के प्रधानाचार्य श्री सुब्रतो मित्रा एवं डीएवी निरजा सहाय की श्रीमती तनुश्री चक्रवर्ती उपस्थित थी। समापन समारोह में प्रधानाचार्य डॉक्टर रमाकांत साहु ने दोनों मास्टर ट्रेनर को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

### निर्वाची पदाधिकारी ने किया बूथ निरीक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा।** सीओ सह प्रखंड सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बूथ का निरीक्षण किया। बिशुनपुर विधानसभा अन्तर्गत डाडू के बूथ संख्या 57 एवं 58 में मतदाता सूची का पन्ना वेरिफिकेशन तथा बीएलओ के द्वारा किए जा रहे डोर टू डोर कार्य का सत्यापन किया गया।इस दौरान मतदाताओं से मतदाता सूची में अंकित विवरणी का सत्यापन किया गया और उपस्थित बीएलओ को नाम पता सुधार हेतु प्रपत्र 8 भरने का निर्देश दिया गया। मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव, बीएलओ अनवरी बेगम एवं शालो कुमारी उपस्थित थे।

### लिंगेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा शुरू



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के हरमू रोड के समीप स्थित नवनिर्मित लिंगेश्वर नाथ महादेव मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कार्यक्रम शनिवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। कलश यात्रा में काफी की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह सभी श्रद्धालु भक्सो कोयल नदी से पवित्र जल लेकर पैदल शोभायात्रा में शामिल होकर गांव का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर पहुंचे। शोभायात्रा में हर हर महादेव, जय श्री राम, बोल बम के नारे से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। गाजे बाजे के साथ निकाली गई इस कलश यात्रा में लोग झूमते नजर आए। कलश यात्रा को लेकर सड़क के दोनों ओर सड़क को भगवा पताका से पाट दिया गया था। शोभायात्रा से पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा सड़क की सफाई की गई। मौके समिति के लोगों ने बताया कि लिंगेश्वर नाथ महादेव मंदिर में 20 को 12 बजे से भव्य भंडारा होना है। इसके बाद 3 बजे से नगर भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं 21 को प्राण प्रतिष्ठा, हवन, यज्ञ और रात में महा कीर्तन का आयोजन किया गया है। इसके अलावे 21 अगस्त को दोपहर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। भक्तों से अपील की है कि मंदिर प्रांगण पहुंच प्रसाद ग्रहण करें। शोभायात्रा की अगुवाई यजमान जगरनाथ साहू सह पत्नी गीता देवी, संदीप साहू, दिगंबर यादव, सुदामा यादव, मुकेश प्रसाद आदि मौजूद थे।

# जंगल के रास्ते तस्करी करनेवालों को पकड़कर फॉरेस्ट एक्ट के तहत करें कार्रवाई : डीसी

- कारा, खनन एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित हुई संयुक्त समीक्षा बैठक
- कारा अंतर्गत 13 बेड की चिकित्सालय का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण, उपायुक्त ने लंबित कार्यों को अविलंब पूर्ण करने का दिया निर्देश
- सड़क दुर्घटना के दौरान सहायता करने वाले व्यक्तियों को जिला प्रशासन द्वारा किया जायेगा सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शनिवार को कारा प्रबंधन, खनन एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने सभी विषयों पर बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कारा प्रबंधन की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कारा अंतर्गत दिए जाने वाले सुविधाओं एवं कारा अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली। कारा अधीक्षक ने बताया कि कारा परिसर में एक अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। जिसका कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। जिसका कार्य भवन निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है।

उपायुक्त ने लंबित कार्यों को अविलंब पूर्ण करते हुए अस्पताल का संचालन प्रारंभ करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कारा अंतर्गत इनक्लोजर वॉल, पेरीमीटर वॉल, वॉच टावर आदि की मरम्मत व निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसका कार्य भी भवन निर्माण विभाग द्वारा ही किया जा रहा है। कारा अधीक्षक ने कार्य पूर्ण करने में लगातार विलंब होने की स्थिति से उपायुक्त को अवगत करवाया। जिसपर उपायुक्त ने संबंधित विभाग के सहायक अभियंता पर नाराजगी व्यक्त की साथ ही लंबित कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया अन्यथा कार्रवाई की जायेगी।



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त व उपस्थित अधिकारी।

कारा अधीक्षक द्वारा वहां के टूटे हुए बाथरूम एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए उपायुक्त से अनुरोध किया। जिसपर उपायुक्त ने सहमति व्यक्त की। इसके अलावा कारा की सुरक्षा व्यवस्था, कैमरे की स्थिति, इंटरनेट एवं कॉल करने हेतु नेटवर्क की स्पीड आदि की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

उन्होंने कारा अंतर्गत मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने की भी बात कही। माइनिंग से संबंधित समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बालू तस्करी एवं पत्थरों की तस्करी करने वालो पर कड़ी नजर रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से जंगल के रास्ते से बालू, पत्थर अथवा लकड़ी आदि की तस्करी करने वालों के पकड़े जाने पर फॉरेस्ट एक्ट भी लगाएं जायेंगे एवं उसपर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने ईंट भट्ठों, बंगला भट्ठों आदि पर पर औचक जांच करते हुए अवैध भट्ठों को सील करने का निर्देश दिया।

वहीं जिन बंगला भट्ठों में बाल मजदूरी करायी जाती है वैसे भट्ठों को भी सील करते हुए उनपर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। खनन विभाग में नये होम गार्ड नियुक्त करने का निर्देश। वहीं बड़े गाड़ियों की चेकिंग नियमित रूप से करने की बात कही। सड़क सुरक्षा की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने चिह्नित ब्लैक स्पॉट्स की जानकारी ली। जिसपर जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 8 ब्लैक स्पॉट को चिन्हित किया गया था।

जहां सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई आवश्यक बदलाव किये गये हैं। जिसके उपरांत उक्त क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आई है। जिसपर उपायुक्त ने उक्त सभी ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में तुलनात्मक सड़क दुघटनाओं की संख्या का विश्लेषित रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। सड़क दुर्घटना के दौरान सहायता करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उनके द्वारा किए गए व्यय राशि भी देने की बात कही। बैठक में जिला वन प्रमंडल अधिकारी, पुलिस अधीक्षक गुमला, एसडीओ सदर, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, कारा अधीक्षक, संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# सीआरपीएफ 158 बटालियन के जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के नक्सल प्रभावित केकरांग सीआरपीएफ कैंप में तैनात जवान जगदीश प्रसाद मीणा ने शनिवार की सुबह अपने इंसास राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। साल 2003 में सीआरपीएफ में बहाल हुए राजस्थान निवासी जगदीश 2019 से लोहरदगा जिले में सीआरपीएफ 158 बटालियन में तैनात थे।

सुबह वह संतरी ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान उन्होंने खुद के सिर पर गोली मार ली। सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार सहित बटालियन के अन्य अधिकारियों और जवानों ने सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद मृत जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## राजस्थान के निवासी थे जगदीश प्रसाद मीणा

जगदीश प्रसाद मीणा राजस्थान के टोंक के निवासी थे। उनके सहकर्मियों ने बताया कि करीब 15 दिन पहले ही वह एक महीने की छुट्टी विताकर अपने गांव से लौटे थे। इनके भाई लाडू सिंह मीणा से फोन पर बात करने पर उन्होंने कहा कि उनके भाई ने खुदकुशी कर ली इस पर यकीन नहीं हो रहा। उसे किसी प्रकार का तनाव नहीं था। लोहरदगा पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है। सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार ने भी इस घटना पर गहरी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इस मामले की जांच करेंगे की किस परिस्थिति में ये घटना हुआ है। इधर सदर अस्पताल में डॉ सनल सानू बरवार के डॉ शंकर प्रसाद ने पोस्टमार्टम किया। जिसके बाद शव को रांची भेज दिया गया जहां से विमान द्वारा शव को उनके पैतृक गांव भेजा जायेगा।



मृतक जवान।

स्वयंसेवकों के प्रतिनिधिमंडल को सुखदेव भगत ने दिया भरोसा

# पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों को न्याय दिलाने के लिए करेंगे सार्थक पहल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर श्री भगत से मुलाकात कर उन्हें पांच सूत्री मांगों वाला ज्ञापन सौंपकर उसका निदान करने के मांग किया। ज्ञापन में दो वर्षों से बकाया प्रोत्साहन राशि का भुगतान कराया जाये, प्रोत्साहन राशि हटाकर उसके स्थान पर मानदेय दिया जाए, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों को का समायोजन किया जाये, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक को स्थायी किया जाये इत्यादि अनेक समस्या से उन्हें अवगत काराये। स्वयंसेवक संघ ने श्री भगत को बताया कि 2016 में प्रत्येक पंचायत में 4 सेवकों की बहाली करना था जिसके तहत लोहरदगा में 264 स्वयंसेवकों की बहाली किया गया था तब से वह लगातार कार्य कर रहे हैं। दो वर्षों से प्रोत्साहन राशि नहीं मिला है साथ ही पहले ग्रामीण विकास विभाग के सभी कार्यों को करते थे लेकिन अब सिर्फ आवास योजना का कार्य का जिम्मेदारी दिया गया है इसलिए झारखंड सरकार पंचायत सचिवालय स्वयं सेवकों का समायोजन करें ताकि हम लोगों का भविष्य सुरक्षित रहे। मौके पर सुखदेव भगत ने स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधि मंडल के सभी बातों को गहराई से सुना तथा उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। उनकी जो न्यायोचित मांग है उसे पूरा कराने के लिए वे सार्थक प्रयास करेंगे।



सुखदेव भगत को ज्ञापन सौंपते स्वंसेवक।

# इंटर स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट शुरू

## एमएलए महिला कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए डीसी-एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में इंटर स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ एमएलए महिला कॉलेज में किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने सभी बैडमिंटन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, स्वयं बैडमिंटन खेलकर और टॉस कर खेल का उद्घाटन किया। स्कूली बैडमिंटन खिलाड़ियों की उपस्थिति एवं उत्साह देख उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि इन बच्चों में प्रतिभा छुपी हुई है। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगे और जिला का नाम रोशन करेंगे। हमारी शुभकामनाएं आप सभी के साथ है।



खिलाड़ियों से हाथ मिलाते डीसी-एसपी।

**खास बातें :** पुलिस अधीक्षक ने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि एसोसिएशन ने स्कूली बच्चों की प्रतिभा निखारा है जो प्रशंसनीय है। सभी बधाई के पात्र हैं। सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, भारतीय स्टेट बैंक लोहरदगा शाखा के मुख्य शाखा प्रबंधक अविनाश कुमार ने भी विचार व्यक्त किया। अतिथियों को एशोसिएशन ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया एवं विषय प्रवेश जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने किया। संचालन कार्यकारिणी सदस्य अरुण राम ने किया। उद्घाटन मैच धोनी महली वर्सेस आशुतोष देवघरिया के बीच खेला गया, जिसमें आशुतोष देवघरिया ने अपना मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मौके पर उपाध्यक्ष मुरारी गोस्वामी, सचिव मलय दत्ता, कोषाध्यक्ष नसीम अख्तर, प्रवीण पटेल, रंजीत साहू, प्राचार्य प्रो स्नेह कुमार भी थे।

### पति की हत्या करने वाली पत्नी दोषी करार, सुनवाई 25 को

**गुमला।** पति की टांगी से वार कर हत्या करने वाली पत्नी रायडीह खटखोर निवासी को एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में दोषी पाया गया। इस मामले की सुनवाई 25 अगस्त को होगी।


**आवश्यकता**

सांता पब्लिक स्कूल अंग्रेजी मीडियम गुमला में गणित, विज्ञान व कंप्यूटर के लिए महिला शिक्षिका की आवश्यकता है। योग्य शिक्षिका दिनांक 25 अगस्त 2023 तक अपनी शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं संपूर्ण बायोडाटा के साथ प्रिंसिपल सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला के पते पर अपना आवेदन भेंजे। सभी योग्य आवेदकों का साक्षात्कार 31 अगस्त को पूर्वाह्न 10 बजे से शुरू होगा। विशेष जानकारी के लिए 8789378488 पर संपर्क कर सकते हैं।

पत्रांक- 1454

देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर श्री सुशील कुमार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गढ़वा के तरफ से गढ़वा शहर के समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं तथा बधाई।

निवेदक
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा।

कार्यालय, नगर परिसद, लोहरदगा।
Email id-nagarparishadlohardaga@gmail.com

"शुभकामना संदेश"

प्रशासक, नगर परिषद, लोहरदगा एवं नगर परिषद, परिवार की ओर से "15 अगस्त 2023 को देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर लोहरदगा नगर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।"

ज्ञापांक- 1727
प्रशासक
निगर परिसद, लोहरदगा।

**AFFIDAVIT**

I, Santosh Kumar son of Ram Bachan Mehta, aged about 41 Years, resident of Village Bhajania, P.O. & P.S. Mohammadganj, Distt Palamau, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That in my Service document and education certificate of my daughter's name is SRISHTI, but in Aadhar no. 9369 8031 3017, name is wrongly MISS SRISHTI, so her actual name is SRISHTI.
2. That, this affidavit is for correction of name in my above daughter's Aadhar card as SRISHTI.
Deponent
The deponent above names, is identified by me and he has signed in my presence .
Notary public,
Daltonganj, palamu
Book no – XIV Serial No- 6140

कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्
झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा।
Email - Jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

झुमरी तिलैया नगर परिषद स्वतंत्रता दिवस 2023 के शुभ अवसर पर सभी नगरवासियों से अपील करती है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र को साफ एवं स्वच्छ रखने में सहयोग करें। नियमित रूप से होल्डिंग टैक्स का भुगतान करें एवं जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।

ज्ञापांक- 1295
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्

कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा।

किसान भाईयों

77वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं जोहार।
किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ उठायें। समय पर ऋण चुकाने पर मात्र एक प्रतिशत सूद लगता है।
प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत 80-90 प्रतिशत अनुदान पर ड्रीप/स्प्रिंकलर सिंचाई लगावें इससे पानी की बचत एवं उपज में वृद्धि होती है।
अधिक जानकारी हेतु प्रखंड कृषि पदाधिकारी/BTM/ATM/ जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा/ उप परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा से संपर्क किया जा सकता है।

ज्ञापांक-762
जिला कृषि पदाधिकारी,
लोहरदगा।

आत्मसमर्पण नीति

15 अगस्त 2023 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर गुमला जिला के समस्त नागरिकों को गुमला पुलिस की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

9- सरकार द्वारा चिन्हित किये गये उग्रवादियों पर घोषित ईनाम की राशि आत्मसमर्पण करने पर उन्हें ही दी जाएगी।
10- आत्मसमर्पण करने वाले व्यक्तियों को घर बनाने के लिए 04 डिसमिल जमीन उपलब्ध करायी जाएगी।
11- प्रत्यर्पण करने वाले उग्रवादी की योग्यता एव अभिरुचि के अनुसार पुनर्वास समिति द्वारा कौशल विकास विभाग, झारखंड द्वारा विभिन्न संकायों में व्यावसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।
12- राज्य अंतर्गत सरकारी चिकित्सा संस्थानों में उग्रवादी एवं उसके परिवार को नि:शुल्क चिकित्सा की व्यवस्था की जाएगी।
13- आत्मसमर्पित उग्रवादी को उसके अनुरोध पर खुला जेल-सह- पुनर्वास केंद्र में स्थानांतरण की नियम सम्मत कार्रवाई की जाएगी।
14- आत्मसमर्पण नक्सलियों के अच्छे आचरण के आधार पर उनके ऊपर चल रहे मुकदमों की पैरवी हेतु वकीलों पर उनके द्वारा किये जाने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति/व्यय का भुगतान किया जायेगा।
15- ऑपरेशन नई दिशा के अंतर्गत देय सविधाओं का लाभ उठाकर अपने एवं अपने परिवार का भविष्य उज्जवल करें।
16- आत्मसमर्पण हेतु निम्नांकित नंबरों पर संपर्क करें : -
1. 9431706376, 2. 9421706182, 3. 9471182118, 4. 9431706202 इसके अतिरिक्त आत्मसमर्पण हेतु थाना प्रभारी/ पुलिस कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

निवेदक
पुलिस अधीक्षक,
गुमला।

ज्ञापांक 1422 /सा0शा0
पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला।

कार्यालय- पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
-सह-
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़वा।
स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं।

स्वच्छ गढ़वा स्वच्छ भारत स्वच्छ गढ़वा

जल-स्वच्छता संदेश 2023









15 अगस्त 2023 (स्वतंत्रता दिवस) के शुभ अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा-सह-जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़वा की ओर से सभी गढ़वा वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर नल से जल' योजना अन्तर्गत गढ़वा जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर को FHTC (चालित नल) के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु गढ़वा जिला का कुल लक्ष्य 2,98,535 अदद है, जिसकी उपलब्धि वृहत एवं मिनी जलापूर्ति योजना से कुल 1,29,694 अदद पूर्ण है। शेष बचे 1,68,841 अदद FHTC को पूर्ण करने हेतु 21 अदद वृहत जलापूर्ति योजना निर्माणाधीन है एवं 1642 अद निर्माणाधीन एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना तथा cluster-svs से 2574 योजना से वर्ष 2024 तक शत-प्रतिशत घर को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु विभाग द्वारा शुद्ध स्तर पर कार्य कराया जा रहा है। जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) के तहत किये जा रहे कार्यों के उपलब्धि, समाज में व्यवहार परिवर्तन, पेयजल की गुणवत्ता की जांच, पेयजल को शुद्ध बनाये रखने हेतु उपाय ईत्यादि गतिविधियों को LED van के माध्यम से सभी प्रखंडों में रुट चार्ट के अनुसार विडियो एवं ऑडियो से प्रदर्शित किया जा रहा है।
स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) के तहत गढ़वा जिला के सभी लक्षित ग्रामों को खुले में शौच से मुक्त किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) phase-11 के तहत शेष बचे IHHL निर्माण हेतु विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से आवेदन करने हेतु प्रकाशित कर लाभुकों को onlice हेतु https://sbm.gov.in/sbmphase2/homenew.aspx वेबसाइट के लिंक द्वारा आवेदन करने का प्रावधान किया गया है तथा ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के तहत नाडेप एवं सोकपीट का निर्माण कार्य किया जा रहा है एवं सामुदायिक स्तर पर गोवरधन योजना के निर्माण हेतु प्रक्रियाधीन जल्द ही कार्य प्रारंभ किया जायेगा।
अत: सभी गणमान्यजनों, पंचायत के जन प्रतिनिधि, जलसहिया, आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका ईत्यादि से अनुरोध है कि जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों में अपने सहयोग प्रदान करें।

कार्यपालक अभियंता
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़वा।

# शहर में बेतरतीब गाड़ी पार्क करना पड़ेगा महंगा, भरना होगा चालान

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** अगर आप वाहनों से घर से बाहर निकलते हैं। तो यह खबर आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। शहर के मुख्य चौक-चौराहों समेत व्यस्त सड़कों पर बेतरतीब अपने वाहनों को पार्क करने की आपकी यह आदत आपके जेब पर भारी पड़ने वाली है। यह हम नहीं बल्कि जिला प्रशासन की नई कार्यनीति से स्पष्ट दिखने भी लगा है। सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहनों को न सिर्फ नगर परिषद जप्त कर रही है बल्कि शहर के मुख्य सड़कों से होकर गुजरने वाले जिले के वरीय अधिकारी भी अपने मोबाइल से आपके वाहनों की तस्वीर खींच रहे है। इतना ही नहीं लापरवाह वाहन संचालकों के गाड़ियों को जप्त करते हुए उनके विरुद्ध चालान की कार्रवाई में जुटे हैं। आपके वाहनों के बेतरतीब पार्किंग के कारण उत्पन्न होने वाले जाम की समस्या से निबटने के लिए नगर परिषद द्वारा क्रेन का भी सहारा लिया जा रहा है। जो सड़कों पर खड़े आपके वाहनों को मौके से उठाकर सदर थाना पहुंचा देगा। उसके बाद आपको परिवहन कार्यालय में चालान भरने के बाद ही पुलिस आपकी गाड़ी को मुक्त करेगी।



बस एक क्लिक और कट जाएगी जेब चतरा शहर को जाम मुक्त और यहां आवागमन सुगम बनाने को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त कार्य योजना बनाई है। इसके तहत जिला मुख्यालय समेत विभिन्न प्रखंडों में पदस्थापित वरीय अधिकारियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। इस ग्रुप में अपर समाहर्ता, एसडीओ, एसडीपीओ, थाना प्रभारी, नगर परिषद पदाधिकारी व सदर बीडीओ और सीओ समेत इससे जुड़े अन्य अधिकारियों को शामिल किया गया है। इस व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सड़क से होकर गुजर रहे अधिकारी सड़कों पर इधर-उधर पार्क किए गए बेतरतीब वाहनों की तस्वीरे खींचकर पोस्ट कर रहे हैं। जिसके बाद तस्वीरों को पोर्टल पर अपलोड कर वाहनों के विरुद्ध फाइन वसूली की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पुलिस और परिवहन विभाग आपके वाहनों के संपूर्ण दस्तावेजों की जांच कर चालान करने समेत आपके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी कर रहा है।

**पीली पट्टी से बाहर खड़ा करें वाहन :** अभियान का नेतृत्व कर रहे अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल ने बताया कि शहरवासियों के अलावे जनप्रतिनिधियों के द्वारा लगातार बैठकों में शहर में उत्पन्न होने वाले जाम की समस्या की शिकायत मिल रही थी।जिसे गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त अबु ईमरान के निर्देश पर जिला प्रशासन के द्वारा एक कमेटी बनाकर कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत शहर के मुख्य सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने के साथ-साथ मेन रोड के अलावे अन्य व्यस्ततम सड़कों पर साइड लाइन (पीला पट्टी) चिन्हित किये गए हैं। नियमानुसार वाहन संचालकों को उस साईड लाइन यानी कि पीला पट्टी के बाहर ही गाड़ी पार्क करनी है। लेकिन लापरवाह वाहन संचालक अपनी गाड़ियों को बेतरतीब सड़कों पर ही छोड़ काम निपटाने में व्यस्त हो जाते हैं। मुख्य सड़क का अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध भी फाईन वसूली की कार्रवाई निरंतर जारी है।

**बसों के ठहराव पर रोक लगाने की मांग :** जिला प्रशासन के इस संयुक्त कार्रवाई से गदगद शहर के लोग अब केसरी चौक के समीप मेन रोड पर स्थित अनाधिकृत गया बस स्टैंड को भी हटाने की मांग केरने लगे है। मेन रोड में बसों के ठहराव पर भी रोक लगाने की मांग तेज हो गई हैं। शहरवासियों का कहना है कि यात्री बसों व अन्य वाहन संचालकों के द्वारा गैर कानूनी तरीके से केसरी चौक के समीप मेन रोड पर बसों का ठहराव कर यात्रियों को बिठाया जाता है। जिससे न सिर्फ आए दिन जाम की समस्या उत्पन्न होते रहती है बल्कि यहां लगने वाले जाम के कारण लोग एक दूसरे से उलझ भी जाते हैं। जिसके कारण विधि व्यवस्था के समस्या की भी स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

## स्पीड न्यूज

### क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक ने किया टंडवा एनटीपीसी का दौरा



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पार्थ मजूमदार ने एनटीपीसी उत्तरी करनपुरा टंडवा का एकदिवसीय दौरा किया। इस दौरान पॉवर प्लांट का व्यापक समीक्षा की गई। जिसमें परिचालन उत्कृष्टता, नवाचार और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। यह यात्रा श्री पार्थ मजूमदार के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था। एनटीपीसी उत्तरी कर्णपुरा के संचालन, पहल और उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उनकी भागीदारी और मूल्यांकन संगठन के भविष्य के प्रक्षेप पथ को आकार देने में अत्यधिक महत्व रखते हैं। अपनी यात्रा के दौरान श्री. पार्थ मजूमदार ने प्रबंधन टीम, विभाग प्रमुखों और कर्मचारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में चुनौतियों और अवसरों की गहरी समझ प्रदर्शित की और संचालन के सभी पहलुओं में निरंतर सुधार के महत्व पर जोर दिया।

### हाइवा अनियंत्रित होकर पलटा, विद्यालय की दीवार हुई क्षतिग्रस्त



**गिद्धौर।** प्रखंड के मुख्य चौक स्थित राजकीय मध्य विद्यालय गिद्धौर के समीप शनिवार को एक हाइवा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे विद्यालय की चारदीवारी क्षतिग्रस्त होकर टूट गयीं। प्रथम दृष्टया हादसें का कारण चालक को झपकी आना बताया जा रहा है। गणिमत कहें कि घटना में चालक को चोट नहीं आई। हाइवा टंडवा आम्रपाली से कोयला लोड कर कटकमसांडी डम्प करने के लिए जा रही थी।

### टेट सफल सहायक अध्यापक संघ ने की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** टेट सफल सहायक अध्यापक संघ के निर्देशानुसार झारखंड राज्य आचार्य नियमावली के विरोध में जिले के सभी टेट सफल सहायक अध्यापक संघ की एक बैठक जिला महासचिव मनोज प्रसाद यादव की अध्यक्षता में की गई व संचालन विपिन कुमार यादव ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य टेट नियमावली की प्रतियों को जलाने का कार्यक्रम किया, प्रतियां जलाते हुए सरकार द्वारा सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली का विरोध किया। वहीं सभी शिक्षकों ने कहा कि अगर हमें 26000 की बहाली में 50 प्रतिशत आरक्षण के तहत सीधा समायोजन नहीं किया जाता है तो वह दिन दूर नहीं की 2018 के मोराबादी घटना को दोहराया जाएगा। जिसकी सारी जवाबदेही वर्तमान सरकार की होगी। इस कार्यक्रम में संजय कुमार शशि, नारायण विश्वकर्मा, अशोक यादव, जय कुमार यादव, बद्रीनाथ सिंह, राजेंद्र प्रसाद, महादेव यादव, संजय कुमार संत, प्रसाद यादव आदि मौजूद थे।

### ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने दो मोबाइल चोर को पकड़ा



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत नावाडीह एक में आये दिन लग रहे साप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने आए खरीदारों की मोबाइल चोरी हो जाने की घटना लगातार बढ़ रही थी। जिसे देखते हुए मरकच्चो पुलिस प्रशासन ने कड़ी मशक्कत के बाद शुक्रवार को ग्रामीणों के सहयोग से दो मोबाइल चोरों को धर दबोचा है और थाना ले गई। वहीं मोबाइल चोरों ने अपना जुर्म कबूल किया एवं बताया कि आए दिन बाजार में मोबाइल चोरी की घटना हम लोगों के द्वारा अंजाम दिया जा रहा था, चोरी का मोबाइल अपने क्षेत्रों में कम दामों में बेचकर अच्छा मुनाफा कमा रहे थे। वहीं मरकच्चो थाना प्रभारी लव कुमार ने चोर 22 वर्षीय शेख गुलफराज पिता शेख मकसूद एवं एक नाबालिग युवक पिता गब्बर रिख्यासन दोनों साकिन महाराजपुर थाना तेलझारी जिला साहेबगंज के विरुद्ध 67/23 मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी नवादा बिहार से 18 अगस्त को कोडरमा के रास्ते नाबाडीह बाजार पहुंचे, जहां उक्त चोरों ने मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद बाजार में खरीदारी करने आए खरीदारों ने चोरों को धर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया।

## पोक्सो एक्ट विषय पर वेबीनार का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन झुमरीतिलैया में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं साक्षी एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में पाक्सो एक्ट विषय पर वेबीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा द्वारा मुख्य वक्ता डॉ.सुमबुल दाउद्द का परिचय कराया एवं स्वागत भाषण दिया। तत्पश्चात कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. सुमबुल दाउद्द ने अपने संबोधन ने कहा कि वर्तमान में समाज में बाल शोषण से कैसे बचा जाए एवं बच्चों को किस



प्रकार से जागरूक किया जाए, अभिभावकों को अपने बच्चों का किस प्रकार बाल शोषण से बचाव कर सकते हैंघ् एवं पोक्सो एक्ट के द्वारा किस प्रकार कार्यवाही हो सकती है, उन्होंने ने बाल शोषण से संबंधित विभिन्न जानकारियां जैसे पोर्नोग्राफी, सेक्सुअल एसॉल्ट एवं सेक्सुअल हैरेसमेंट पर प्रकाश डाला तथा इन सभी से बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवकों के द्वारा पाक्सो एक्ट से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए।

जिसका उत्तर मुख्य वक्ता डॉ. सुमबुल ने बड़ी सहजता के साथ दिया। इस अवसर पर बीएड सत्र 2021-23 और 2022- 24 के प्रशिक्षु जुड़े रहे। वहीं महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ. संजीता कुमारी, प्राचार्य, सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी जुड़े रहे। वेबीनार से जुड़े सभी प्रशिक्षुओं एवं महाविद्यालय के सदस्यों को साक्षी एनजीओ के द्वारा ऑनलाइन प्रमाण पत्र दिया गया।

### जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 6 जलवाबाद स्थिति आंगनबाड़ी केंद्र में जुआ खेलते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से पुलिस ने 71 सौ रुपए नगद एवं एक बुलेट मोटरसाइकिल बरामद किया है। गिरफ्तार लोगों में 43 वर्षीय मोहन भगत पिता किशोरी भगत जलवाबाद निवासी, 41 वर्षीय मो. इलियास पिता स्व गुलाम अशरफ नगरखारा मडुआबारी निवासी एवं 42 वर्षीय अब्बास अंसारी पिता स्व रोजन मियां बहेरवाटांड़ निवासी शामिल हैं।

## राखी व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर में बालिका व्यक्तित्व विकास के तहत राखी बनाओ एवं मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी बहनों ने इस प्रतियोगिता में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। वहीं शिशु वर्ग से मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साक्षी कुमारी द्वितीय स्थान रिंकू कुमारी एवं तृतीय स्थान सोनाली कुमारी रही। बाल वर्ग से प्रथम स्थान करिश्मा कुमारी द्वितीय स्थान रोशनी कुमारी एवं तृतीय स्थान पर रितिका रही।



वहीं किशोर वर्ग से प्रथम स्थान पर बहन स्वाति कुमारी द्वितीय स्थान साक्षी कुमारी एवं तृतीय स्थान पर स्नेहा कुमारी रही। वहीं राखी बनाओ प्रतियोगिता में किशोर वर्ग से बहन स्वाति कुमारी, शुभलता कुमारी, साक्षी कुमारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही बाल वर्ग से क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर सृष्टि कुमारी करिश्मा कुमारी एवं रितिका कुमारी रही। शिशु वर्ग से प्रथम स्थान पर प्रियांशु कुमारी द्वितीय स्थान पर रिंकू कुमारी एवं तृतीय स्थान पर कशिश कुमारी रही।

## सड़क निर्माण में अनियमितता, ग्रामीणों ने जताया विरोध



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** स्थित तिलैया बस्ती वार्ड नंबर दो में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत हो रही सड़क निर्माण में अनियमता बरते जाने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां पहले से पीसीसी रोड बनी हुई है और अब पुनः उसी रोड के ऊपर 6 इंच पीसीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। जिससे हमलोगों का घर एक फिट नीचे हो जायेगा और घरों का पानी बाहर नहीं निकल पाएगा।

### सम्मान समारोह सह स्वास्थ्य जागरूकता आयोजित

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में दादा दादी नाना नानी सम्मान समारोह सह स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के सचिव अनुराग सिंह, कोषाध्यक्ष नवल कुमार, मुख्य अतिथि डॉ. राजन कुमार, अभिभावक परमानंद तिवारी और प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

## कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सीसीए के तहत शनिवार को इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पानी, पावन, धरती और आकाश हाउस के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता बालक वर्ग के लिए



आयोजित था, जो पीटीआई राकेश पांडेय और कुंदन कुमार राणा की देखरेख में हुई। वहीं प्राचार्य नवीन कुमार ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका हौसला बढ़ाया। वहीं पवन हाउस विजेता और पानी हाउस उपविजेता बना।

### अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र स्थित पावर सब स्टेशन में कुछ माह पूर्व ट्रांसफार्मर कॉयल की चोरी की घटना हुई थी, जिसे लेकर मरकच्चो थाना में 115/22 मामला दर्ज किया गया था। वहीं थाना प्रभारी लव कुमार ने इस चोरी की घटना के अप्राथमिकी अभियुक्त पवन कुमार वर्मा पिता केदार वर्मा साकिन मुरपा थाना मांडू ओपी जिला रामगढ़ को गिफ्तार कर जेल भेज दिया।

## भाकपा ने प्रखंड कार्यालय में किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के तत्वावधान में जल, जंगल, जमीन व रोजगार को लेकर रमना प्रखंड कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समाप्ति पर भाकपा नेताओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ललित प्रसाद सिंह को छह सूत्री मांग पत्र सौंपा। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि झारखंड में अफसरशाही चरम सीमा को पार कर चुकी है। विकास कार्य में भारी लूट मची हुई है। कोई भी कार्य बिना घूस के नहीं हो रहा है। पहले टेबल के नीचे



प्रदर्शन करते भाकपा नेता

से लिया जाता था और अब खुलेआम लिया जा रहा है।

वहीं सर्वे में भारी त्रृटि होने के कारण लोग परेशान हैं। इसके बावजूद इसे रद्द नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मालिक गैर मजरूआ भूमि को बकास्त बनाकर गरीब जोतदारों को भगाने का प्रयास किया जा रहा है। वर्षों से जोत कोड़ करने वाले किसानों को बेदखल किया जा रहा है। जिसे भाकपा कभी बर्दाश्त नहीं करेगी और इसके विरुद्ध लड़ाई जारी रखेगी। कार्यक्रम को भाकपा के राज्य परिषद सदस्य गणेश सिंह, सहायक जिला मंत्री रामेश्वर प्रसाद अकेला, जिला परिषद सचिव राजकुमार राम, नौरंगी पाल, रामनाथ उरांव, राजकुमार भुईयां, मुन्ना राम आदि ने संबोधित किया।

सौंपे गये मांग पत्र में गढ़वा जिला को अकाल क्षेत्र घोषित करते हुए राहत कार्य चलाने, यूरिया नदी, सुनील मुखर्जी नगर स्थित बगया-तलया नाला, सुखड़ा नदी में पक्का चेकडैम बनवाने, सुनील मुखर्जी नगर की भू-दान गैर मजरूआ भूमि पर काबिज किसानों की भूमि से छेड़छाड़ कर बेदखल की साज़िश को रोकने, कजरी नदी, सतबहिनी नाला, बगया-तलया नाला पर पुलिया निर्माण कराने आदि मांग शामिल है।

## एक नजर में

### नारकोटिक्स समन्वय केंद्र जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में ऑनलाइन के माध्यम से उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में नारकोटिक्स समन्वय केंद्र कि जिला स्तरीय समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से नशीले पदार्थों की तस्करी, जिले में अफीम तथा गांजा व भांग की अवैध खेती, नशीले दवाओं के दुरूपयोग के खिलाफ जागरूकता को बढ़ावा देने, विशेष रूप से स्कूल एवं कॉलेजो में एनडीपीएस अधिनियम के अवैध प्रावधानों और नशीली दवाओं के हानिकारक प्रभावों से प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक विकास कार्यक्रमों को लागू करना, दवा का पता लगाने और प्रस्तुत करने के लिए उपकरणों की आवश्कताओं का आकलन, जिले में नशामुक्ति समेत अन्य बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी संबंधित पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जिले के सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को नशा के दुष्प्रभाव के प्रति प्रचार-प्रसार कर जागरूक करने का निर्देश दिया।

### प्रोत्साहन से बच्चों में आता है निखार : एमपी केशरी



सम्मानित बच्चों के साथ निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के जीएन कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान आजादी का अमृत महोत्सव पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम, स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रगान, बिगुल बैंड और सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रभात फेरी आदि विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। स्कूल के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य होते हैं। सभी बच्चों में विभिन्न प्रकार की प्रतिभाएं मौजूद होती है। समय-समय पर बच्चों को बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करते रहने से उनकी प्रतिभा में निखार आती है। स्कूल के बच्चों ने काफी परिश्रम कर जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया। इसके लिए निदेशक ने बच्चों को तैयारी कराने वाले शिक्षक इंचार्ज आदि को भी बधाई दिया।

### मारपीट में युवक घायल, दिया आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के खजूरी गांव में शुक्रवार की देर शाम मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में घायल खजूरी गांव निवासी राजकुमार मेहता के 28 वर्षीय पुत्र गोविंद मेहता ने तीन नामजद लोगों के अलावे 8 से 9 की संख्या में अज्ञात व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए मझिआंव थाना में लिखित आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि शुक्रवार के शाम तकरीबन 6:30 बजे मैं अपने खेत तरफ घूमने गया था और जान मारने की नियत से पूर्व से घात लगाए बैठे भुसुआ गांव निवासी फरीद खान के 23 वर्षीय पुत्र गुलाम हक खान व 25 वर्षीय हजरत खान तथा इस्ताक खान के 26 वर्षीय पुत्र समीर खान एवं 8 से 9 की संख्या में अज्ञात व्यक्तियों ने लाठी डंडे एवं पिस्तौल लेकर मेरे पास आए और गाली



घायल

गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट करने लगे। मैं भागने का प्रयास किया लेकिन लोगों ने दौड़ाकर मुझे पकड़ लिया।

इसके पश्चात गुलाम हक खान ने पिस्टल के पिछले हिस्से से मेरे माथा पर वार कर दिया एवं अन्य लोग गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मुझे मारने लगे। जिसमें मेरा माथा फट गया एवं दाहिना हाथ की कलाई सहित पूरे शरीर में गंभीर अंदरूनी चोट लगी और मैं बेहोश हो गया। हमलावर मुझे मृत समझ कर भाग निकले।

### आवंटित सभी कार्यों को ससमय करें पूर्ण : डीआरडीए निदेशक



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी समिति की समीक्षात्मक बैठक विकास भवन के सभा कक्ष में की गई। बैठक में मुख्य रूप से तकनीकी विभागों अन्तर्गत संचालित योजनाओं की अब तक कि स्थिति एवं लंबित कार्य पूर्ण कार्य को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल चतरा, नगर परिषद चतरा समेत अन्य तकनीकी विभागों का विभागवार बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होने तकनीकी विभागों द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए अपूर्ण योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि योजनाओं को पूर्ण करने में संवेदक के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है तो वैसे संवेदक को चिन्हित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करें। वहीं उन्होने कहा कि वन क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्य जो वन क्षेत्र होने के कारण योजना लंबित है उस स्थिति में वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर कार्य प्रारंभ कर शीघ्र पूर्ण करें। पेजजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीआरडीए निदेशक ने हर घर नल योजना के लक्ष्य के विरूद्ध किए गये कार्य की जानकारी लेते हुए तय समय सीमा के अंदर शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## स्पीड न्यूज

### आजसू की बैठक में चंदवा पूर्वी व पश्चिमी पंचायत कमिटी गठित

**चंदवा।** आजसू जिला कमिटी के निदेर्शानुसार शनिवार को आजसू प्रखण्ड कमिटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष विवेक उर्फ राजा दुबे ने की। बैठक के दौरान संगठन को पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक मजबूत करने को लेकर गम्भीरता से चर्चा किया गया व सर्वसम्मति से चंदवा पूर्वी व पश्चिमी पंचायत कमिटी के लिए अध्यक्ष व सचिव का चयन किया गया। चंदवा पश्चिम से योगेश कुमार उपाध्याय व चंदवा पूर्वी से एकलव्य कुमार शर्मा को पंचायत अध्यक्ष मनोनीत किया गया। राजा दुबे ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व सभी बूथों को मजबूत करने का काम किया जाएगा। इसके निमित पार्टी कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर काम कर रहे हैं व आजसू के नीति व सिद्धांतो को जनता तक पहुंचा रहे है। मौके पर मोहम्मद यूसुफ, श्याम सुंदर, मोहित कुमार, अमित टोप्पो समेत कई लोग मौजूद थे।

### तेज रफ्तार स्कार्पियो ने युवक को मारी टक्कर, स्थिति गम्भीर

**चंदवा।** एनएच 22 रांची- चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा शहर के बुध बाजार के समीप बीती शाम एक तेज रफ्तार स्कोर्पियो ने खड़ी स्कूटी पर बैठे युवक सौरभ अग्रवाल पिता नरेंद्र अग्रवाल को जोरदार टक्कर मार दी। स्कोर्पियो के चपेट में आने के बाद सौरभ गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगो की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने बताया कि सौरभ के सर समेत शरीर के कई हिस्सों में गम्भीर चोट लगी है। मामले में घायल के परिजनों के द्वारा चंदवा थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात स्कार्पियो व चालक पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### मजदूर कांग्रेस पलामू प्रमंडल कोऑर्डिनेटर ने चंदवा में मजदूरों से की मुलाकात

**चंदवा।** मजदूर कांग्रेस पलामू प्रमंडल कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार सिंह शनिवार को प्रमंडल अंतर्गत चंदवा प्रखंड के दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने चकला, चंदवा के हिंडाल्को बॉक्साइट साइडिंग समेत कई स्थानों पर जाकर मजदूरों से मुलाकात की व उनकी समस्याओं को जाना। अनिल कुमार सिंह ने कहा मजदूर कांग्रेस मजदूरों के हक व अधिकार के लिए हमेशा से लड़ाई लड़ती आयी है, यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव में मजदूर बीजेपी सरकार को पलामू प्रमंडल से उखाड़ फेंकने का काम करेंगे।

### रा. प्रा. वि. काठो में मध्याह्न भोजन योजना के लिए लाये गये चावल की चोरी

**महुआडांड़।** प्रखण्ड स्थित रा. प्रा. वि. काठो में मध्याह्न भोजन योजना के लिए लाये गये चावल की चोरी विद्यालय में ही पढ़नेवाले बच्चे दूसरे विद्यालय मे पढने वाले बच्चे के साथ मिलकर चोरी कर ली एवं चुराये चावल को विद्यालय समिती के ही अध्यक्ष सरजु प्रसाद के दूकान में बेच दी। घटना की सूचना विद्यालय के प्राचार्य सुखन नगेसिया के द्वारा बीआरसी कार्यालय में दे दी गई है। इस संबंध में प्राचार्य सुखन नगेसिया ने बताया कि उनके ही स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे दूसरे स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे के साथ मिलकर चावल चोरी कर ली। जब दूसरे दिन मुझे इसकी जानकारी हुई तो पता चला कि उक्त चोरी के चावल को विद्यालय समिती के ही अध्यक्ष सरजु प्रसाद के दूकान में बेच दी गई है। आज इसे लेकर ग्राम सभा की बैठक भी रखी गई है। बैठक उपरांत इसकी लिखित सूचना वे थाने में देंगे।

### एंबुलेंस के अभाव में मरीज ने दम तोड़ा

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल करनदेव उरांव 32वर्ष पिता स्व. तेतरा उराँव ग्राम बालू थाना बालूमाथ निवासी एम्बुलेंस अभाव में घण्टो अस्पताल में तड़पता रहा और उसकी मौत हो गयी। ज्ञात हो कि शनिवार की देर शाम नवादा ग्राम के पास एक अनियंत्रित बेलोरो ने दो अलग-अलग बाइक सवार को टक्कर मार दिया था। जिसमें डॉ. अमरनाथ प्रसाद द्वारा इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए घायल को रिम्स कर दिया था। लेकिन एम्बुलेंस नही मिल पाने के कारण मरीज की मौत हो गयी। वहीं दुर्घटना के समय बालूमाथ में एकमात्र एम्बुलेंस उस समय मरीज को लेकर रांची गया हुआ था।

### अनियंत्रित बोलेरो ने दो अलग-अलग बाइक सवारों को मारी टक्कर, छह घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ पांकी मुख्य पथ पर नवादा ग्राम के समीप शनिवार देर शाम एक अनियंत्रित बोलेरो ने दो अलग-अलग बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में करनदेव उराँव 32वर्ष पिता स्व. तेतरा उराँव, कुशिला देवी 25 वर्ष पति करणदेव उराँव (दोनो पति-पत्नी)सुशील कुजूर 23 वर्ष पिता मनमसी कुजूर सभी ग्राम चंदाबधार, बालू थाना बालूमाथ निवासी ये तीनो खुखरी चुनकर वापस अपने घर बालू लौट रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित बोलेरो ने टक्कर मार दी। वहीं उपेंद्र राम 30 वर्ष पिता पुटून राम ग्राम सिंदुआरी, बधार जिला चतरा, अरविंद राम 26 पिता सीता राम,कमलेश राम 22वर्ष पिता सीता राम दोनो ग्राम चुम्बा थाना बारियातु निवासी सभी एक बाइक में सवार होकर लातेहार के डीएम और ग्राम में नल जल योजना में मजदूरी का काम करने जा रहे थे इसी दौरान अनियंत्रित बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे सभी घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलो को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां अमरनाथ प्रसाद के द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल करमदेव उराँव, सुशील कुजूर, उपेंद्र राम, अरविंद राम, कमलेश राम को बेहतर इलाज को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। वहीं घटना के बाद हेरहंज पुलिस ने बोलेरो को जब्त कर लिया है।

## राजेंद्र साहू हत्याकांड का उद्भेदन, टीएसपीसी संगठन के रीजनल कमेटी मेंबर आक्रमण गंझू के इशारे पर हुई हत्या

# शूटर समेत चार उग्रवादी चढ़े पुलिस के हत्थे

### पैसे की लेन देन को लेकर विवाद में हत्याकांड को दिया गया था अंजाम

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी अंजनी अंजन

**लातेहार।** भाजपा के कद्दावर नेता सह पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू हत्याकांड का लातेहार पुलिस ने सफलतापूर्वक उद्वेदन कर दिया। पुलिस ने हत्याकांड में संलिप्त शूटर समेत चार अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाल दिया। शनिवार को लातेहार एसपी कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एसपी अंजनी अंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के 15 लाख के इनामी उग्रवादी आक्रमण गंझू के इशारे पर राजेंद्र प्रसाद साहू को 12 अगस्त को गोली मारी गयी थी जिसके बाद इलाज के दौरान 14 अगस्त की सुबह उनकी मौत हो गई थी। घटना के बाद एसडीपीओ अजित कुमार की अगुवाई में एसआईटी टीम का गठन किया गया था, टीम के द्वारा तकनीकी एवं खुफिया तंत्र की मदद से घटना में संलिप्त 2 शूटरों समेत 4 उग्रवादियों को धर दबोचा गया। पूछताछ के क्रम में चारों गिरफ्तार उग्रवादियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली।

**घटना के 1 सप्ताह पहले से की जा रही थी रेकी :** एसपी श्री अंजन आगे बताया कि 15 लाख के इनामी उग्रवादी आक्रमण जी के इशारे पर राजेंद्र प्रसाद साहू की रेकी की जा रही थी। घटना को अंजाम देने से लगभग 1 सप्ताह पूर्व से ही उनके एक्टिविटी को ट्रैक किया जा रहा था। इसका संदेह होने पर 12 अगस्त को राजेंद्र प्रसाद साहू के द्वारा उग्रवादियों का पीछा किया गया था। इसी दौरान राजेन्द्र साहू व उग्रवादियों की भिड़ंत हो गई थी।

**पैसे की लेन देन को लेकर विवाद में हत्याकांड को दिया गया अंजाम :** एसपी अंजनी अंजन ने आगे बताया कि अनुसंधान क्रम में जो बातें सामने आई है उसके अनुसार पता चल रहा है कि राजेंद्र प्रसाद साहू का टीएसपीसी संगठन के साथ पैसे की लेनदेन को लेकर कुछ विवाद चल रहा था। आक्रमण गंझू के द्वारा पूर्व में भी राजेंद्र साहू पर जानलेवा हमला कराया गया था। आक्रमण गंझू के कहने पर ही राजेंद्र साहू की रेकी की जा रही थी।

**टीएसपीसी संगठन के द्वारा जारी किए गए पर्चे की भी होगी जांच :** पत्रकारों के द्वारा टीएसपीसी संगठन के द्वारा प्रेस बयान जारी कर घटना की जिम्मेवारी लिए जाने को लेकर पूछे गए सवाल पर एसपी श्री अंजन ने कहा कि बिना जांच कुछ भी कह पाना संभव नही है। मामले की पूरी जांच की जाएगी, जांच के उपरांत भी कुछ कह पाना संभव होगा।

### इन उग्रवादियों की हुई है गिरफ्तारी

मामले में गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों में शूटर जितेंद्र विश्वकर्मा पिता बसंत विश्वकर्मा (बरडीहा गढ़वा) व शिवपूजन सिंह उर्फ मोटका पिता सुदामा सिंह ( गनियारी खुर्द धुरकी गढ़वा), अश्विनी कुमार सिंह उर्फ बच्चन पिता श्रीराज कुमार सिंह ( बोदरा, मझियाउ गढ़वा) व कुलदीप गंझू पिता मंगर गंझू (सेमरसोत बालूमाथ) शामिल हैं।

### उग्रवादियों के पास से ये समान हुआ बरामद

गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से 4 पिस्टल, 30 जिंदा कारतूस, 4 मैगजीन, 1 अपाची बाइक, राउटर, टी शर्ट, ट्राउजर व गमछा बरामद किया गया है।

# निजी क्लीनिक में इलाजरत बच्चे की मौत, परिजनों में आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत राजेंद्र कॉम्पलेक्स में स्थित जीवन हॉस्पिटल में एडमिट प्रसूता महिला के परिजनों ने शनिवार को खूब हो हंगामा किया। दरअसल महिला ने ऑपरेशन के बाद एक बच्चे को जन्म दिया था। लेकिन प्रसव के तीन दिनों के बाद बच्चे की तबीयत में थोड़ी खराबी आने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए डालटंगनज रेफर कर दिया गया था। लेकिन डालटनगंज के एक शिशु हॉस्पिटल में इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि जीवन हॉस्पिटल के द्वारा समय पर बच्चे के तबियत खराब होने की जानकारी नहीं दी गई और न ही समय पर चिकित्सक बच्चे को देखने आए। प्रसूता महिला के पति हुसैन अंसारी ने खबर मंत्र को बताया कि बीते सप्ताह 11 अगस्त दिन शुक्रवार की रात 11.30 बजे मेरी पत्नी की डिलीवरी बरवाडीह के जीवन हॉस्पिटल में हुआ था। जिसके बाद शनिवार, रविवार और सोमवार तक बच्चा स्वस्थ था। लेकिन सोमवार को दोपहर तीन बजे के करीब उसका शरीर नीला होने लगा। जिसके बाद बच्चे को ऑक्सीजन रूम में ले जाया गया। बच्चा कुछ देर में ठीक हो गया। लेकिन एक दो घंटे के अंदर दुबारा बच्चे का शरीर नीला पड़ने लगा।

जिसके बाद हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा बच्चे को शिशु विशेषज्ञ को दिखाने की बात कही गई। हमलोग हॉस्पिटल की सलाह पर उसे शिशु हॉस्पिटल डालटनगंज लेकर गए। जहां जांच के बाद डॉ.संजय तिवारी ने बच्चे के स्वस्थ होने की जानकारी दी और एक दो दिन हॉस्पिटल में ही रखने की बात कही। लेकिन शिशु हॉस्पिटल में 18 घंटे के बाद बच्चे की मौत हो गई।

### क्या कहते है हॉस्पिटल प्रबंधक

इधर पूरे मामले के संबंध में जीवन हॉस्पिटल के संचालक आलोक सिंह ने दूरभाष पर पूछताछ में बताया कि 11 अगस्त को डिलीवरी के बाद जच्चा-बच्चा दोनों हमारे यहां स्वस्थ थे। हॉस्पिटल स्टाफ के द्वारा बच्चे की देखभाल अच्छे से की जा रही थी। चिकित्सक भी खुद कई बार जच्चा बच्चा दोनों को देख रहें थे। लेकिन दो दिन बाद बच्चे के परिजनों की जिद पर हमलोग ने शिशु विशेषज्ञ को दिखाने की सलाह दी थी। जिसके बाद परिजन अपने बच्चे को यहां से ले गए, पर वहां जाने के एक दिन बाद बच्चे की मृत्यु होने की खबर परिजनों द्वारा दी गई।

### बरवाडीह में खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

## बालू का उठाव व परिवहन करने वाले भेजे जायेंगे जेल : एसडीपीओ

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में उपस्थित अधिकारी

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में शनिवार को अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी दिलू लोहार की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई। इस बैठक में बरवाडीह अंचलाधिकारी राकेश सहाय के साथ-साथ छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, बरवाडीह थाना के एसआई एस सरदार तथा वन विभाग के बरवाडीह रेंज के वनपाल भी शामिल थे। प्रखण्ड स्तरीय खनन टास्क फोर्स की इस बैठक में मुख्य रूप से अवैध रूप से खनिज के उत्खनन, परिवहन व भंडारण पर चर्चा की गई। चुकी बरवाडीह में माइनिंग का यानी खनन का कोई स्पॉट नहीं है, ना ही यहां पत्थर का खनन होता है, और ना ही वैसे कोई क्षेत्र हैं। परंतु बरवाडीह के इलाकों से हाईवा, ट्रक और अन्य माध्यमों से खनिज का परिवहन, ढुलाई होता है। इस पर कड़ी नजर रखने का फैसला लिया गया। साथ ही वैसे हाईवा को परिवहन करने से रोकने का निर्देश दिया गया और उसके विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया जो ओवरलोडेड हैं, और कई वाहन बिना नंबर के चल रहे हैं। साथ ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के द्वारा बालू के उठाओ पर रोक के मद्देनजर यह फैसला लिया गया कि निजी कार्यों में यदि बालू का इस्तेमाल करते हुए कोई पकड़ा जाता है, तो उसके विरुद्ध यानी निजी मकान का निर्माण कर रहे व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और उसी से इसकी जानकारी ली जाएगी कि उसने बालू कहां से और किस व्यक्ति से खरीदा है। साथ ही वन विभाग को निर्देश दिया गया कि उनके नाका से किसी भी तरह का बालू का परिवहन यदि होता है तो उसे तुरंत रोक कर थाना और अंचल को सूचना दिया जाए। वहीं बैठक में बालू का परिवहन किसी भी कीमत में 15 अक्टूबर तक नहीं होने देने का निर्णय लिया गया।

# 3 करोड़ 20 लाख की नहर हल्की बरसात भी नहीं झेल पायी

खबर मन्त्र संवाददाता



टूटी नहर

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत कार्मेल हॉस्पीटल रिगड़ीटांड पथ पर स्थित लघु सिंचाई विभाग के द्वारा 3 करोड़ 20 लाख की लागत से कराए गये नहर निर्माण हल्की बारिश में ही टुट गई जिससे कार्मेल हॉस्पीटल से रिगड़ीटांड जाने वाली पथ बह कर टुट गई। इससे आवागमन पूर्णतः बाधित हो गई। लघु सिंचाई विभाग के द्वारा वर्ष 2017 में 3 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से कश्यप कन्स्ट्रक्शन द्वारा नकटी नदी नहर परियोजना से पूर्व कच्ची नहर को पक्कीकरण कराया गया। जिसकी लम्बाई साढ़े तीन किलोमीटर थी, ताकि किसानों को कृषि कार्य के लिए पानी मिले। इसके निर्माण से किसान खुश थे। लेकिन करोड़ो रूपए खर्च होने के बावजूद किसानों को निराशा हाथ लगी है। जहां घटिया एवं स्तरहीन निर्माण के चलते करोड़ो रूपए का बना पक्का नहर का कंक्रीट पूर्व मे भी कई जगह टूट चुका था। ग्रामीण विजय जायसवाल, अनिल कुमार, कृष्णा लोहरा, मुन्ना बड़ाईक बताते हैं कि नहर पक्कीकरण कार्यो में गुणवत्ता नहीं थी।अधिकारियों द्वारा इसकी मॉनिटरिंग कभी किया नही गया। किसानों के द्वारा शिकायत करने के बाद भी उनकी बातों को नजर अंदाज किया गया था। निर्माण कार्य एक साल में पूरा करना था। लेकिन संवेदक नहर पक्कीकरण का काम पांच वर्ष तक करता रहा। ग्रामीणो ने बताया कि खेत को पानी देने के लिए पैसा पानी की तरह बहाया गया। फिर भी नहर से खेतो को पानी नहीं मिला।

## युवा झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते लोग

**महुआडांड़।** मुख्यालय स्थित डाक बंगला परिसर में झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता लातेहार युवा जिला सचिव परवेज आलम ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार युवा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव और लातेहार अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष वारिस अंसारी रहे। बैठक में पार्टी की मजबूती एवं उत्थान के लिए चर्चा की गई। बैठक में युवा ज़िला अध्यक्ष रंजित उराव, अल्पसंख्यक ज़िला अध्यक्ष वारिस अंसारी, गारु प्रखंड अध्यक्ष तवकिर मियाँ, चंदवा प्रखंड उपाध्यक्ष मो सरफराज गारु मुखिया अजय टोप्पो, सरजू से उमेश, प्रखंड सचिव साहिद अहमद उर्फ. भोलू आदि मौजूद थे।

## करंट की चपेट में आने से एक की मौत

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित दूंदू पंचायत के बिचलीदाग गांव में दिन शनिवार को बिजली के करंट की चपेट में आने से 27 वर्षीय मगर सिंह की मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगर सिंह शनिवार को अपने खेत में फसल बुवाई का काम कर रहा था। इसी दौरान पानी पटाने के लिए खेत में लगाए गए मोटर के तार के करंट की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। वहीं घटना के बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल पहुंचाया जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक अपने पीछे पत्नी और मां को छोड़ गया। वहीं मृतक के परिवार वालों को हौसला देते हुए चौकिया गांव निवासी समाजसेवी अख्तर अंसारी ने कहा कि मुझसे जो भी बनेगा मैं हर संभव आप सबों का मदद करने का प्रयास करूंगा।

# हत्या में शामिल तीन व आगजनी की घटना में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने छापेमारी कर धर दबोचा

खबर मंत्र संवाददाता



अलग-अलग घटनाओं में शामिल आरोपी व पुलिस अधिकारी

### मनिका पुलिस ने हत्या और जेसीबी मशीन में आगजनी की घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र में पुलिस के द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या के तीन और जेसीबी मशीन में आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दिन शनिवार को मनिका पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दिया कि 13 अगस्त को वादी बीरबल सिंह उम्र 23 वर्ष पिता स्वर्गीय ननदेव सिंह घर जालिमा थाना मनिका जिला लातेहार के द्वारा अपने पिता के हत्या करने के आरोप में लिखित आवेदन दिया गया था जिसके आधार पर मनिका थाना कांड संख्या 60/23 धारा 302/201/34 के अंतर्गत दिनांक 13 अगस्त 2023 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वहीं अभियुक्त मनेष सिंह उम्र 38 वर्ष,चंद्रदेव सिंह उम्र करीब 34 वर्ष दोनों पिता स्वर्गीय गुलाबी सिंह,हरिद्वारी सिंह उम्र 26 वर्ष पिता स्वर्गीय राम दयाल सिंह,जिरमनिया देवी पति मनेष सिंह,कुनाकी देवी पति बिहारी सिंह,सभी घर जालिमा थाना मनिका जिला लातेहार के विरुद्ध वादी के पिता ननदेव सिंह के निर्मम हत्या कर शव को छुपाने के आरोप में कांड प्रतिवेदित किया गया है। कांड अनुसंधान एवं छापामारी के लिए अनुसंधान कर्ता एसआई मिथिलेश कुमार,एसआई प्रदीप कुमार राय,एएसआई मिश्रा मांझी एवं शस्त्र बल मनिका थाना के साथ ग्राम जालिमा स्थित अभियुक्तों के घर को घेरा बंदी कर विधिवत्त छापामारी कर इस कांड के अभियुक्त मनीष सिंह,चंद्रदेव सिंह एवं हरिद्वारी सिंह को गिरफ्तार किया गया तथा शेष अभियुक्तों के विरुद्ध छापेमारी जारी है। वहीं दूसरा मामला इस वर्ष के फरवरी माह में मनिका थाना अंतर्गत ग्राम सधवाडीह में चल रहे पुल निर्माण कार्य पर खड़े जेसीबी मशीन में कुछ उग्रवादियों के द्वारा आग लगा दिया गया था जिसके संदर्भ में मनिका थाना कांड संख्या 12/2023 धारा 147/148/149/342/435/385/387 एवं 17 सी.एल.ए. दिनांक 6 फरवरी 2023 को दर्ज किया गया था। वहीं दिनांक 18 अगस्त 2023 को थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह को गुप्त सूचना मिली कि इस कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त मुकेश यादव और शंभू यादव दोनों मुकेश यादव के घर पर आए हुए हैं। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए सूचना के सत्यापन और छापामारी में मनिका थाना से शस्त्र बल के साथ रात्रि करीब 9:00 बजे प्रस्थान किया गया। वहीं लेस्लीगंज थाना को भी इसकी सूचना देते हुए छापामारी हेतु शस्त्र बल लेस्लीगंज थाना के साथ ग्राम ओरिया के लिए प्रस्थान किए और ग्राम ओरिया में मुकेश यादव के घर को घेराबंदी कर विधिवत छापामारी किया गया।

## एक नजर में

### अज्ञात वाहन की टक्कर में एक की मौत

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, अधिकांश मौत सडक दुर्घटनाएं से ही हो रही है। बताते चलें शनिवार के करीब देर शाम बरवाडीह प्रखंड के पोखरी कला निवासी कमल पासवान की मौत हो गई,प्रत्यकक्षदर्शियों के अनुसार अज्ञात वाहन के टक्कर मे दोपहिया पर सवार पोखरी कला निवासी कमल पासवान मेदनीनगर की ओर से अपने घर पोखरी कला जा रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल केचकी औरंगा कोयल संगम पल पर हो गया,एवं कुछ देर में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही बरवाडीह थाना के एस आई राहुल मेहता ने घटनास्थल पर पहुंचे शव को कब्जे में लेकर विस्तृत जांच कर रहे हैं। बताते चलें बेतला नेशनल पार्क केचकी औरंगा कोयल संगम, पलामू किला, मिरचिया पुल, सुगा बांध, समेत अन्य पर्यटन स्थल इसी मार्ग में होने के कारण अत्यधिक लोग शनिवार और रविवार को पहुंचते हैं, जो अधिकांश लोग शराब के नशे में रहते हैं जिसके कारण अत्यधिक सड़क दुर्घटनाएं होती है,, एवं लोगों की जान भी गंवानी पड़ जाती है। ऐसे में प्रखंड प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन विशेष इन 2 दिनों में गश्ती अभियान चलाएं ताकि सड़क दुर्घटनाएं रोक सके।

### झारखंड पठारी बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसो. ने सोमवार से कांटा व अनलोडिंग कार्य बंद रखने का किया एलान

**चंदवा।** झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ओनर एसोसिएशन के द्वारा आगामी सोमवार 21अगस्त से हिंडालको की अनलोडिंग स्टेशन टोरी में अनलोडिंग कार्य बंद रखने का एलान किया गया है। इससे संबंधित सूचना एसोसिएशन के द्वारा अनलोडिंग स्टेशन परिसर में चिपका दी गई है। सभी ट्रक के मालिको व चालक-उपचालको से संगठन ने अपील की है कि इस दिन कांटा व अनलोडिंग कार्य पूरी तरह बंद रहेगा। इसलिए वह लोड ट्रक को लेकर साइडिंग परिसर में ना आवे। इस संबंध में संगठन के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने बताया कि इन दिनों सेरनदाग खदान से डिस्पैच पूरी तरह बंद है। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लोहरदगा कार्यालय द्वारा यह सूचना दी गई थी कि 16 अगस्त से माइंस चालू होगी। उक्त आदेश के अनुसार 16 अगस्त को ट्रक मालिकों ने गाड़ियों के एक ग्रुप को माइंस में भेजा। जिसमें अब तक महज 20 ट्रकों को ही टोकन दिया गया है। ऐसी स्थिति में दूसरे ट्रक वाले ओनर भूखे मरने की स्थिति में है। इसके बाद संगठन के सदस्यों ने कंपनी को मांग पत्र सौंप कर माइंस की स्थिति से अवगत कराया था। साथ ही पत्र देकर स्पष्ट किया था कि अगर माइंस की स्थिति नहीं सुधरी तो सोमवार 21 अगस्त से टोरी साइडिंग का कांटा व अनलोडिंग बाध्य होकर पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा।

### हाथी के हमले में जान गंवाने वाले प्रेम गंझू के आश्रित को मिला 60 हजार का चेक



चेक देते वन विभाग के लोग

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के डुमारो पंचायत अंतर्गत ढोंटी गांव में बीते 27 जून की रात्रि जंगली हाथी के हमले में जान गंवाने वाले प्रेम गंझू के आश्रित को वन विभाग के द्वारा शनिवार को 60 हजार का मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया गया। प्रेम गंझू की बेटी कोकी देवी को वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार ने मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया। रेंजर राकेश कुमार ने बताया कि आगे कागजी प्रक्रियाओं को पूरा करने के उपरांत 3 लाख रुपये का और मुआवजा राशि दिया जाएगा। बता दें कि प्रेम गंझू के आश्रित को पूर्व में घटना के तत्काल बाद 40 हजार रुपए का मुआवजा मिल चुका है। मौके पर वन विभाग के वीरेंद्र कुमार समेत कई कर्मी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## पाक के गिरिजाघरों में हुए हमले में दो मुख्य संदिग्ध अरेस्ट

**लाहौर।** पाकिस्तान में गिरिजाघर और ईसाई समुदाय पर हमलों में शामिल दो मुख्य संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब प्रांत के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि ईशनिंदा के आरोप में 21 चर्चों और अल्पसंख्यक ईसाई समुदाय के करीब तीन दर्जन घरों पर हमलों में शामिल दो प्रमुख संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। नकवी ने कहा कि दोनों ने प्रमुख संदिग्धों की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बता दें कि पंजाब की राजधानी लाहौर से 130 किलोमीटर दूर फैसलाबाद जिले के जरनवाला शहर में बुधवार को ईशनिंदा के आरोप में गुस्साई भीड़ ने 21 चर्चों और ईसाई समुदाय लोगों के 35 घरों में तोड़फोड़ के बाद आग लगा दी थी।

## पंजाब के शिक्षा मंत्री को सांप ने डंसा

चंडीगढ़। पंजाब में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस को सांप ने काट लिया। घटना 15 अगस्त की है। शनिवार को तबियत ठीक होने के बाद उन्होंने खुद ट्वीट करके इस बारे में जानकारी दी। डाक्टरों ने बैंस को अभी दो से तीन दिन और आराम करने की सलाह दी है। हरजोत बैंस ने ट्वीट करके लिखा कि परमात्मा की कृपा से उनके हलके आनंदपुर साहिब में बाढ़ से पैदा हुए हालात अब काफी हद तक ठीक हैं। 15 अगस्त को जब वह हलके के गांवों में पानी भरने का जायजा लेने के गावों का दौरा कर रहे थे तो अचानक जहरीले सांप ने पैर पर काट लिया।

## उत्तराखंड में बारिश से अब तक 78 की मौत

देहरादून। उत्तराखंड में अब तक अतिवृष्टि से 78 लोगों की मौत हुई है और 47 लोग घायल हुए हैं जबकि 18 लोग लापता हैं। भूस्खलन से राज्य में एक बॉर्डर मार्ग सहित 197 सड़कें अवरुद्ध हैं, जिन्हें खोलने का कार्य जारी है। मौसम विभाग ने राज्य में 23 अगस्त तक के लिए बारिश को लेकर येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसी के मद्देनजर प्रदेश के जिलाधिकारियों और आपदा विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

## हिमाचल में 23 तक भारी वर्षा का अलर्ट,

शिमला। मानसूनी आपदा के बीच लोगों को एक बार फिर मौसम के कड़े तेवर का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग ने 23 अगस्त तक राज्य में भारी बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि अगले दो दिन यानी 20 व 21 अगस्त को भारी वर्षा का ओरेंज अलर्ट जबकि 22 एवं 23 अगस्त को येलो अलर्ट जारी किया गया है। पॉल ने बताया कि अगले 24 घंटों में शिमला, सिरमौर और चम्बा जिलों में फ़्लैश फ्लड की चेतावनी दी गई है।

## अमरनाथ से लौट रहे बिहार के श्रद्धालु की मौत

श्रीनगर। पवित्र अमरनाथ गुफा से लौटते समय शुक्रवार देर रात बिहार के श्रद्धालु की मौत हो गई। वह कालीमाता के पास फिसल कर 300 फीट नीचे खाई में गिर गए थे। मृतक की पहचान बिहार के रोहतास जिला के तुम्बा गांव निवासी विजय कुमार शाह (50) के रूप में हुई है। इस दौरान एक महिला श्रद्धालु भी घायल हो गई।

## एसबीआइ क्रेडिट कार्ड से यूपीआइ ट्रांजक्शन शुरू

**मुंबई।** भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने के एकल व्यवसाय का संचालन करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड और एनपीसीआई ने रुपे प्लेटफॉर्म पर जारी एसबीआई क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से जोड़ने की घोषणा की है। एसबीआई क्रेडिट कार्ड के ग्राहक रुपे प्लेटफॉर्म पर जारी अपने क्रेडिट कार्ड के जरिये यूपीआई ट्रांजेक्शन कर पाएंगे।

# अब सीमाओं पर पैराशूट से पहुंचेंगे राशन और हथियार

### वायु सेना का कार्गो विमान से स्वदेशी हेवी ड्रॉप सिस्टम का परीक्षण सफल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायु सेना अब सीमाओं पर तैनात जवानों को पैराशूट के जरिए राशन और लड़ाकू हथियार पहुंचाने की तैयारी कर रही है। सैन्य रसद क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए वायु सेना ने शनिवार को कार्गो विमान से स्वदेशी हेवी ड्रॉप सिस्टम (एचडीएस) का परीक्षण किया, जो पूरी तरह सफल रहा। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के अनुसार इस हेवी ड्रॉप सिस्टम को एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट ने डिजाइन और विकसित किया है। यह एक विशेष सैन्य तकनीक है, जिसका उपयोग विभिन्न सैन्य आपूर्ति, उपकरण और वाहनों की सटीक पैरा-ड्रॉपिंग के लिए किया जाता है। इसे विकसित करने में उन पैराड्रॉप

**▸▸ एडीआरडीइ ने बनाया हेवी ड्रॉप सिस्टम के कई वेरिएंट**

तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है, जिसे कुछ चुनिंदा देशों ने आजमाया है। एडीआरडीई ने एएन-32, आईएल-76 और सी-17 जैसे परिवहन विमानों के लिए हेवी ड्रॉप सिस्टम के विभिन्न वेरिएंट तैयार किए हैं, जो क्रमशः तीन टन, सात टन और 16 टन सैन्य कार्गो के अलग-अलग वजन वर्गों को पूरा करते हैं। अधिकारियों के अनुसार तीन टन और सात टन क्षमता वाले सिस्टम को भारतीय सेना और भारतीय नौसेना के लिए किया गया है। आईएल-76 विमान के लिए हेवी ड्रॉप सिस्टम-पी7 में एक प्लेटफॉर्म और पैराशूट असेंबली शामिल है। इस पैराशूट प्रणाली में पांच प्राथमिक कैनोपी,



पांच ब्रेक शूट, दो सहायक शूट और एक एक्सट्रैक्टर पैराशूट शामिल हैं। यह प्लेटफॉर्म एल्यूमीनियम और स्टील के धातुओं से निर्मित एक मजबूत धातु संरचना है, जिसका वजन लगभग 1,110 किलोग्राम है। लगभग 500 किलोग्राम वजनी पैराशूट प्रणाली भारी माल की सुरक्षित डिलीवरी सुनिश्चित करती है।

### सात हजार किलो रसद लेकर जा सकता है

डीआरडीओ के अनुसार यह सिस्टम सात हजार किलो रसद लेकर 260-400 किलोमीटर प्रति घंटे की ड्रॉप गति पर काम करता है। आयुध फैक्टरी के पैराशूट का उपयोग करने वाली यह प्रणाली मेक इन इंडिया कार्यक्रम के अनुरूप है। हेवी ड्रॉप सिस्टम-16टी को आईएल-76 हेवी लिफ्ट विमान के लिए बनाया गया है। यह 16 टन तक वजन वाले सैन्य कार्गो को सुरक्षित और सटीक पैराड्रॉप करने में सक्षम बनाता है। इसमें बीएमपी वाहन, आपूर्ति और गोला-बारूद शामिल हैं। इस स्वदेशी प्रणाली ने पिछले परीक्षणों में भी सभी इलाकों में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। यह मैदानी इलाकों, रेगिस्तानों और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में उतर सकता है।

# समाधानों के लिए एक आदर्श परीक्षण प्रयोगशाला है भारत

### जो उपाय देश में सफल साबित होते हैं, उन्हें कहीं भी आसानी से किया जा सकता है लागू : मोदी

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत समाधानों के लिए एक आदर्श परीक्षण प्रयोगशाला है और जो उपाय देश में सफल साबित होते हैं उन्हें कहीं भी आसानी से लागू किया जा सकता है। बेंगलुरु में जी-20 डिजिटल अर्थव्यवस्था मंत्रिस्तरीय बैठक को ऑनलाइन संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत का डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए एक सुरक्षित और समावेशी समाधान पेश करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक विविधतापूर्ण देश है। हमारी दर्जनों भाषाएं और सैकड़ों बोलियां हैं। यहां दुनिया के सभी धर्मों के लोग रहते हैं और असंख्य सांस्कृतिक प्रथाओं का पालन होता है। भारत में प्राचीन

**जी-20 सम्मेलन**

**दुनिया के साथ अनुभव साझा करने के लिए तैयार है भारत**

परंपराओं से लेकर आधुनिक प्रौद्योगिकी तक, हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। उन्होंने कहा कि इतनी विविधताएं होने के कारण भारत समाधान तलाशने के लिए एक आदर्श परीक्षण प्रयोगशाला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में सफल साबित होने वाले उपायों को दुनियाभर में कहीं भी आसानी से लागू किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने बैठक में मौजूद प्रतिनिधियों से कहा कि भारत दुनिया के साथ अपने अनुभव साझा करने के लिए तैयार है।

उन्होंने डिजिटल अर्थव्यवस्था के बढ़ने के साथ ही इसके समक्ष आने वाली सुरक्षा संबंधी चुनौतियों के प्रति जी20 प्रतिनिधियों को आगाह करते हुए सुरक्षित, विश्वसनीय



और लचीली डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए जी20 उच्चस्तरीय सिद्धांतों पर सर्वसम्मति बनाने की जरूरत पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी20 में हमारे पास एक समावेशी, समृद्ध और सुरक्षित वैश्विक डिजिटल भविष्य की नींव रखने का एक अनूठा अवसर है। हम डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के माध्यम से वित्तीय समावेशन और उत्पादकता को शामिल कर सकते हैं। डिजिटल अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भारत सरकार द्वारा किए गए प्रयोगों के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि जनधन खाते, आधार और मोबाइल फोन ने वित्तीय लेनदेन में क्रांति ला दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम कृत्रिम मेधा आधारित भाषा अनुवाद मंच भाषिणी तैयार कर रहे हैं, यह भारत की विविध भाषाओं के डिजिटल समावेश को सहयोग देगा।

**कोई पीछे नहीं छूटे इंडिया स्टैक्स बनाया**

मोदी ने कहा कि कोई पीछे न छूटे, यह सुनिश्चित करने के लिए देश ने ऑनलाइन एकीकृत डिजिटल बुनियादी ढांचा इंडिया स्टैक्स बनाया है। प्रधानमंत्री ने बैठक में मौजूद प्रतिभागियों से डिजिटल कौशल को लेकर एक ऑनलाइन केंद्र स्थापित करने के प्रयास करने का आह्वान किया।

## केंद्र सरकार की उड़ान योजना विफल : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार की उड़ान योजना पूरी तरह विफल रही है। खड़गे ने शनिवार को देश के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की ऑडिट रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि सस्ते किराए में हवाई यात्रा करवाने का दावा करने वाली केन्द्र सरकार की उड़ान योजना विफल रही है।मोदी सरकार का हवाई चप्पल पहन, हवाई सफर करने का वादा उनके हर वादे की तरह हवा-हवाई ही रहा है। उन्होंने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट बताती है कि योजना के तहत 93 फीसदी रूट्स पर फ्लाइट का संचालन ही नहीं किया गया। खड़गे ने कहा कि इस योजना के तहत हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जानी थी। वह भी संभव नहीं हो पाई है। इस योजना के नाम पर लोगों के साथ सरकार ने छल किया है। सिर्फ सपने दिखाए हैं। अगले चुनाव में देश की जनता इस सरकार को माफ नहीं करेगी।



# ताइवान के आसपास चीन ने शुरू किया संयुक्त सैन्य अभ्यास

**एजेंसी**

**ताइपे सिटी।** ताइवान व अमेरिका की नजदीकियों की प्रतिक्रिया में चीन ने ताइवान के आसपास संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया है। ताइवान के आसपास चीन की वायु व जल सेना के संयुक्त अभ्यास से गुस्साए ताइवान ने इसे तर्कहीन व भड़काऊ बताया है। बीते दिनों ताइवान के उपराष्ट्रपति विलियम लाई ने अमेरिका की यात्रा की थी। इस पर चीन ने नाराजगी जताई थी। अब प्रतिक्रिया स्वरूप ताइवान के आसपास सैन्य अभ्यास शुरू कर चीन ने इसे विदेशी तत्वों के साथ ताइवान की मिलीभगत के खिलाफ कड़ी चेतावनी करार दिया है। चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के पूर्वी थिएटर कमांड के प्रवक्ता शी यी ने कहा कि गश्त और अभ्यास सैन्य

**ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सैन्य अभ्यास की निंदा की**



जहाजों के समन्वय और वायु व समुद्री क्षेत्रों पर नियंत्रण करने की उनकी क्षमता के प्रशिक्षण से जुड़ा है। शी ने कहा कि इस दौरान वास्तविक युद्ध स्थितियों में लड़ने की सशस्त्र बलों की क्षमता का परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गश्त और अभ्यास विदेशी तत्वों के साथ ताइवान की स्वतंत्रता के लिए अलगाववादियों की मिलीभगत और उनकी ओर से किए जा रहे उकसावे के लिए कड़ी चेतावनी है।

## प्याज पर दिसंबर तक 40 फीसदी निर्यात शुल्क लागू

**नयी दिल्ली।** प्याज की कीमतें बढ़ने की आशंका के मद्देनजर सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। देश में प्याज की उपलब्धता बनाए रखने और उसकी कीमत नियंत्रित रखने के लिए निर्यात पर 40 प्रतिशत की दर से शुल्क लगाने की शनिवार को घोषणा की। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि इस संबंध में जारी अधिसूचना के अनुसार यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और यह 31 दिसंबर तक प्रभावी रहेगा। वाणिज्य मंत्रालय के एक बयान में कहा कि घरेलू बाजार में प्याज की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सरकार ने इसके निर्यात पर तत्काल प्रभाव से 40 प्रतिशत की दर से निर्यात शुल्क लगा दिया है, जो 31 दिसंबर 2023 तक प्रभावी रहेगा। प्याज पर निर्यात शुल्क लगाने की अधिसूचना राजपत्र में अधिसूचित कर दी गई है।

# चीन व रूस कर सकते हैं सेटेलाइट हमले : अमेरिका

**वाशिंगटन।** रूस और चीन की जुगलबंदी अमेरिका को परेशान कर रही है। अब अमेरिका की खुफिया एजेंसियों ने अमेरिकी अंतरिक्ष उद्योग को इस आशय की चेतावनी जारी की है कि चीन और रूस उन पर सैटेलाइट हमले कर सकते हैं या फिर उनकी जासूसी कर सकते हैं। अमेरिका के नेशनल काउंटर इंटेलिजेंस एंड सिक्योरिटी सेंटर, एफबीआई और यूएस एयर फोर्स ने एक संयुक्त चेतावनी जारी कर कहा है कि अमेरिका की अंतरिक्ष उद्योग से जुड़ी कंपनियों पर साइबर अटैक हो सकता है या फिर रणनीतिक निवेश के जरिए संवेदनशील तकनीक हासिल करने की कोशिश हो सकती है। चेतावनी में कहा गया है कि विदेशी खुफिया ताकतें कंपनी की गोपनीय सूचनाएं लीक कर सकती हैं, साथ ही अमेरिका के सैटेलाइट कम्युनिकेशन, रिमोट सेंसिग और इमेजिंग क्षमताओं को भी बाधित कर सकती हैं। खुफिया एजेंसियों ने चेतावनी में कहा है कि अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनियां एक अंदरूनी चेतावनी कार्यक्रम बनाएं, जिससे खुफिया सूचनाएं लीक होने पर रोक लगे, साथ ही विदेशी लोगों के आउटरीच कार्यक्रमों के तहत कंपनियों में आने की अपील को खारिज किया जाए। साथ ही विदेशी सरकारों या उनसे जुड़ी कंपनियों के साथ संयुक्त उपक्रम न बनाने की भी सलाह दी गई है। चीन ने अमेरिका के आरोपों को खारिज किया है। अमेरिका में स्थित चीनी दूतावास ने बयान जारी कर कहा है कि उनका देश हमेशा मानवता की भलाई के लिए ही अंतरिक्ष खोज को सीमित रखना चाहता है।

# मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर के बीच बढ़ी दूरियां

मुंबई। बॉलीवुड के मोस्ट रोमांटिक कपल कहे जाने वाले एक्टर अर्जुन कपूर और एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा के बीच फिलहाल दूरियां बताई जा रही हैं। मलायका और अर्जुन करीब 4 साल से साथ हैं। दोनों सोशल मीडिया पर इतने एक्टिव हैं कि आए दिन अपनी बोल्ड और रोमांटिक तस्वीरें शेयर करते रहते हैं। मलायका और अर्जुन कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जाहिर करते नजर आते हैं। हालांकि, अब दोनों के बीच ब्रेकअप की चर्चा शुरू हो गई है। एक तरफ जहां अर्जुन कपूर अकेले अपनी वेकेशन एन्जॉय कर रहे हैं। दूसरी ओर मलायका भी अर्जुन को छोड़ ओरहान के साथ पार्टी करती नजर आ रही हैं। मलाइका और अर्जुन की ये पोस्ट देखने के बाद उनके फैंस सोच रहे हैं कि क्या अब ये दोनों अलग हो गए हैं। अभिनेता अर्जुन कपूर अकेले ही अपनी छुट्टियों का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने सोलो वेकेशन की तस्वीरें शेयर की हैं। तो हाल ही में एक्ट्रेस मलायका अरोड़ा की कुछ नई तस्वीरें सामने आई हैं। तस्वीरों में वह बॉलीवुड स्टार्स के चहेते कॉमन फ्रेंड अउरी उर्फ ओरहान के साथ देर रात पार्टी करती नजर आ रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस पार्टी में उनके बेटे अरहान खान भी उनके साथ थे। हालांकि इस पार्टी में अर्जुन कपूर नजर नहीं आए।



## 300 करोड़ के क्लब में शामिल हुई गदर 2

**मुंबई।** अनिल शर्मा निर्देशित गदर 2 तीन सौ करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है। फिल्म ने रिलीज के दूसरे शुक्रवार को घरेलू बॉक्स ऑफिस पर करीब 20 करोड़ का कलेक्शन किया है। 11 अगस्त को सनी देओल की फिल्म गदर 2 सिनेमाघरों में रिलीज हुई, जिसका मुकाबला अक्षय कुमार की ओएमजी 2 से है। लेकिन गदर 2 बाकी फिल्मों को पछाड़ कर बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है। सैक्निल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने आठवें दिन भारत में कुल 19.50 करोड़ का बिजनेस किया है। पहले हफ्ते में गदर 2' ने 284.63 करोड़ का कलेक्शन किया था। आठवें दिन के कलेक्शन के बाद फिल्म का कुल आंकड़ा 304.13 करोड़ पहुंच गया है। फिल्म ने पहले दिन 40.1 करोड़



की कमाई की। दूसरे दिन फिल्म ने 43.08 करोड़ का कलेक्शन किया। तीसरे दिन फिल्म ने 51.7 करोड़ की कमाई की। इसके बाद चौथे दिन गदर 2 ने 38 करोड़ की कमाई की। 15 अगस्त को फिल्म ने सबसे ज्यादा 55.4 करोड़ का बिजनेस किया। गदर 2 ने छठे दिन 32.37 करोड़ और सातवें दिन 23.28 करोड़ की कमाई की। आठवें दिन इसने 19.50 करोड़ की कमाई की। फिल्म का कुल कलेक्शन 304 करोड़ रुपये है।

## एक नजर में

### आरएल ज्वेलर्स पर इडी का छापा, 50 किलो सोना और 87 लाख रुपये जब्त

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने पूर्व सांसद और राकांपा अध्यक्ष शरद पवार के नजदीकी ईश्वरलाल जैन के प्रतिष्ठान आरएल ज्वेलर्स पर छापा मारकर 50 किलो सोना और 87 लाख रुपये जब्त किया है। पूर्व सांसद ईश्वरलाल जैन ने ईडी की ओर से की गई जब्ती की कार्रवाई को गैरकानूनी बताया है। जैन ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि वे ईडी की कार्रवाई को कोर्ट में चुनौती देंगे। जानकारी के अनुसार ईडी की टीम ने ईश्वरलाल जैन के जलगांव, नागपुर और नासिक में स्थित आर एल ज्वेलर्स के प्रतिष्ठानों पर गुरुवार को सुबह से एक साथ छापेमारी शुरू की थी। इस छापेमारी में ईडी के 60 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। यह कार्रवाई शुक्रवार शाम तक लगभग 40 घंटे से अधिक समय तक चली। इसके बाद ईडी की टीम ने मौके से 50 किलो सोना और 87 लाख रुपये जब्त किये । बताया जा रहा है नासिक और नागपुर से ईडी की टीम ने कई दस्तावेज बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि यह छापेमारी भारतीय स्टेट बैंक से लिये गए 525 करोड़ रुपये के ऋण के मामले में की गई। हालांकि ईडी की ओर से अभी तक इस छापेमारी की अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है।

### लिम्का में दर्ज होगा हरियाणा का तीज महोत्सव

**चंडीगढ़।** अखंड सौभाग्य और सुहाग के प्रतीक पर्व हरियाली तीज का उत्सव शनिवार पानीपत में भव्य रूप से मनाया गया। हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित इस राज्य स्तरीय महोत्सव में प्रदेशभर से 50,000 से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर एक रिकॉर्ड कायम किया और यह रिकॉर्ड लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी असाधारण छाप छोड़ने वाली 101 महिलाओं को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने तीज के त्योहार की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपका ये भाई, सुदामा आपके लिए कोथली लेकर आया है, आप इसे स्वीकार करें, यह मेरी प्रार्थना है। उन्होंने कहा कि हमारी यह परंपरा है कि कोथली के द्वारा भाइयों द्वारा बहनों की सुख समृद्धि का संकल्प लिया जाता है और आज भाई के रूप में मैं आपकी सुख समृद्धि का संकल्प लेता हूं। उन्होंने कहा कि कोई भी त्योहार माताओं, बहनों और बेटियों के बिना पूरा नहीं हो सकता, महिलाएं हमारे सब त्योहार का आधार है, इसलिए महिलाओं की सुख शांति के लिए हम संकल्पबद्ध हैं। मुख्यमंत्री ने तीज महोत्सव को और खास बनाते हुए महिलाओं को बड़ी सौगात देते हुए महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों को बेचने के लिए साझा बाजार की कल्पना पर सभी जिला केंद्रों पर 50 से 100 पोटा कैबिन स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जो स्वयं सहायता समूह अपने उत्पाद बनाते हैं, वे अपने उत्पाद बेचने के लिए इन पोटा कैबिन को प्रतिदिन के हिसाब से बुक करवा सकते हैं।

## पेज एक का शेष

### महाराष्ट्र के पहले उद्योग रत्न...

बता दें कि टाटा समूह मुसीबत के समय हमेशा देश और राज्य की मदद के लिए आगे आया है। छोटे पैमाने पर नमक उत्पादन से लेकर एयरलाइन उद्योग तक, टाटा उद्योग समूह सभी स्तरों पर फैला हुआ है। इस दौरान उद्योग मंत्री उदय सामंत, शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर, उद्योग विभाग के प्रधान सचिव हर्षदीप कांबले और अन्य उपस्थित थे।

### 1000 करोड़ के अवैध खनन...

इसके बदले पैसे की लेन देने की जानकारी भी इडी को मिली है। सूर्या हांसदा साल 2009 और 2014 में झाविमो और 2019 में भाजपा के टिकट पर बोरियो सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। **विष्णु यादव और पवितर अवैध खनन का आरोप :** इडी के पक्ष में गवाही देने के लिए विजय हांसदा ने एक दूसरे गवाह मुंगेरी यादव से भी 90 लाख रुपये की डिमांड की थी। इससे जुड़े डिजिटल साक्ष्य भी इडी को मिले हैं। ऐसे में इडी कोर्ट के समन पर उपस्थित नहीं होने की वजह से विजय हांसदा की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं इस मामले में संदेह के घेरे में विष्णु यादव और पवितर यादव भी हैं। दोनों के यहां जुलाई 2022 में इडी ने छापेमारी की थी। दोनों पर पूर्व में नींबू पहाड़ी में अवैध खनन करने का आरोप भी विजय हांसदा ने ही लगाया था। सूर्या के साथ साथ इडी ने अवैध खनन के केस में गवाह रहे विजय हांसदा, अवैध खनन के केस में पंकज मिश्रा के सहयोगी के तौर पर चिन्हित विष्णु यादव और पवितर यादव को भी समन किया है। **सीबीआई की भी हो चुकी है इंट्री :** वहीं दूसरी तरफ साहिबगंज में हुए 1000 करोड़ रुपए से अधिक अवैध खनन की जांच का जिम्मा हाइकोर्ट ने सीबीआई को सौंप दिया है। सीबीआइ को मामले में इडी के गवाह विजय हांसदा के आरोपो की जांच भी एजेंसी को ही करनी है।

### लद्दाख में सेना का वाहन...

इसमें से सेना का ट्रक हादसे का शिकार हो गया। इस दस्ते में तीन अफसर, दो जेसीओ और 34 जवान शामिल थे। तीन गाड़ियों के इस काफिले में एक जिप्सी, एक ट्रक और एक एंबुलेंस शामिल थीं।

### संथाल में भारी बारिश...

नदी, नाला, खेत, तालाब आदि भर गये हैं। इससे किसानों को तो बड़ी राहत मिली, पर आम लोग परेशान हैं। मौसम विभाग (रांची) के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में अच्छी बारिश हुई है। बंगाल की खाड़ी में बननेवाले निम्नदबाव क्षेत्र के कारण वर्षा हो रही है। इसके बाद सिस्टम कमजोर हो सकता है। इस बारिश से खेतों में लगी फसलों को काफी लाभ मिलेगा। सिमडेगा के बांसजोर में सबसे अधिक 142.0 मिमी बारिश हुई। जमशेदपुर में 84.0, गोड्डा में 78.0 मिमी के अलावा राज्य के कुछ अन्य हिस्सों में भी अच्छी बारिश हुई।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# कैंसर से लड़ें इनसे बचें



कैंसर एक ऐसी खतरनाक बीमारी है, जोकि हर साल लाखों लोगों की जान ले लेती है। गलत खान-पान और धूम्रपान के कारण कैंसर की समस्या तेजी से बढ.रही हैं। यह एक लाइलाज बीमारी है। हालांकि शुरूआती लक्षण पहचानकर इसका इलाज किया जा सकता है लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपकी रोजाना खाई जाने वाली चीजें ही इस बीमारी का कारण बनती है। बहुत से लोगों को लगता है कि सिर्फ शराब, सिगरेट या इसके धुएं और तम्बाकू के कारण ही कैंसर होता है। मगर एक शोध के मुताबिक, जिन चीजों का सेवन आप रोज करते हैं, उनमें से कुछ चीजों से कैंसर का खतरा बढ़ता है। आज हम आपको ऐसी ही कुछ चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें खाने से कैंसर का खतरा बना रहता है।

### 1. माइक्रोवेव पॉपकॉर्न

आजकल लोग टीवी या फिल्म देखते समय पॉपकॉर्न को बड़े मजे से खाते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं यह भी कैंसर का कारण बनता है। दरअसल, जब माइक्रोवेव में ऐसे पैकेट को गरम किया जाता है तो ये कई तरह के कैमिक्लस छोड़ता है, माइक्रोवेव में पैकेट गर्म करने से जब यह कई तरह के केमिकल छोड़ता है तो पैकेट में मौजूद ऑयल या मक्खन पॉपकॉर्न में मिलकर फेफड़ों को सीधा नुकसान पहुंचाता है। इससे आपको फेफड़ों का कैंसर हो सकता है।

### 2. डिब्बा बंद खाना

भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच लोग आजक लोग ताजे फल और सब्जियों के बजाए डिब्बा बंद खाने का सहारा ले रहे हैं लेकिन यह सेहत के लिए हानिकारक होते है। इस तरह के फूड्स में बिसफेनोल ए नामक कैमिकल पाया जाता है, जोकि कैंसर का कारण बनता है।

### 3. रिफाइंड चीनी

कुछ लोग ब्राउन शुगर को सेहत के लिए अच्छा मानते हैं लेकिन यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। कैंसर का सबसे बड़ा कारण रिफाइंड चीनी और हाई-फ्रुटोज कॉर्न सीरप होता है। ब्राउन शुगर में कलर और फ्लेवर मिलाए जाने के कारण यह ज्यादा खतरनाक हो जाती है। रिफाइंड चीनी से शरीर के अंदर कैंसर सेल्स बढते हैं और आप इस बीमारी का शिकार हो जाते हैं।

### 4. कार्बोनेटिड ड्रिंक

आजकल लोग ज्यादातर कार्बोनेटिड ड्रिंक्स पीते हैं, खासकर र्गिमयों में लेकिन आपको बता दें कि यह भी सेहत के लिए हानिकारक है। दरअसल, बोतल में भरी ऐसी ड्रिंक्स में कार्बोहाइड्रेट होता है। साथ ही इसमें मौजूद हाई-फ्रुटोज कॉर्न सीरप, तरह-तरह के कैमिकल्स और कलर्स भी होते हैं, जोकि कैंसर सेल्स को बढावा देते हैं।

### 5. वेजिटेबल ऑयल

वेजिटेबल ऑयल में भी कई तरह के कैमिकल्स होते हैं, जोकि सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं। वेजिटेबल ऑयल को लंबे समय तक चलाने के लिए हाइड्रोजन और अन्य रासायनिक प्रतिक्रिया द्वारा बनाया जाता है। इसे ट्रांस वसा भी कहते हैं, जो हृदय रोग, इम्यून सिस्टम और कैंसर को बढावा देते हैं।

### 6. डाइट फूड्स

वजन कंट्रोल करने या कम करने के चक्कर में आजकल ज्यादातर लोग डाइट फूड्स का सेवन करते हैं। मगर जरूरत से ज्यादा इनका सेवन भी कैंसल सेल्स को बढाता है, जिससे आप कैंसर जैसी बीमारी का शिकार हो जाते हैं।

### 7. फ्राइड फूड

खाने से ज्यादा आजकल लोग फ्राइड फूड खाते हैं। छोटी-छोटी भूख लगने पर भी आजकल ज्यादातर लोग फ्राइड फूड खाना ही पसंद करते हैं। मगर इनमें मौजूद कई कैमिकल्स कैंसर का कारण बनते हैं।

### 8. आलू चिप्स

आलू चिप्स खाना तो हर किसी को पसंद होता है लेकिन इनमें सबसे ज्यादा फैट और कैलोरी पाई जाती है। आलू के चिप्स और फ्रेंच फ्राई में अधिक मात्रा में एक्रिलामाइड नामक तत्व पाया जाता है जोकि सिगरेट में मौजूद होता है। ऐसे में इनका कम से कम सेवन करें।

# युवा अब गठिया जैसे बुढ़ापे के रोग से परेशान



**बढ़ती** उम्र का असर चेहरे के साथ-साथ सेहत पर भी दिखने लगता है। बढ़ती उम्र के साथ लोगों को कई बीमारियां घेर लेती हैं लेकिन आजकल खराब लाइफस्टाइल और खान-पान के कारण लोग जवानी में ही बुढापे की इन बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। आपकी दिनचर्या, खान-पान, रहन-सहन और कुछ चीजों का इस्तेमाल आपको जवानी में ही बुढापे की बीमारियों का शिकार बना देता है। आज हम आपको शरीर में दिखने वाले कुछ ऐसे छोटे-छोटे संकेतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जोकि ये बताते हैं कि जवानी में ही आप बूढे. हो रहे हैं।

### 1. गठिया की समस्या

गठिया रोज बुढापे में होने वाली समस्या है लेकिन आजकल सेहत का ध्यान न रखने से लोगों को यह समस्या जवानी में ही हो रही है। 30-35 साल की उम्र में गठिया दर्द होना जवानी में बुढापे आने का संकेत हैं। इस बात को नजरअंदाज करने की बजाए अपनी सेहत का ठीक से ख्याल रखें।

### 2. नींद न आना

आजकल बिजी शेड्यूल के कारण लोगों को ठीक से नींद नहीं आती लेकिन दिनभर की थकान के बावजूद भी नींद न आने को इग्नोर न करें। इसका असर न सिर्फ आपकी सेहत पर दिखता है बल्कि इससे चेहरे पर भी कई प्रॉब्लम होने लग जाती है। बूढे. लोगों को तो ये बीमारी हो जाती है लेकिन जवानी में ये होना सही नहीं है।

### 3. आंखें कमजोर होना

आंखें कमजोर होना आजकल आम समस्या बनती जा रही है लेकिन आपको बता दें कि ज्यादातर लोगों को यह समस्या बुढापे में ही होती है। अगर जवानी में भी ऐसा रहा है तो सतर्क हो जाइए। दिनभर टीवी, मोबाइल, कम्पयूटर और लैपटॉप के सामने बैठे रहने के कारण यह समस्या होती है। अब आप काम तो नहीं रोक सकते है लेकिन हैल्दी डाइट और एक्सरसाइज तो कर सकते हैं।

### 4. थकावट महसूस होना

दिनभर भागदौड़ करने के बाद थकावट होना तो आम है लेकिन जवानी में इतनी ज्यादा थकावट सेहत के लिए अच्छी नहीं। आजकल लोग जरा-सा काम करने के बाद ही थक जाते हैं, जोकि इस बात की ओर इशारा करता है कि आप अपनी सेहत पर ध्यान नहीं दे रहे।

### 5. चेहरे पर झुर्रियां पड़ना

खान-पान और एक्सरसाइज न करने के कारण आजकल लड़कियों को यह समस्या जवानी में हो जाती हैं। इसे छुपाने के लिए आप मेकअप करते हैं लेकिन इसकी बजाए आपको हैल्दी चीजों, योग और एक्सरसाइज का सहारा लेना चाहिए।

### 6. बाल सफेद होना

अगर कम उम्र में ही आपके बाल सफेद हो रहे हैं तो संभल जाएं। बुढापे में ऐसा होना आम है। मगर जवानी में ऐसा होने का मतलब है कि आप अपने बालों केयर नहीं करते। इसलिए अपने बालों की ठीक से केयर करें और अच्छे शैंपू का इस्तेमाल करें।

### 7. त्वचा में ढीलापन

बुढापे की तरफ बढते हुए त्वचा भी ढीली होने लगती है। हाथ, चेहरे, गले की त्वचा लटकने लगती है। अगर कम उम्र में ही ये सब हो रहा है तो आप जल्दी बूढे. दिखने लगेंगे। इससे बचने के लिए सूरज की किरणों से खुद को बचाएं, सेहतमंद खाना खाएं और अच्छे प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करें।



योग भारतीय संस्कृति का भाग है। योग अभ्यास भारत की एक ऐसी प्राचीन पद्धति है, जोकि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ा देती है। नियमित रूप और सही तरीके से योग करने पर स्वस्थ तन और सुंदर मन मिलता है। फिट और स्वस्थ रहने के लिए आजकल हेल्थ-क्लब्स, स्कूल्स और हॉस्पिटल्स में भी योग करवाया जाने लगा है लेकिन योग करने से पहले आपको उसके नियमों का पता होना भी बहुत जरूरी है। योग करते समय सावधानियां इस्तेमाल न करने से आपको इसका फायदा होने की बजाए नुकसान भी हो सकता है। कुछ ऐसे नियमों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आप योग का पूरा फायदा ले सकते हैं। **योग गुरु स्वामी मुक्तरथ, सत्यानंद योग मिशन**

# योग मन और शरीर का संतुलन



### योग से जुड़े जरूरी नियम

**1. योगासन से पहले शरीर को करें तैयार**

जिस तरह एक्सरसाइज से पहले वार्मअप करना जरूरी होता है, उसी तरह योग करने से पहले भी वार्मअप करना बहुत जरूरी होता है। इसलिए योगासन करने पहले शरीर को वार्मअप करने के लिए हल्का-फुल्का व्यायाम जरुर कर लें। इससे आपका शरीर खुलेगा तथा लचीला हो जाएगा। आप चाहें तो इसके लिए सूक्ष्म आसन भी कर सकते हैं।

**2. भोजन करने के तुरंत बाद न करें योग**

सुबह हो या शाम, कभी भी भोजन के तुरंत बाद योग नहीं करना चाहिए। योग हमेशा खाने के करीब 3 घंटे बाद करें। इसके अलावा सुबह आप खाली पेट भी योग कर सकते हैं। केवल वज्रासन ही ऐसा योग है, जिसे भोजन के बाद किया जा सकता है।

**3. कठिन आसन से न करें शुरुआत**

योगासन की शुरूआत करते समय हल्के आसन का चयन करें। चाहे आपको कितनी भी प्रैक्टिस क्यों न हो लेकिन योग की शुरूआत किसी कठिन आसन से नहीं करनी चाहिए। बिना शरीर को तैयार किए आप कठिन योग करने लगेंगे तो चोट लगने का डर रहता है।

**4. योग करने का सही समय**

योग सूरज उगने से पहले और सूर्य डूबने के बाद किसी भी समय किया जा सकता है लेकिन दिन के समय योग न करें। योगासन सुबह के समय करने से अधिक लाभ मिलता है। मगर फिर भी अगर आप किसी कारण से सुबह योग नहीं कर पाएं तो शाम या रात को खाना खाने से आधा घंटा पहले भी कर सकते हैं। यह ध्यान रखें कि आपका पेट भरा न हो। इसलिए भोजन करने के 3-4 घंटे बाद और हल्का नाश्ता लेने के 1 घंटे बाद आप योगासन करें।

**5. योग के दौरान ठंडा पानी न पीएं**

योग करते समय बीच में ठंडा पानी पीना आपके लिए खतरनाक हो सकता है। योग के दौरान शारीरिक गतिविधि के बाद शरीर गर्म हो जाता है। ऐसे में ठंडा पानी पीने से सर्दी जुकाम, कफ और एलर्जी की शिकायत हो सकती है। इसलिए योग के समय और बाद में नार्मल पानी ही पीएं।

**6. बीमारी में न करे योग**

अगर आपको कोई भी गंभीर समस्या, जोड़ों, कमर, घुटनों में अधिक दर्द है तो योग करने के लिए डॉक्टर से सलाह लें। इसके अलावा योग करने के दौरान बाथरूम नहीं जाना चाहिए बल्कि अपने शरीर का पानी पसीने के जरिए बाहर निकलना चाहिए।

**7. गलत पोज न करें**

इन्स्ट्रक्टर द्वारा बताए अनुसार ही योग करें। गलत आसन करने से कमर दर्द, घुटनों में तकलीफ या मसल्स में खिंचाव हो सकता है। इसके अलावा पीठ, घुटने या मसल्स की प्रॉब्लम हो तो योग करने से पहले ट्रेनर से सलाह जरूर ले।

**8. योग के तुरंत बाद न नहाएं**

योगासन करने के तुरंत बाद न नहाएं बल्कि कुछ समय बाद स्नान करें। क्योंकि किसी भी व्यायाम या अन्य शारीरिक गतिविधि के बाद शरीर गर्म हो जाता है और आप एकदम से नहाएंगे तो सर्दी-जुकाम, बदन दर्द जैसी तकलीफ हो सकती है। इसलिए योग करने के एक घंटे बाद ही नहाएं।

**9. ध्यान केंद्रित करना**

योगासन करते समय अपने मोबाइल फोन ऑफ कर दें। क्योंकि इसे करते समय आपका ध्यान इधर-उधर नहीं होना चाहिए। इसके अलावा हंसी मजाक का माहौल न बनाए इससे आपसे योग में कोई गलत स्टेप हो सकता है।

**10. एक्सपर्ट से लें सलाह**

अक्सर लोग योग करने के लिए टीवी या कोई किताब पढ़ने लगते हैं लेकिन योग हमेशा किसी एक्सपर्ट की सलाह से ही करना चाहिए। इसके अलावा अगर आप किसी बीमारी से छुटकारा पाने के लिए योग कर रहें तो भी एक्सपर्ट से सलाह लेना न भूलें।

**इन बातों का भी रखें ख्याल**

1. योगासन खुली और ताजी हवा में करना सबसे अच्छा माना गया है। फिर भी अगर ऐसा करना संभव न हो तो, किसी भी खाली जगह पर आसन करें।

2. योग करते समय संवेदनशील अंग जैसे कमजोर घुटनें, कमर, रीढ.की हड्डी और गर्दन का खास ख्याल रखें। अगर आपको किसी भी तरह की प्रॉब्लम या दर्द हो तो धीरे-धीरे आसन की उस अवस्था से अपने आप को बाहर निकालें।

3. योग करते समय हमेशा ढीले और आरामदायक कपड़े ही पहनें। आप टी-शर्ट या ट्रैक पैंट पहनकर भी योगासन कर सकते है।

4. याद रखे कि किसी भी योगासन को झटके से न करें और न ही योग की मुद्रा से झटके से निकले। इसके अलावा योग उतना ही करे, जितना आप आसानी से कर पाएं। धीरे-धीरे अभ्यास बढाने की कोशिश करने करें न एकदम से अधिक योग करें।

# पसीना हो या जुएं इनसे बचाए फिटकरी



ज्यादातर घरों में फटकरी का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें पाए जाने वाले एंटी-बैक्टीरियल गुण स्किन प्रॉब्लम्स को दूर करने में सहायक है। फिटकरी के 2 रंग होते है, लाल और सफेद। आमतौर पर सफेद फटकरी का ही उपयोग होता है। यह पानी को साफ करने और खून को रोकने में मददगार है। इसके अलावा भी फटकरी के कई फायदे होते हैं, जिनके बारे में अधिकतर लोग नहीं जानते हैं। आज हम आपको बताएगे फिटकरी के कुछ ऐसे लाभ, जिन्हें जानकर आप हैरान रह जाएगे।

### 1. पसीने से छुटकारा

गर्मियों के मौसम में कुछ लोगों को जरूरत से ज्यादा पसीना आता है। पसीना आने से कपड़ों से बदबू भी आने लगती हैं। पसीने और बदबू को कम करने के लिए रोजाना नहाने के पानी में फटकरी मिलाकर नहाएं। ऐसा करने से कुछ ही दिनों में पसीने से आने वाली बदबू दूर हो जाएगी।

### 2. चोट का खून रोकने में सहायक

चोट लगने पर शरीर पर लगी चोट से खून बह रहा हो तो फिटकरी का पाउडर चोट पर छिड़कने से ब्लीडिंग बन्द हो जाता है।

### 3. जुएं से राहत

जुओं से राहत पाने के लिए लोग मार्किट से कैमिक्ल युक्त प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। कई बार इनसे रिएक्शन भी हो जाता है। ऐसे में जुओं से छुटकारा पाने और सिर की गंदगी को दूर भगाने के लिए फटकरी का इस्तेमाल करें। इसके एंटी-बैक्टीरियल गुण के चलते जुंए मर जाते हैं और सिर की दूसरी गंदगी भी धुल जाती है.

### 4. डेड सेल्स खत्म

डैड सैल्स स्किन को काली करती हैं। इसके साथ ही चेहरे पर ब्लैकहैड्स होने लगती हैं। चेहरी की खूबसूरती को वापिस पाने के 1 चम्मच फिटकरी पाउडर में 1 चम्मच ऑलिव ऑयल मिलाकर अपने चेहरे और बॉडी पर लगाकर रगड़े। कुछ ही दिनों में फर्क दिखाई देने लेगा।

### 5. लंबे और मजबूत बाल

बालों को लंबा और मजबूत बनाने के लिए फिटकरी फाऊड को कंडीशनर में मिलाकर बालों में लगाएं। इसके बाद इसे पानी से धो लें। हफ्ते में 1 बार ऐसा करने से बाल लंबे और मजबूत होने लगेगें।

### 6. यूरीन इंफैक्शन

यूरीन इंफैक्शन हो जाने पर भी फिटकरी का इस्तेमाल किया जा सकता है। रोजाना फिटकरी के पानी से प्राईवेट पार्ट की सफाई करें, इससे इंफैक्शन दूर होगी।

# सर दर्द को गंभीरता से लें



बढ़ती गर्मी में अक्सर लोगों को सिर दर्द की परेशानी होने लगती है। अगर आपको लगातार सिरदर्द हो रहा है तो एक बार डॉक्टरी जांच जरूर करवाएं। यह माइग्रेन भी हो सकता है। माइग्रेन का दर्द साइलेंट किलर की तरह अचानक से अटैक करता है, जिससे सिर के आधे हिस्से में असहनीय दर्द होने लगता है। वहीं, गर्मियों में यह दर्द और भी बढ़ जाता है। पुरुषों से ज्यादा महिलाओं माइग्रेन स पीड़ित है। ऐसे में इसके लक्षण को पहचानकर जल्द इलाज करवाना बहुत जरूरी है।

माइग्रेन के लक्षण
- नींद की कमी
- धुंधला दिखाई देना
- बार-बार यूरिन आना
- चॉकलेट खाने का मन
- शरीर का एक हिस्सा सुन्न महसूस होना
- भूख कम लगना

माइग्रेन के कारण
- हाई ब्लड प्रैशर
- तनाव
- भरपूर मात्रा में पानी न पीना
- मौसम में बदलाव
- गर्मी में घूमना
- एलर्जी

माइग्रेन में क्या न खाएं

डिब्बाबंद पदार्थों, रेड वाइन और जंक फूड का सेवन न करें

माइग्रेन में क्या खाएं

दूध, दही, पनीर, दालें, मांस और मछली को डाइट में शामिल करें

माइग्रेन के घरेलू उपाय
- दिन में दो बार गाय के घी की कुछ बूंदे नाक में डालें।
- गुनगुने तेल से सिर की मालिश करें। इससे दर्द से राहत मिलेगी।
- नींबू के छिलकों का पेस्ट तैयार कर लें। बाद में इसे माथे पर लगाएं।
- दर्द होने पर तुरंत बर्फ या ठंडे पानी की पट्टी सिर पर रखें। इससे दर्द से आराम मिलेगा।
- तनाव मुक्त रहें।

स्पीड न्यूज

## मारपीट का प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुबेतहले के फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार दुबेतहले में जमीन एवं रास्ता विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। जिसमें थाना कांड संख्या 31/23 के प्राथमिकी अभियुक्त राहुल कुमार काफी दिनों से फरार चल रहा था। जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। बताते चले कि बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिलायक्ष दुबे तहले गांव निवासी बिगू राम के 23 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के खिलाफ थाना कांड संख्या 31/23 के तहत ारा 341/323/307/34 भादवि के प्राथमिक अभियुक्त है। थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित ने कहा कि थाना कांड संख्या 31/23 पूर्व के प्राथमिक अभियुक्त काफी दिनों से फरार चल रहा था जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## जन्मदिन पर जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण

**गढ़वा।** अग्रवाल परिवार के तत्वावधान में कृष्ण कुमार अग्रवाल एवं अर्चना अग्रवाल के पुत्र पुरुषोत्तम अग्रवाल के जन्मदिन के मौके पर जरूरत मंदों के बीच भोजन एवं बिस्कुट का वितरण किया गया। इस दौरान रामा साहु उच्च विद्यालय के मैदान स्थित झूगी झोपड़ी में रहने वाले 130 लोगों के बीच भोजन का वितरण किया गया। मौके पर हर्ष अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल परिवार हमेशा दीन, हीन और जरुरतमंदो की सेवा करता है और आगे भी निरंतर करता रहेगा। मौके पर संतोष अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, तेजस्व अग्रवाल, मानस अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## जंगल से 50 वर्षीय अधेड़ का शव बरामद

**बरडीहा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सुखनदी के जंगल से एक 50 वर्षीय अधेड़ का शव पेड़ से लटका हुआ देखा गया। जिसकी पहचान सुखनदी गांव निवासी चंद्र देव यादव के 50 वर्षीय पुत्र अशोक यादव के रूप में की गई। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार अशोक यादव देर शाम अपने घर से गुस्से में निकले हुए थे। वहीं रात में अशोक यादव को घरवाले एवं ग्रामीणों के द्वारा खोजबीन किया लेकिन नहीं मिले। सुबह कुछ लोगों ने घर से पश्चिम दिशा की ओर जंगल में पेड़ से लटका हुआ शव को देखा, उसके बाद परिजनों को सूचना दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने थाना प्रभारी संतोष कुमार पांडेय को सूचना दिया। जिसके बाद थाना से एसआई पंकज कुमार सिंदुरिया घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। हत्या है या आत्महत्या पुलिस जांच में जुट गई है।

## एसकेएमयू कुलपति ने किया पौधरोपण

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुई। कार्यक्रम का नेतृत्व कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने किया। कार्यक्रम में स्नातकोत्तर विभाग से छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कुलपति छात्रों के साथ मिलकर पौधारोपण करते नजर आये। विश्वविद्यालय परिसर में एक हजार से भी अधिक फलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर कुलपति ने छात्रों को पौधा रोपण के बाद उसे संरक्षित करने का भी संकल्प दिलाते हुए कहा कि पौधा लगाने के बाद उसे संरक्षित करना भी आप सभी की जिम्मेदारी होगी।

## तालाब में डूबने से तीन बच्चियों की मौत

**बांका।** जिले के शंभूगंज प्रखंड अंतर्गत सोनडीहा गांव में शनिवार को एक ही परिवार के तीन मासूम बच्चियों की मौत स्नान के दौरान तालाब में डूब जाने से हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतका आपस में दो सगी बहन और एक चचेरी बहन बताई जा रही हैं। एक ही परिवार की तीन मासूम बच्चियों की मौत से गांव सहित परिजनों में मातम छा गया है। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई। पुलिस तीनों बच्चियों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बांका भेज दिया।

# आज 17 केंद्र पर होगी सीटीइटी परीक्षा, तैयारी पूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेगूसराय (हि.स.)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 20 अगस्त को होने वाले सीटीईटी (सी-टेट) परीक्षा की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। बेगूसराय में 17 परीक्षा केंद्रों पर दो पारियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। प्रथम पाली की परीक्षा 09:30 बजे से 12 बजे तक एवं दूसरी पाली की परीक्षा दो बजे से 04:30 बजे तक होगी। सदर एसडीओ रामानुज प्रसाद सिंह ने बताया कि परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। परीक्षार्थीयों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले एडमिट कार्ड एवं गहन जांच किया जाएगा। सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि बीएसएस इंटर विद्यालय (कॉलेजिएट), केंद्रीय विद्यालय रिफाइनरी टाउनशिप, केंद्रीय विद्यालय गढ़हरा, केंद्रीय विद्यालय उर्वरक नगर, रेलवे इंटर कॉलेज गढ़हरा, बीआर डीएवी, डीएवी इटवा, डीएवी उर्वरक नगर, विकास विद्यालय डुमरी, माउंट लिट्रा स्कूल उलाव, सेंटपॉल सेकेंडरी स्कूल बहदरपुर, रीवर वैली स्कूल, दून पब्लिक स्कूल रमजानपुर, सेंट जोसेफ पब्लिक स्कूल, सन फ्लावर स्कूल, गंगा ग्लोबल स्कूल एवं उड़ान इंटरनेशनल स्कूल में परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

## नालंदा में फर्जी दारोगा थाने में पहुंचा था जान-पहचान बढ़ाने



खबर मन्त्र संवाददाता

**नालंदा।** जिले के छबिलापुर थाना की पुलिस ने शनिवार को एक मामले का खुलासा किया है। एक फर्जी दारोगा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक दारोगा की वर्दी पहनकर पुलिस पदाधिकारियों से जान-पहचान बढ़ाने के लिए छबिलापुर थाना पहुंचा था। थाना प्रभारी को बातचीत के दौरान संदेह हुआ। इसके बाद पहचान-पत्र की मांग की गई तो फर्जी दरोगा के पास पहचान-पत्र और नेम प्लेट में अलग-अलग नाम दिखा। इस पर थाना प्रभारी को शक हुआ और उसे हिरासत में ले लिया। हिरासत में लेकर थाना प्रभारी ने पूछताछ की तो पूरे मामले का खुलासा हो गया।

## हत्या की सीबीआइ जांच हो : उमेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले के गिद्धौर प्रखंड के बारियातू गांव का मसूरियातरी में विनीता देवी की हृदय विदारक घटना सुनकर शोक संपत परिवार से मिलने पहुंचे भुइयां समाज का जिला अध्यक्ष उमेश भारती ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया। चतराझअखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति, चतरा के प्रतिनिधि मंडल की एक टीम गिद्धौर प्रखंड के बारियातू गांव के मसूरिया तरी टोला पहुंचकर रोहन भुइयां की पत्नी विनीता देवी का निर्मम हत्या कर बर्बरता पूर्वक जंगलों में जाकर निर्वस्त्र अवस्था में मिट्टी से ढक कर छुपा दिया गया जब गांव के लोगों को पता चला तो गिद्धौर थाना को ग्रामीणों के द्वारा सूचना किया गया प्रशासन अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर परिजनों से घटना की पूरी जानकारी लेकर मुकदमा दर्ज किया 15 अगस्त की यह घटना बहुत शर्मसार करने वाली घटना है। चार दिन होने के बाद अभी तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। लगातार भुइयां समाज की हत्या दिन ब दिन बढ़ते जा रहा है। समाज इस घटना को लेकर किसी भी तरह का आंदोलन करने की तैयारी में जुट गए हैं। अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति चतरा पुलिस प्रशासन को जांच कर जल्द गिरफ्तारी कर कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

## केंद्र नहीं चाहती दरभंगा में एम्स बने : ललन सिंह

**पटना।** दरभंगा एम्स को लेकर बिहार में अभी भी राजनीति गरमाई हुई है। इस मुद्दे पर पहले ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ट्विटर पर आपस में भिड़ चुके हैं। वहीं, इस विवाद को लेकर जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार दरभंगा में एम्स नहीं बनाना चाहती है। इस पर सिर्फ राजनीति करना चाहती है। यह बिहार के मुख्यमंत्री की पसंद है कि दरभंगा में एम्स मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जाए। राज्य सरकार ने निर्माण के लिए जमीन तो मंजूर कर दी, लेकिन वे एम्स बनाना नहीं चाहते।

## नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल के मगध -संघमित्रा क्षेत्र अंतर्गत चमातु गांव में सीसीएल के सीएसआर मद के तहत निःशुल्क आंख जांच हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मोतियाबिंद परामर्श एवं इलाज के लिए गांधीनगर अस्पताल, सीसीएल राँची की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उतपला चक्रवर्ती एवं उनकी चिकित्सा दल पहुंचे। जहां प्रभावित गांव के ग्रामीणो के मोतियाबिंद की जांच की गई। इस विशेष अभियान में बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण शामिल हुए और निःशुल्क शिविर में मौजूद सभी ग्रामीणों का




निःशुल्क मोतियाबिंद का जाँच किया गया। इस दौरान लगभग एक सौ से अधिक ग्रामीणों का निःशुल्क मोतियाबिंद जाँच बाद पंद्रह लोगों को ओपरेशन के लिए गांधीनगर अस्पताल राँची भेजा गया जहाँ उनका मुफ्त मे ओपरेशन किया जायेगा।

## दोनों गठबंधन ने किया जीत का दावा

**पटना।** 2024 के लोकसभा चुनाव में आठ महीने के आसपास अभी वक्त है लेकिन एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों की ओर से जीत का दावा किया जा रहा है। एक-दूसरे को परास्त करने की बात कर रहे हैं। बिहार में नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव एकजुट हैं। इनका दावा है कि बिहार में बीजेपी का पूरी तरह सफाया हो जाएगा। ऐसे में सवाल उठता है कि नीतीश-लालू और इनके सहयोगी मिलकर क्या सच में 2024 के चुनाव में एनडीए की गणित बिगाड़ने वाले हैं? सर्वे कराया गया कि आज अगर लोकसभा चुनाव हुए तो एनडीए और आइएनडीआइए गठबंधन में किसे कितनी सीटें मिलेंगी?

### बिहार विधान पार्षद पहुंचे चतरा, कहा

## कृषक मित्रों की मांगों पर पहल करे झारखंड सरकार



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** बिहार विधान पार्षद सदस्य सह औरंगाबाद लोकसभा सीट से पिछले बार रहे महागठबंधन के प्रत्याशी उपेंद्र प्रसाद बगरा पहुंचे जहां झारखंड प्रदेश कृषक मित्र महासंघ के प्रदेश महासचिव सह भाजपा नेता सुभाष सिंह ने उनका स्वागत किया। श्री प्रसाद ने बताया कि सुभाष के पिता श्रद्धेय दिवंगत उमा कांत सिंह हमारे प्रथम और परम आदरणीय गुरु थे हमारे आदर्श थे। मेरे जीवन में उनका योगदान अद्वितीय रहा है। सुभाष सिंह ने राजनैतिक चर्चा करते हुए कृषक मित्रों के मुद्दा को राज्य सरकार तक पहुंचाने का भी आग्रह किया। श्री सिंह ने बताया कि झारखंड में कृषक मित्र कृषि से संबंधित सरकार के सभी कार्य जमीनी स्तर पर करते हैं। परंतु सरकार सिर्फ आश्वाशन दे रही है। श्री प्रसाद ने कृषक मित्रों की मांग को जायज बताया और कहा कि राज्य सरकार को अविलंब साकारात्मक पहल करनी चाहिए। श्री प्रसाद ने सुभाष सिंह को आश्वस्त करते हुए कहा कि आज ही विशेष बैठक में रांची जा रहा हूं। मौका मिलने पर उचित प्लेटफॉर्म पर बात रखूंगा।

## प्रशांत किशोर ने 2015 का सुनाया किस्सा

**समस्तीपुर।** जन सुराज के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर समस्तीपुर में पदयात्रा कर रहे हैं। इस दौरान वह लगातार नेताओं और पार्टियों पर जमकर हमला बोल रहे हैं। वहीं, शनिवार को उन्होंने कहा कि मैं अपना एक अनुभव बता रहा हूं। 2015 में जब बिहार में महागठबंधन की सरकार बनी थी तब चार ऐसे मंत्री रहे आज जिनका मैं नाम लेना नहीं चाहूंगा। वो आज कैबिनेट में मंत्री हैं। जो उस समय में भी विधायक जीते थे और उनका नाम आरजेडी की ओर से बताया गया था। नीतीश कुमार और मैंने मिलकर इन नामों पर ऑब्जेक्शन किया कि वो चार लोग मंत्री नहीं बनें, लेकिन वो आज चारों लोग मंत्री हैं। जब उस कैरेक्टर के लोग मंत्री रहेंगे और सरकार चलाएंगे तो लॉ एंड ऑर्डर अच्छा रहेगा कि खराब रहेगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि जब आप बालू माफिया, शराब माफिया, कांट्रैक्ट किलर को अपने कैबिनेट में जगह देंगे तो लॉ एंड ऑर्डर की दशा बिगड़ेगी नहीं तो क्या होगी? बिहार में पत्रकारों की हालत वो है कि आप सबका दुख लिख सकते हैं, लेकन अपना दुख नहीं लिख सकते हैं। आज पत्रकारों की जो दुर्दशा है, बिहार में वो बहुत खराब है। हम यहां एक साल से बिहार में घूम रहे हैं और पत्रकारों से मिल रहे हैं और ये दिख रहा है।

## रोचक हुआ अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर का चुनाव




खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर के चुनाव को लेकर शहर के मुस्लिम समुदाय में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। नामांकन प्रकिया के तीसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए बंगलाटांड के शहजाद मंजर उर्फ सज्जू तथा सचिव पद के लिए पापड़ हाता निवासी बैरम खान ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। उर्दू स्कूल में बनाए गए चुनाव आयोग के चुनाव आयोग के कार्यालय में नामांकन के लिए पहुंचे बैरम खान व शहजाद मंजर ने नामांकन के बहाने शक्ति प्रदर्शन किया। दोनों प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ नारेबाजी करते हुए पहुंचे थे। इसके अलावा तीसरे दिन बंगलाटांड निवासी सफदर अली ने उपाध्यक्ष, तौसीफ अख्तर (जानी) ने सह सचिव, मोहम्मद जुनैद (बंटी) अध्यक्ष, मोहम्मद कैसर हुसैन ने कोषाध्यक्ष, मोहम्मद एजाज खान (कल्लू खान) ने सह सचिव तथा मोहम्मद नदीम उर्फ शान बाबू ने कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकन का पर्चा खरीदा है। रविवार से चुनाव को लेकर नामांकन प्रकिया जोर पकड़ने की उम्मीद है। समान पद के लिए एक ही मुहल्ले से कई उम्मीदवार होने के कारण चुनाव रोचक होने की उम्मीद है। वहीं कुछ लोग बताते है कि अभी और बड़े चेहरे चुनावी मैदान में नजर आ सकते है। गली, मुहल्लों में उम्मीदवारी को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में गहन चचाएं चल रही है। मालूम हो कि नामांकन पत्र खरीदने एवं जमा करने की अंतिम तिथि 22 अगस्त है। 16 सितंबर को मतदान एवं उसी दिन देर शाम चुनाव परिणाम की घोषणा की जाएगी।

## आसनसोल डिवीजन के डीआरएम ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** आसनसोल डिवीजन के डीआरएम चेतना नंद सिंह शनिवार को दुमका रेलवे स्टेशन पहुंचे। अधिकारियों के साथ डीआरएम ने रेलवे स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। डीआरएम ने कोल डंपिंग यार्ड का भी निरीक्षण किया और परिसर में पौधा रोपण भी किया। निरीक्षण के बाद मीडिया से बात करते हुए डीआरएम ने कहा कि कोयला डंपिंग यार्ड से होने वाली



प्रदूषण से लोगों को परेशानी हो रही है। जिसे लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने प्रदूषण कम करने के लिए लक्ष्य दिया है। रेलवे निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। जल्द ही लोगों को परेशानी से निजात मिलेगी। डीआरएम ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन के तहत दुमका रेलवे स्टेशन का चयन किया गया है।

जिसके तहत रेलवे स्टेशन को बेहतर बनाना है। कैसे रेलवे स्टेशन को बेहतर बनाया जाए उसके लिए भी निरीक्षण किया गया। मौके पर डीएफओ सात्विक सहित रेलवे के अधिकारी मौजूद थे। डीआरएम ने डीएफओ से कहा कि कोयला डंपिंग यार्ड के दोनों ओर पौधरोपण किया जाएगा। इसके लिए वन विभाग का सहयोग जरुरी है। पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए पौधरोपण करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अमृत भारत योजना के तहत दुमका रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होगा। रेलवे स्टेशन के इंफ्रास्ट्रेक्चर को दुरुस्त किया जाएगा। डीआरएम ने कहा कि इंफ्रास्टेक्चर को दुरुस्त करने के उद्देश्य से ही दुमका रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे हुए है। डीआरएम रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद वापस लौट गए। इस मौके पर उनके साथ कई रेलवे के अधिकारी भी दुमका आए थे।

एक नजर में

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कई जिलों का किया हवाई सर्वेक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को हवाई सर्वेक्षण कर अल्पवृष्टि से प्रभावित औरंगाबाद, गया, नवादा, शेखपुरा, जमुई और नालंदा जिले के विभिन्न प्रखण्डों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सर्वेक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अल्प वषार्पात के कारण उत्पन्न स्थिति पर पूरी नजर रखें। डीजल अनुदान योजना के तहत किसानों को सिंचाई हेतु डीजल अनुदान के रूप में सहायता दी जा रही है, सभी जरूरतमंद किसानों को तेजी से इसका लाभ दिलाएं ताकि उन्हें राहत मिल सके। किसानों को 16 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति जारी रखें। मुख्यमंत्री ने अल्प वषार्पात के कारण धान की रोपनी की स्थिति की अद्यतन जानकारी प्राप्त करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। कृषि विभाग के सचिव ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अल्प वषार्पात वाले जिलों में वैकल्पिक फसल के लिए किसानों के बीच निशुल्क मक्का के बीज का वितरण किया गया है। मुख्यमंत्री ने इच्छुक किसानों को आकस्मिक फसल योजना के तहत निशुल्क बीज उपलब्ध कराने हेतु पर्याप्त बीज की उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। वहीं, हवाई सर्वेक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, बता दें कि सुखाड़ को लेकर राज्य सरकार ने किसानों को बड़ी राहत दी है। किसानों को धान समेत अन्य खरीफ फसलों की सिंचाई के लिए डीजल पर अनुदान देने का निर्णय लिया है। दरअसल, अनियमितता मानसून और सूखे जैसी स्थिति को देखते हुए सरकार की ओर से यह निर्णय लिया गया।

## स्कूल से लेकर विवि तक अराजकता व अनिश्चितता की स्थिति : सुशील मोदी

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने शनिवार को कहा कि शिक्षा विभाग के मनमाने फैसलों के कारण प्राथमिक स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय तक अराजकता-अनिश्चितता की स्थिति है। स्कूल के हेड मास्टरों को मिड-डे मील का खाली बोरा कबाड़ में बेच कर पैसे जुटाने का फरमान और एक विश्वविद्यालय के कुलपति और प्रतिकुलपति का वेतन रोकने के आदेश शिक्षा विभाग की मनमानी कार्रवाई के ताजा नमूने हैं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने बीएड डिग्री वालों के प्राथमिक स्कूलों में शिक्षक बनने पर रोक लगाकर केवल डिप्लोमाधारी को नियुक्ति करने का आदेश दिया। इस मुद्दे पर बिहार सरकार और शिक्षा विभाग ने चुप्पी साध ली। सुशील कुमार मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार को अपने अतिसक्रिय नौकरशाहों को नियंत्रण में रखना चाहिए, ताकि न शैक्षणिक वातावरण बिगड़े और न राजभवन से टकराव की स्थिति पैदा हो। शिक्षा विभाग को ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिए, जो उसके अधिकार क्षेत्र में न हो. शिक्षा विभाग ने पहले विश्वविद्यालयों में चार साल का डिग्री कोर्स शुरू करने की कुलाधिपति-सह- राज्यपाल की पहल का विरोध किया और अब बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति-प्रतिकुलपति का वेतन रोकने की कार्रवाई कर अपनी हदें पार कीं। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि चार लाख नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के बारे शिक्षा विभाग की अतिसक्रियता क्यों नहीं दिखती? शिक्षा विभाग के फैसले जब सरकार और राजभवन के बीच टकराव की तरफ जा रहे हैं, तब मुख्यमंत्री को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए। बता दें कि बिहार के शिक्षा विभाग की ओर से इन दिनों तरह-तरह के नियम जारी किए जा रहे हैं। अब शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूल के हेडमास्टर को नया टास्क दिया है। सरकार स्कूल के हेडमास्टर को बोरा बेचने का आदेश जारी किया गया है। वहीं, इस मुद्दे पर जमकर राजनीति हो रही है।

## पशुपति पारस पर 'गरम' हो गये चिराग पासवान

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने हाजीपुर सीट को लेकर बड़ा खुलासा किया है। वो ना सिर्फ अपने चाचा पशुपति कुमार पारस पर गरम हुए बल्कि बता दिया कि इस सीट पर किसका हक है। इस दावे का उन्होंने कारण भी बताया और पशुपति पारस को दो टूक में जवाब दे दिया। इस सीट को लेकर चिराग पासवान का अब तक सबसे बड़ा बयान और दावा माना जा रहा है जिसके बाद सियासी गलियारे में चर्चा तेज है। चिराग पासवान ने कहा कि यह गठबंधन की बात है और गठबंधन में उस वक्त यह गलत दृष्टि में दिखता है जब दो घटक दल एक सीट को लेकर जनता के बीच में खींचतान करते हैं। पशुपति पारस पर तंज कसते हुए कहा कि अगर गठबंधन से आपको ग्रीन सिग्नल मिल जाए तो आप दावा कर सकते हैं। चिराग ने कहा कि हम दावा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि हम गठबंधन में जाने के पहले तमाम अपनी चिंताओं पर चर्चा कर चुके हैं। आज अगर हम हाजीपुर सीट को लेकर दावा की बात करते हैं तो गठबंधन में हमको यह अधिकार मिला है कि हम यह बात बोलें। चाचा पशुपति पारस को कहा कि हम आग्रह करते हैं कि आप अगर कोई भी सीट पर दावा करते हैं तो पहले गठबंधन में जाइए। इस तरह की बात करना कि दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है, किसकी औकात है यह गलत है। यह तो अपनी गठबंधन को चुनौती देने की बात जैसा है जो पूरी तरह गलत है। ऐसी बात गठबंधन के भीतर ही सुलझ जाए तो ज्यादा अच्छा है। क्या बांग्ला फिर वापस आएगा? इसके जवाब में चिराग पासवान ने कहा कि अगर हम बंगले की लड़ाई लड़ते तो गठबंधन से अलग नहीं होते, हम उस वक्त ही नतमस्तक हो जाते और बंगला-मंत्रालय सब मिल जाता। उन्होंने कहा आप लोग जानिए कि मैं किस लक्ष्य पर चल रहा हूं।